खबरों के 41 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

सतना, गुरुवार 10 सितम्बर 2026 । वर्ष –41 । अंक –187 पृष्ठ –12 मूल्य – 3.00 रु.

■ नस्लीय नफरत का...
■ असलियत से ज्यादा... 04

■ जिस चीन पर पाकिस्तान को था भरोसा उसी...
■ सबसे ज्यादा सैलरी वाले प्रधानमंत्री कौन हैं... 09

■ पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से...
■ ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर के पार 11

■ भारतीय टीम ऑलम्पिक...
■ खिलाब की ओर ईस्ट... 10

सार संक्षेप

## तीस से अधिक बच्चों की मौत के बाद जागा प्रशासन

### हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** बालाघाट जिले में संक्रामक बीमारियों के कारण तीस से अधिक बच्चो की मौत को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। याचिकाकर्ता ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने के बाद हलफनामे के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस विवेक रूसिया तथा जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई 18 मार्च को निर्धारित की गयी है। गौरतलब है कि नरसिंहपुर निवासी अंशुल तिवारी की तरफ से समाचार पत्रों में प्रकशित खबरों के आधार पर बालाघाट में संक्रामक बीमारियों के कारण तीस से अधिक बच्चों की मौत के संबंध में जनहित याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि बच्चों को पर्याप्त उपचार नही मिल रहा है। 50 बिस्तरों की क्षमता वाले अस्पताल में करीब 400 बच्चों का इलाज किया जा रहा है। अधिवक्ता अभिषेक पांडे, अधिवक्ता अतुल शुक्ला ने सुनवाई के दौरान युगलपीठ को बताया कि कोर्ट के आदेश पर प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया था।

## पुणे में पेपर लीक विवाद के बीच छात्र ने की आत्महत्या

**पुणे।** पुणे में महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) परीक्षा की तैयारी कर रहे एक युवक ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि पेपर लीक की बार-बार हो रही घटनाओं और आर्थिक तंगी के कारण उसने यह कदम उठाया। मृतक की पहचान प्रथमेश देशमुख के तौर पर हुई है। पुलिस को शक है कि गंभीर आर्थिक परेशानियों, जिसमें 2.5 लाख रुपए का बकाया कर्ज भी शामिल है, के कारण उसने यह कठोर कदम उठाया।




**चूहा-सुनती हो**- रोक के बाद भी छात्र को नोटिस भेजने पर सीजेआई बोले- मजिस्ट्रेट की इतनी हिम्मत कैसे हुई ?

**चुहिया- हां प्रिये**- इन दिनों 'पालिका' चाहे जो हो, हिम्मत तो सत्ता बल से ही आती है।

मोदी कैबिनेट के अहम फैसले

# रेलवे के सात हाई-डेंसिटी कॉरिडोर होंगे फोर-ट्रैक

***नई दिल्ली, देशबन्धु।*** *केंद्र सरकार रेलवे के आधुनिकीकरण पर लगातार जोर दे रही है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक के बाद बताया कि- आज की बैठक में रेलवे आधुनिकीकरण से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर चर्चा हुई। ये परियोजनाएं पिछले 12 वर्षों से चल रहे रेलवे के व्यापक बदलाव और आधुनिकीकरण के काम का हिस्सा हैं। वैष्णव ने बताया कि-सात हाई-डेंसिटी रेलवे कॉरिडोर को फोर-ट्रैक करने की योजना है। इन कॉरिडोर पर ट्रैक क्षमता बढ़ाने का काम किया जाएगा, ताकि भविष्य में इन मार्गों पर बढ़ने वाले यातायात का दबाव संभाला जा सके। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे के हाई-डेंसिटी कॉरिडोर को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली-मुंबई, मुंबई-चेन्नई, चेन्नई-कोलकाता और कोलकाता-दिल्ली मार्ग मिलकर गोल्डन क्वाड्रिलेटरल बनाते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली-चेन्नई और मुंबई-कोलकाता इसके दो डायगोनल हैं।*

*इसके अलावा दिल्ली-गुवाहाटी कॉरिडोर भी इस योजना में शामिल है। इस तरह कुल सात हाई-डेंसिटी कॉरिडोर को चार-लेन किया जा रहा है। वैष्णव के मुताबिक, इन सभी परियोजनाओं पर चरणबद्ध तरीके से काम आगे बढ़ रहा है। फिलहाल करीब 4,000 किलोमीटर के हिस्से के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है।*

### 3-मल्टी ट्रैकिंग प्रोजेक्ट को भी मंजूरी

कैबिनेट समिति ने बुधवार को रेलवे मंत्रालय की तीन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को भी मंजूरी दे दी। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 10,783 करोड़ रुपये है। इनके पूरा होने के बाद रेलवे के नेटवर्क में करीब 656 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी।

**इन रेल मार्गों पर होगा काम**-मंजूर की गई परियोजनाओं में खड़गपुर-झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन और कटनी-पेंड्रा रोड सेक्शन में चौथी लाइन का निर्माण शामिल है। इसके अलावा बिलासपुर (उसलापुर)-पेंड्रा रोड सेक्शन में तीसरी लाइन बनाई जाएगी। सरकार के मुताबिक, अतिरिक्त रेल लाइन बनने से इन मार्गों की क्षमता बढ़ेगी। इससे ट्रेनों की आवाजाही बेहतर होने के साथ परिचालन दक्षता और सेवा की विश्वसनीयता में सुधार होगा। मल्टी-ट्रैकिंग से रेलवे परिचालन को सुचारु बनाने और भीड़भाड़ कम करने में भी मदद मिलेगी। सरकार ने बताया कि इन परियोजनाओं की योजना पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत बनाई गई है। इसका फोकस मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स क्षमता को बेहतर बनाने पर है। इसके लिए एकीकृत योजना और संबंधित पक्षों के साथ विचार-विमर्श को आधार बनाया गया है।



- ♦ कई रूटों पर बढ़ेगी क्षमता
- ♦ गोल्डन क्वाड्रिलेटरल और उसके दोनों डायगोनल पर बढ़ेगी क्षमता

### पांच राज्यों के 14 जिलों को मिलेगा फायदा ?

ये तीनों परियोजनाएं पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और छग के 14 जिलों से होकर गुजरेंगी। परियोजनाओं के जरिए भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में करीब 656 किलोमीटर की वृद्धि होगी। सरकार के अनुसार, इससे लगभग 4,790 गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री एवं रेलमंत्री का माना आभार

**भोपाल, देशबन्धु।** पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य के 14 जिलों को लाभान्वित करने वाली 3 मल्टी-ट्रैकिंग रेल परियोजनाओं की सौगात के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं रेल मंत्री श्री वैष्णव का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# दुबई में मध्यप्रदेश को 53 हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मिले

- ♦ दुबई के निवेशकों को भाया मध्यप्रदेश
- ♦ मध्यप्रदेश की निवेश क्षमता से रूबरू हुआ वैश्विक उद्योग जगत



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 6 से 8 सितंबर का दुबई दौरा मध्यप्रदेश की निवेश रणनीति को वैश्विक मंच पर नए विस्तार देने वाला रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशा निवेश के साथ तकनीक, बाजार, निर्यात और रोजगार को जोड़कर मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश एवं विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाना है।

एआईएम कांग्रेस-2026 में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को केवल निवेश के गंतव्य के रूप में नहीं, बल्कि वैश्विक कंपनियों और निवेशकों के लिए दीर्घकालिक साझेदार के रूप में प्रस्तुत किया। दुबई प्रवास के दौरान लगभग 53 हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए है। यूएई के शीर्ष मंत्रियों, तातारस्तान के नेतृत्व, विश्व बैंक और डीपी वर्ल्ड, क्रिसेंट एंटरप्राइज़, जेम्स एजुकेशन, शराफ ग्रुप, चोइथराम्स, राणा होल्डिंग्स, वीएफएस ग्लोबल और BEEAH जैसी कंपनियों के साथ हुई बैठकों में लॉजिस्टिक्स, फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, एआई एवं डिजिटल टेक्नोलॉजी, ग्रीन एनर्जी, ई-मोबिलिटी, फार्मा, शिक्षा, पर्यटन, स्वास्थ्य, आधुनिक विनिर्माण और वेस्ट-टू-एनर्जी जैसे क्षेत्रों में निवेश और तकनीकी साझेदारी की संभावनाएं खुलीं। दुबई ने मध्यप्रदेश में पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र का अध्ययन करने के लिए प्रतिनिधिमंडल भेजने, विमानन संपर्क बढ़ाने तथा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 में उच्चस्तरीय निवेशक दल के साथ भागीदारी की दिशा में सहमति जताई, वहीं विश्व बैंक ने एआई और डिजिटल गवर्नेंस परियोजनाओं में सहयोग में रुचि दिखाई। डीपी वर्ल्ड और शराफ ग्रुप के साथ मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स, BEEAH के साथ कचरा प्रबंधन एवं वेस्ट-टू-एनर्जी, GEMS के साथ एजुकेशन और कौशल विकास तथा चोइथराम्स के साथ रिटेल और फूड प्रोसेसिंग की संभावनाओं ने दौरे को ठोस कारोबारी अवसरों से जोड़ा।

### मुख्यमंत्री ने दुनिया के उद्योग जगत को दिया म.प्र. आने का न्योता

### हाईकोर्ट ने डुप्लीकेट फैकल्टी वाले कॉलेजों पर तय की जवाबदेही

## तीन लाख जुर्माना भरो, फिर परीक्षा में बैठेंगे नर्सिंग छात्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट जस्टिस आनंद पाठक तथा जस्टिस बीपी शर्मा की युगलपीठ ने प्रत्येक डुप्लीकेट फैक्टली पर नर्सिंग कॉलेज पर तीन-तीन लाख रूपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा प्रत्येक कॉलेज में पचास-पचास पेड़ लगाकर उनकी देखरेख के निर्देश कॉलेज प्रबंधन को दिये है। पौधारोपण की तस्वीरें निसर्ग ऐप पर अपलोड करनी होंगी। कॉलेज प्रबंधन को जुर्माने की राशि एक माह में जमा करनी होगा। तभी उक्त कॉलेजों को उपयुक्त माना जायेगा और छात्रों को परीक्षा में शामिल होने तथा रिजल्ट जारी करने की अनुमति मिलेगी।



### परिसर में पचास पेड लगाकर देखरेख के दिये निर्देश

लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के विशाल बघेल की तरफ से दायर याचिका में प्रदेश में मान्यता प्रक्रिया के विपरित नर्सिंग कॉलेज के संचालन को चुनौती देते हुए जनहित याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि नर्सिंग कॉलेजों के मान्यता देने में निर्धारित शर्तों का पालन नहीं किया गया है। कागजों में संचालित नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता प्रदान की गयी है। हाईकोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए प्रदेश में संचालित नर्सिंग कॉलेज की जांच के निर्देश सीबीआई को दिये थे।

युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए इन कॉलेजों के छात्रों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान करते हुए पूर्व में हुई परीक्षा के रिजल्ट जारी करने के निर्देश दिये है। यह राहत बीएससी, एमएससी और पोस्ट बेसिक बीएससी छात्रों को मिलेगी ।

सागर पहुंचे मुख्यमंत्री,जहरीली शराब से पीड़ितों के हाल जाने

# निर्देश- जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई की जाए

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि-सागर जिले के बंडा-शाहगढ़ क्षेत्र में अवैध शराब से लोगों की हुई मृत्यु के प्रकरण में कठोरतापूर्वक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाए। जिले में नशा मुक्ति अभियान भी चलाया जाए जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने मृतकों के प्रति अपनी शोक संवेदना भी व्यक्त की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब सामग्री को जब्त करने की कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज सागर के बुन्देलखंड मेडिकल चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार में जनप्रतिनिधियों, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य शासन अपराध और असामाजिक गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले के साथ-साथ आस-पास और सीमावर्ती क्षेत्रों में गहन जांच अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा जहाँ कहीं भी शंका या संदिग्ध गतिविधि की गुंजाइश हो, वहाँ तत्परता से पड़ताल की जाए और सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से नशामुक्ति अभियान जनसहयोग से चलाने कहा है।



- ♦ लोगों की मृत्यु पर व्यक्त किया शोक
- ♦ पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की हुई संयुक्त बैठक
- ♦ अधिकारियों, जनप्रतिनिधयों से जन-सहयोग से नशा मुक्ति अभियान चलाने कहा

### *अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो*

*मुख्यमंत्री ने शांति एवं सौहार्द बिगाड़ने की मंशा से सोशल मीडिया या अन्य विभिन्न माध्यमों पर अनावश्यक अफवाह फैलाने वाले तत्वों पर पैनी नजर रखने और उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।*

### छात्र को नोटिस पर भड़के सीजेआई

# बोले- मजिस्ट्रेट की इतनी हिम्मत कैसे हुई?

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गौतम बुद्ध नगर प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई। प्रशासन ने कानून की पढ़ाई कर रहे एक 20 साल के छात्र को 'सरकार-विरोधी प्रचार' फैलाने और दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए साथी छात्रों को उकसाने के आरोप में प्रिवेंटिव नोटिस (एहतियाती नोटिस) जारी किया था।

कोर्ट ने कहा कि प्रदर्शनों में शामिल होने वाले छात्रों की सुरक्षा के लिए स्पष्ट निर्देश होने के बावजूद कोई भी एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ऐसा आदेश जारी नहीं कर सकता था। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि- जब सीनियर वकील विश्वजीत भट्टाचार्य ने बेंच का ध्यान गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के छात्र अक्षत त्रिपाठी को 4 सितंबर को जारी किए गए नोटिस की ओर दिलाया, तो कोर्ट गौतम बुद्ध नगर ज़िले और



एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट से इस बारे में जवाब मांगेगा। सीजेआई ने कहा- कोई मजिस्ट्रेट नोटिस जारी करने की हिम्मत कैसे कर सकता है? हमने साफ़ कर दिया था कि किसी भी छात्र के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी! कोई भी मजिस्ट्रेट उस आदेश का उल्लंघन नहीं कर सकता। सीजेआई ने भट्टाचार्य की इस बात से सहमति जताई कि नोटिस जारी करना-भले ही उसे अगले दिन वापस ले लिया गया हो-प्रथम दृष्टया सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर के आदेश का उल्लंघन था। सीजेआई ने कहा, 'हमारे स्पष्ट और साफ़ आदेश को देखते हुए किसी युवा के ख़िलाफ़ कार्रवाई का सवाल ही नहीं उठता।

अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित



JAN JYOTI
SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

80 साल की बुजुर्ग बोलीं- शौर्य चक्र वापस ले लो

# बेटे की शहादत के 22 साल बाद भी नहीं दिया गया प्लॉट

**नई दिल्ली।** वतन के लिए जान फिदा करने वाले वीरों के परिवारों को अगर घोषणा के बाद भी समुचित राहत न दी जाए, या देने में बहुत देर कर दी जाए तो इससे ज्यादा शर्मनाक और क्या होगा? इन्हीं परिस्थितियों में लखनऊ की रहने वाली 80 वर्षीय की सावित्री सक्सेना ने एक ऐसा फैसला लिया है, जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि या तो उनके बलिदान हुए बेटे को लेकर किए गए वादों को पूरा किया जाए, या फिर मरणोपरांत मिला 'शौर्य चक्र' और अन्य सम्मान वापस ले लिए जाएं।

सावित्री सक्सेना के छोटे बेटे, असिस्टेंट कमांडेंट विवेक सक्सेना 8 जनवरी 2003 को मणिपुर में आतंकवादियों से मुकाबला करते हुए बलिदान हो गए थे। उनकी इस बहादुरी के लिए उन्हें देश के प्रतिष्ठित वीरता पुरस्कार 'शौर्य चक्र' और 'राष्ट्रपति पुलिस पदक' से सम्मानित किया गया था। विवेक सक्सेना के बलिदानी होने का बाद सरकार की तरफ से परिवार को जमीन और एक स्मारक बनवाने जैसी कई सहायता देने का वादा किया गया था। लेकिन 22 साल बीत जाने के बाद भी परिवार दफ्तरों के चक्कर काट-काटकर थक चुका है, और वादे सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गए हैं। ऐसे में परिवार का आरोप है कि उन्हें बार-बार यह साबित करने के लिए कहा गया कि वे उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं या नहीं। जबकि वे सालों से लखनऊ में ही रहे, यहीं पढ़ाई की, और शहीद बेटे की याद से जुड़ी चीजें भी यहीं एयरफोर्स स्टेशन पर मौजूद हैं।



**आर्थिक सम्मान मिलने में भी लग गए 21 साल-** इतना ही नहीं गौर करने वाली बात यह भी है कि शौर्य चक्र के साथ मिलने वाली मौद्रिक सहायता परिवार को साल 2024 में जाकर मिली। यानी बेटे की शहादत के पूरे 21 साल बाद। फाइलें अलग-अलग विभागों के चक्कर काटती रहीं और अधिकारी बार-बार वेरिफिकेशन के नाम पर लटकाते रहे। बलिदानी असिस्टेंट कमांडेंट विवेक सक्सेना की मां बतातीं हैं कि उनकी उम्र 80 वर्ष हो चुकी है। इस उम्र में सरकारी दफ्तरों के धक्के खाना उनके लिए शारीरिक और मानसिक रूप से बेहद कष्टदायक हो गया है। उनका कहना है कि अब उनमें और भागदौड़ करने की ताकत नहीं बची है।

### अधिकारी पूछ रहे अजीबोगरीब सवाल

हद तो तब हो गई जब अधिकारियों ने यह तक पूछ लिया कि शादी से पहले मां कहां रहती थीं। परिवार का सवाल है कि जिस पते पर सरकार ने सालों पहले खुद 75000 रुपये का चेक भेजा था, उसी पते पर आज उनकी नागरिकता पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं?

# बरगवां रेल हादसा, दो की मौत, एक गंभीर

**सिंगरौली।** पमरे के जबलपुर मंडल अंतर्गत सिंगरौली जिले के बरगवां थाना क्षेत्र के कसर इलाके में मंगलवार देर रात रेलवे ट्रैक पार करते समय तीन लोग ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान रैला थाना माड़ा निवासी जगनारायण साहू (45) और झकरकटिया निवासी जगदीश गुर्जर (60) के रूप में हुई है। हादसे में घायल बंधुलाल गुर्जर (31) का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**बेटी को भवडार छोड़ने जा रहे थे**-जानकारी के अनुसार, तीनों अपनी बेटी को भवडार छोड़ने जा रहे थे। कसर रेलवे ट्रैक पार करते समय वे ट्रेन की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्हें सामने से आ रही ट्रेन का अंदाजा नहीं लग पाया। जैसे ही उन्होंने ट्रैक पार करने की कोशिश की, वे हादसे का शिकार हो गए।

**घायल को अस्पताल पहुंचाया**-हादसे के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की गई। समाजसेवी राजू सिंह ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाने में मदद की, जहां उसका इलाज चल रहा है। बरगवां थाना प्रभारी अनिल पटेल ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए रखे गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

office 07652-245207 E-mail- distt. jailshahdol57@gmail.com

## कार्यालय अधीक्षक, जिला जेल शहडोल, (म.प्र.)

क्रमांक 1226/ निर्वाह/2026 शहडोल, दिनांक 17/08/2026

### प्रथम बार वार्षिक ई-निविदा सूचना आमंत्रण वर्ष 2026-27 (आमंत्रण)

जिला जेल शहडोल में पदस्थ अधिकारियों के उपयोग हेतु किराये के वाहन हेतु प्रथम बार वार्षिक निविदा वर्ष 2026-27 ई-निविदा बेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जा रही है, इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट से प्राप्त करें। निविदा की निर्धारित तिथियाँ निम्नानुसार हैः-

| क्र. | विवरण | दिनांक / समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बीड मीटिंग | दिनांक 26.08.2026 समय प्रातः 11.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल शहडोल ( म.प्र ) |
| 2. | ऑनलाईन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य 05.00 लाख तक की निविदा हेतु 500/- रू तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु 1000/- रूपये प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियां में जमा किया जावेगा। | दिनांक 16.09.2026 सांयकाल 5.30 बजे तक | https://www.mptenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 16.09.2026 सायं 05.00 बजे तक | https://www.mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकेगा। |
| 4. | तकनीकी निविदा ( आवश्यक दस्तावेज ) | दिनांक 17.09.2026 सायंकाल 05.00 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल शहडोल ( म.प्र ) |
| 5. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 18.09.2026 सायंकाल 05.00 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल शहडोल ( म.प्र ) |

निविदा फार्म एवं निविदा से सबंधित जानकारी वेबसाइड https://www.mptenders.gov.in पर भी प्राप्त की जा सकती है, निविदा फार्म दर्शित वेबासाइड पर आनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

स्वच्छता ही सेवा

G-18345/26

**जेल अधीक्षक**
**जिला जेल शहडोल (म.प्र.)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)

( मेन रोड, फुहारा चौक, गोटेगांव )
E-mail-cmogotegaon@mpurban.gov.in pin 487118 Phone-07794-282048
क्रमांक-522/न.पा./ 2026 गोटेगांव, दिनांक 09/09/2026

### नामांतरण इश्तहार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद गोटेगांव जिला नरसिंहपुर क्षेत्रातर्गत निम्नानुसार व्यक्तियों के द्वारा भवन/प्लॉट के नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं इस नामांतरण में यदि किसी भी पक्षकार को कोई आपति व एतराज हो तो वह स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से 20 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रमाणों सहित प्रस्तुत कर सकेगा। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | वार्ड | खसरा / मकान नं. | संपत्ति का विवरण | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 76 | श्री राहुल तिवारी आ. श्री देवेन्द्र तिवारी | श्रीमति अंजू सोनी w/o श्री संतोष कुमार सोनी, श्री अंकित सोनी / संतोष सोनी | देव मुरलीधर वार्ड | 280/1/1/1/1 /1/1/1/1/1/1/ /1/1/1/1/1/1//1 | 15×50=750 वर्गफुट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 2 | 77 | श्री कृष्ण कुमार नामदेव आ. श्री गणेश प्रसाद नामदेव | श्री बहीद खान आ. श्री शेख सलीम खान | बोस वार्ड | 111/8/1 | 3050 वर्गफुट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 3 | 78 | श्री गणेश प्रसाद आ. श्री भगवतसिंह लोधी | श्रीमती मधु विश्वकर्मा w/o श्री लीलाधर विश्वकर्मा | कॉमथ वार्ड | 262/20 | 1187 वर्गफुट भवन | रजिस्ट्री |
| 4 | 79 | श्री महेन्द्र कुमार अग्रवाल आ. श्री शिवकुमार अग्रवाल | श्रीमती सरिता शर्मा w/o श्री ओमप्रकाश शर्मा, श्रीमती निकिता शर्मा w/o श्री अखिलानंद पांडे | श्री देव मुरलीधर वार्ड | 283/26/2 | 10×50=5000 वर्गफुट भवन | रजिस्ट्री |
| 5 | 80 | श्री ब्रजभूषण नेमा आ. कन्छेदीलाल नेमा | श्री सुशील कुमार, संजय कुमार नेमा आ. ब्रजभूषण नेमा | शास्त्री वार्ड | आबादी क्षेत्र | 1007 वर्गफुट भवन | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र सहमति पत्र के आधार से |

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद गोटेगांव**

## कार्यालय नगरपालिका परिषद, सिवनी ( म.प्र.)

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमाक /4751/न.पा.प./2026 सिवनी, दिनाक 09/09/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु केंद्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण बेबसाईट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमाक जारी दिनांक | प्रस्तावित निर्माण कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र शुल्क EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD _534984 | वार्ड क्रमांक 06 कबीर वार्ड में प्रेमनगर में शिवनंदन सनोड़िया जी के मकान से श्री नारायण बिसेन जी के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 03 माह 836850 | 2000 8400 | 28/09/2026 |
| 2 | 2026_UAD _534985 | वार्ड क्रमांक 05 सी.व्ही. रमन वार्ड में श्री सूरज डेहरिया जी के मकान से वृद्धाआश्रम के पीछे तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 03 माह 528569 | 2000 5300 | 28/09/2026 |
| 3 | 2026_UAD _534986 | वार्ड क्रमांक 01 महामाया वार्ड में पी.जी कॉलेज की बाउड्रीवाल से लेकर सरजू बघेल के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 03 माह 837250 | 2000 8400 | 28/09/2026 |
| 4 | 2026_UAD _534987 | वार्ड कमांक 06 कबीर वार्ड मे महानंद बिसेन जी के मकान से श्री अनिल पाण्डेय जी के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 03 माह 566324 | 2000 5700 | 28/09/2026 |
| 5 | 2026_UAD _534988 | वार्ड कमांक 07 नंदू सोनकेसरिया जी के मकान से अभिषेक पराशर के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | 03 माह 721613 | 2000 7300 | 28/09/2026 |
| 6 | 2026_UAD _534989 | वार्ड कमांक 01 महामाया वार्ड में हर्ष नगर में मेन रोड से मुनीम जी के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 03 माह 828880 | 2000 8300 | 28/09/2026 |

**नोट**-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in/ बेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद सिवनी (म.प्र.)**

## अमेरिका की ओर से तेल टैंकरों पर हमले के बाद

# ईरान का पलटवार, होर्मुज में 20 जहाजों पर हमला

**तेहरान।** मिडिल-ईस्ट में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। बुधवार को अमेरिकी सेंट्रल कमांड की ओर से ईरान के पांच तेल टैंकरों को निशाना बनाए जाने के बाद तेहरान ने भी पलटवार किया है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना ने फारस की खाड़ी में 10 जहाजों, जिनमें दो अमेरिकी जहाज भी शामिल थे, और होर्मुज स्ट्रेट के पास 10 अन्य जहाजों पर हमला किया। इसके साथ ही ईरान ने जॉर्डन स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकाने को निशाना बनाकर कई मिसाइलें भी दागीं। जॉर्डन के मुताबिक, उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने दागी गई 20 मिसाइलों में से 18 को हवा में ही रोक दिया। इससे पहले सोमवार को ईरान के सरकारी मीडिया ने दावा किया था कि उसकी नई कासिम बशीर बैलिस्टिक मिसाइल देश की सैन्य नीति में बदलाव का संकेत है। ईरान ने चेतावनी दी है कि किसी भी खतरे के खिलाफ वह जवाबी कार्रवाई करेगा। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रमुख मोहसिन रेजाई ने दावा किया कि इस मिसाइल का परीक्षण एक अमेरिकी युद्धपोत के खिलाफ किया गया था। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि जिस हथियार का परीक्षण किया गया, वह वास्तव में कासिम बशीर मिसाइल ही थी या नहीं। ईरानी मीडिया ने कासिम बशीर मिसाइल को बड़ी सैन्य कामयाबी बताया है। इस मिसाइल को पिछले साल पेश किया गया था और इसकी मारक क्षमता कम से कम 1,200 किलोमीटर बताई गई है।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा बिजुरी बाजार एरिया वार्ड नं. 11 हल्का पटवारी बिजुरी, रा.नि.मं. बिजुरी, तहसील कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.) स्थित भूखंड/प्लॉट नं. 81, आकार 50×50 फीट, कुल क्षेत्रफल 2500 वर्गफुट है, जिसका विक्रय रूपेश कुमार अग्रवाल पिता स्व. दशरथ प्रसाद अग्रवाल आयु 49 वर्ष निवासी वार्ड 11 बिजुरी थाना बिजुरी द्वारा क्रेता रुद्र कुमार शुक्ला पिता स्व. जयगोविंद शुक्ला आयु 51 वर्ष निवासी वार्ड 11 बिजुरी थाना बिजुरी द्वारा इकरारनामा निष्पादित किया गया है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति, दावा अथवा हित हो तो वह उचित दस्तावेजों सहित निर्धारित समय में प्रस्तुत करे। अन्यथा किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**बिजुरी, जिला अनूपपुर**

## CHANGE OF NAME

I hitherto known as Sampa W/o Ishvar Dhakiya residing at Bhura Pani, Vtc-Khutaja Bada, Po-Badakhuntaja, Sub Dist- Bhavra, Dist-Alirajpur, Madhya Pradesh - 457882, have changed my name and shall hereafter be known as Champa Dhakiya.

कृति

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा बिजुरी बाजार एरिया वार्ड नं. 09, नगर पालिका परिषद बिजुरी, प.ह. बिजुरी, रा.नि.मं. बिजुरी, तहसील कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.) स्थित भूखंड/प्लॉट नं. 85, के अंश भाग आकार 30×100 फीट, कुल क्षेत्रफल 3000 वर्गफुट, जिस पर पक्का आवासीय मकान निर्मित है, का विक्रय पवन कुमार गोयनका उम्र 66 वर्ष पिता ब्रम्हदत्त गोयनका निवासी वार्ड 11 काली मंदिर के पास बिजुरी द्वारा क्रेता अजय कुमार शुक्ला आयु 48 वर्ष पिता जय गोविंद शुक्ला एवं कपिल देव शुक्लां आयु 44 वर्ष पिता जय गोविंद शुक्ला दोनो निवासी वार्ड नं.11 बिजुरी थाना बिजुरी द्वारा इकरारनामा दिनांक 08/07/2026 को निष्पादित किया गया है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति, दावा अथवा हित हो तो वह उचित दस्तावेजों सहित निर्धारित समय में प्रस्तुत करे। अन्यथा किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**बिजुरी, जिला अनूपपुर**

## कार्यालय बी पैक्स - बरही पंजीयन क्रमांक - 328

क्रमांक/सा.सम्मिलन /2026 दिनांक 07/09/2026

### वार्षिक साधारण सम्मिलन की सूचना

बी पैक्स बरही पंजीयन क्रमांक 328 की वार्षिक साधारण सम्मिलन प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 23.9.2026 दिन बुधवार को समिति कार्यालय बरही में समय 12:00 बजे से प्रशासक महोदय श्री रामचंद्र अहिरवार जी की अध्यक्षता में आयोजित होगी ।

जिसमें संस्था बी पैक्स बरही कार्यक्षेत्रांतर्गत समस्त ग्रामों के कृषक वंधुओं,की उपस्थिती प्रार्थनीय है।

कोरम के अभाव में बैठक स्थगित कर 0.30 घंटे ( 30 मिनट ) बाद पुनः 12.30 बजे से प्रारंभ कर दी जाएगी।

**समिति प्रवंधक**
**बी पैक्स -बरही**

## जबलपुर विद्युत प्रमंडल कर्मचारी सहकारी समिति मर्यादित जबलपुर

पंजी क्र. - 249/65

क्रमांक 65 दिनांक - 31.08.2026

### वार्षिक आम सभा की सूचना

समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि संस्था की वार्षिक आम सभा सोमवार 21.09.2026 को जे.के. सेलिब्रेशन शिवाजी ग्राउंड के सामने सदर, जबलपुर में दोपहर 12:00 बजे से आयोजित है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

विषय सूचि

1. विगत आमसभा की कार्यवाही की पुष्टि । 2. वित्तीय वर्ष 2025-26 की गतिविधि, प्रबंध समिति की बैठकों की जानकारी एवं पुष्टि पावत । 3. संस्था के सदस्यों की आवर्ती जमा राशि पर ब्याज संबंधी। 4. वर्ष 2025-26 के वित्तीय पत्रको का अवलोकन, अनमोदन व ऑडिट संबंधी। 5. वित्तीय वर्ष 2026-27 के कार्यक्रम एवं बजट संबंधी। 6. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से।

नोटः 1. कोरम के अभाव में बैठक आधा घंटा रूककर पुनः इसी स्थान पर होगी। 2. कृपया अपने आई.डी. के साथ पधारे। 3. लंच की व्यवस्था।

कृपया अपने क्षेत्र के सदस्यों को व्यक्तिगत रुप से सूचित करने की कृपा करें।

अध्यक्ष
जबलपुर विद्युत प्रमं.कर्म.बह. समिति मर्या. ( जे.व्ही.पी.के.एम.एम. )
र.नं. 1129 जबलपुर

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### Change of Name

I Swetabh Sharma, son of Shri Dinesh Kumar Sharma, residing at LIG 8, Puneet Nagar Adhartal Jabalpur, do hereby solemnly affirm and state as follows:
That I am the natural father of Ananya Sharma, studying in Class 10th A at Kendriya Vidyalaya, School Branch COD Jabalpur.
That in my daughter's school records, my name is mistakenly recorded as Shwetabh instead of Swetabh.
That Shwetabh and Swetabh refer to one and the same person, i.e., myself. That my correct legal name is Swetabh, as per my official identity documents Aadhaar No. 2648 1251 0206.
That I request the authorities of Kendriya Vidyalaya to rectify my name from Shwetabh to Swetabh in all school records
That the contents above are true to the best of my knowledge and belief.
Deponent (Swetabh)
R.No. 2136

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

### // द्वितीय निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID- 2026_UAD_532971_1 Pro- 553 Date- 09/09/2026 | संभाग क्रमांक 02 अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर मरम्मत, ग्रिल पेंटिंग व विभिन्न अन्य आवश्यक कार्य। | 02 माह 4.23 लाख | 2000 4237 | 18/09/2026 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**

In The Court Of II Civil Judge Class I Districts court, Katni
Presiding Officer:
श्रीमती मनीषा ( जैन ) तिवारी
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
**(MUC SUC/0000015/2026)**
रामभगत ढीमर ... आवेदक
**Vs**
रेखा बाई... अनावेदक
Process Id-/ 2026
पेशी दिनांक.:-22/09/2026
प्रो. क्रमांक- 299/26

प्रेषिती-(1) आम जनता पता- कटनी म.प्र.

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामभगत ढीमर पता ने मृतक परमसुख रैकवार एवं दीनदयाल ढीमर दोनों निवासी ग्राम गोदाना तहसील व थाना रीठी जिला कटनी म.प्र. भारतीय जीवन बीमा निगम परमसुख की पॉलिसी क्र. 34576372084 राशि 7000 रूपये एवं दीनदयाल की पॉलिसी क्र. 76001000135 राशि 2,00,000 रूपये राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 22 सितम्बर 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 22 सितम्बर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 31 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी - पेपर प्रकाशन
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(मनीषा (जैन) तिवारी)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**कटनी (म.प्र.)**

क्रय-विक्रय
न्यायालय तहसीलदार महोदय, तहसील अधारताल, जबलपुर
रा.प्र.क्रं. 1991/अ-6/26-27
जबलपुर, दिनांक 07.09.2026

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमति हीरा देवी यादव पति स्व. श्री त्रिभुवन सिंह यादव, निवासी 623/अ, त्रिभुवन छाया, स्नेह नगर, पंचमुखी मंदिर के पास, कमला नेहरू नगर वार्ड, अगासोद, जबलपुर म.प्र. के द्वारा ग्राम हिनौतिया, नं.बं. 754, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 72 का भाग, रकवा 1973 वर्गफुट भूमि जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख क्रमांक 5071, दिनांक 01/02/2013 के माध्यम से विक्रेतागण श्रीमति ममता नेमा पति स्व. श्री गोविन्द प्रसाद नेमा एवं सुमित नेमा पिता श्री गोविन्द प्रसाद नेमा, निवासी गुडविल अपार्टमेंट, नियर आनंद टॉकीज, जबलपुर से क्रय किया गया। विक्रेतागण के द्वारा उक्त भूमि जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 19.10.1966 के माध्यम से विक्रेता श्री कौपार्य गजानन प्रसाद पिता गंगाराम यादव जी व वहैसियत पिता तथा संरपच की हैसियत से एवं स्वयं गंगाराम पिता तुलाराम यादव, निवासी कांचघर, घमापुर, जबलपुर से क्रय किया गया। विक्रेता गजानन के पिता श्री गंगाराम यादव पिता तुलाराम यादव, निवासी जबलपुर के द्वारा जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 09/08/1960 के माध्यम से विक्रेता मूलचन्द पिता बाबूलाल सैनी, लाडलीबाई विधवा बाबूलाल सैनी, निवासी कछियाना, गढ़ाफाटक, जबलपुर से तथा मूलचन्द पिता बाबूलाल सैनी, वगैरह के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से मूल विक्रेता रहीमउल्ला शाह से क्रय किया गया। वर्तमान राजस्व अभिलेख में मौजा हिनौतिया के खसरा नं. 72/1/2, रकवा 0.9133 हे. के 860/913 भाग भूमि पर उक्त मूल विक्रेता रहीमउल्ला शाह के वारिसान कलीम उल्ला शाह पिता स्व. श्री रहीम उल्ला शाह, वगैरह, निवासी जबलपुर का नाम दर्ज है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 22/09/2026 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 07/09/2026
पेशी दिनांक - 22/09/2026

तहसीलदार
र.नं. 2133 अधारताल, जबलपुर

### आम सूचना

मैं श्रीमति कला सोनकर पति स्व. श्री ज्ञानचंद्र सोनकर उम्र लगभग 68 वर्ष स्थाई पता-802, बड़ी ओमती जबलपुर वर्तमान पता- मधुवन कॉलोनी तिलहरी जबलपुर मेरे स्वामित्व के 3 मकान, मकान नं. क्रमशः 802, 803, एवं 740 बड़ी ओमती पंडित बाल गंगाधर तिलक वार्ड जबलपुर में स्थित है। जिसमें से मकान नं. 740 किराये पर चलता है जिसका किराया मुझे प्राप्त होता है। तथा मेरे नाम से कलाश्री केबल नेटवर्क संचालित होता है। बड़ी ओमती के आसपास केबल कनेक्शन का किराया लेने की मैं अधिकारी हूं। मेरे द्वारा कुछ दिन पूर्व अपने पोते अनीश व ऋषि सोनकर को केबल का किराया वसूलने के लिए कह दिया था जो अनीश सोनकर ने केबल का किराया मुझे न देकर स्वयं के उपयोग मे खर्च कर लिया है इसलिए इस आम सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे केबल नेटवर्क का किराया एवं मकान का किराया संबंधित व्यक्ति अनीश सोनकर को न देवें। आज दिनांक से केबल नेटवर्क का किराया और मकान किराया वसूल करने के लिए मैं अपने पुत्र अनिल सोनकर एवं विकास उर्फ चिंटू सोनकर को अधिकृत कर रही हूं। मेरे पुत्रों को ही मकान किराया और केबल नेटवर्क किराया राशि को वसूल करने का अधिकार होगा अनाधिकृत व्यक्ति को किराया भुगतान करने पर संबंधित पक्षकार स्वयं उत्तरदायी होगा।

जबलपुर
दिनांक- 08.09.2024
श्रीमति कला सोनकर
र.नं. 2134 मो.नं. - 9479968932

## बीज माफियाओं के खिलाफ 'सीड एक्ट' लाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** देश के अन्नदाताओं को नकली और घटिया बीजों के नुकसान से हमेशा के लिए सुरक्षित करने की दिशा में मोदी सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समृद्ध और आत्मनिर्भर किसान के विजन को अमलीजामा पहनाते हुए केंद्र सरकार एक नया और सख्त 'सीड एक्ट' लाने की तैयारी में है। इस कानून को अंतिम रूप देने से पहले केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 10 सितंबर को देशभर के प्रमुख किसान संगठनों के शीर्ष नेताओं के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक करेंगे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सीड कानून के मसौदे पर सीधे किसानों के जमीनी अनुभव, सुझाव और पक्ष को शामिल करना है ताकि बीज माफियाओं के खिलाफ एक अचूक और प्रभावी व्यवस्था खड़ी की जा सके। प्रस्तावित नए 'सीड एक्ट' के तहत नकली, मिलावटी या घटिया बीज बेचने वाली कंपनियों और कारोबारियों के खिलाफ भारी जुर्माने और जेल की सजा जैसे बेहद सख्त कानूनी प्रावधान किए जा रहे हैं। कई बार खराब बीज के कारण किसान की महीनों की गाढ़ी कमाई और खून-पसीने की मेहनत बर्बाद हो जाती है। केंद्र सरकार का स्पष्ट रुख है कि कानून ऐसा बने जो बीज की गुणवत्ता और पारदर्शी ट्रेसिंग सिस्टम की शत-प्रतिशत गारंटी दे, साथ ही किसानों के पारंपरिक बीजों के अधिकारों की भी रक्षा करे। 10 सितंबर को आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय विमर्श में कश्मीर से कन्याकुमारी तक के किसान प्रतिनिधि एक मंच पर उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में भारतीय किसान संघ, बीकेयू (विभिन्न घटक), अखिल भारतीय किसान समन्वय समिति, किसान महापंचायत, भारतीय कृषक समाज, गांव किसान उन्नयन और सोसाइटी फॉर इंडिपेंडेंट फार्मर्स एसोसिएशन का शीर्ष नेतृत्व शामिल होगा। इसके साथ ही कर्नाटक रैयत संघ, तेलंगाना रैयत संघ, महाराष्ट्र का शेतकारी संगठन, गुजरात का खेदुत समाज, राजस्थान व बिहार की राष्ट्रीय किसान प्रोग्रेसिव एसोसिएशन, तमिलनाडु का व्यवसाइगल संघम, झारखंड का प्रगतिशील कृषि मंच तथा केरल के कोट्टायम का कृषक संगठन सहित कई राज्यों के जमीनी किसान प्रतिनिधि भी सीधे कृषि मंत्री के समक्ष अपनी बात रखेंगे।

## न्याय सत्याग्रह के चौथे दिन कांग्रेस ने निकाला मौन जुलूस



**स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग**

**रीवा, देशबन्धु।** कमिश्नरी के समक्ष आदिवासी कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित न्याय सत्याग्रह के चौथे दिन आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन शांतिपूर्ण है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने के बजाय इसे और अव्यवस्थित कर रही है तथा चिकित्सकों पर शासन-प्रशासन का नियंत्रण नहीं है। डॉ. भूरिया ने रीवा के संजय गांधी अस्पताल में प्रसूता और उसके नवजात शिशु की मृत्यु का मामला उठाते हुए स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल पर जिम्मेदारी से बचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है, लेकिन व्यवस्था सुधारने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

सत्याग्रह के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने शहर में मौन जुलूस निकालकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी तथा प्रशासन को सद्बुद्धि देने के लिए प्रार्थना की।

सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने कहा कि आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार और जवाबदेही तय करने के लिए है। उन्होंने चेतावनी दी कि स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे तक आंदोलन जारी रहेगा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजी. राजेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी 10 सितंबर को सुबह 11 बजे न्याय सत्याग्रह को संबोधित करेंगे। इस दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल, महापौर अजय मिश्रा बाबा, अर्चना पोर्ते, विद्यावती पटेल, कविता पाण्डेय, नीलम मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टोल फ्री श्रमिक हेल्पलाइन नम्बर जारी

**रीवा।** शासन द्वारा बिना पंजीयन के संचालित कारखाने और व्यावसायिक संस्थानों की जानकारी देने के लिए टोल फ्री श्रमिक हेल्पलाइन नम्बर 18002338888 जारी किया गया है। इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी श्रीमती संध्या सिंह ने बताया कि कोई भी जागरूक व्यक्ति श्रम प्रहरी के रूप में टोल फ्री नम्बर पर फोन करके अपंजीकृत कारखाने अथवा अन्य व्यावसायिक संस्थान के संबंध में जानकारी दे सकता है। श्रमिकों के हितों की रक्षा करना हम सबका सामाजिक दायित्व है।

### कांग्रेस विधायक के बयान के खिलाफ वाल्मीकि समाज ने भरी हुंकार

## आईजी कार्यालय तक निकाला पैदल मार्च



**रीवा, देशबन्धु।** कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा द्वारा मुर्दाघर में मृतक महिलाओं के साथ दुष्कर्म किए जाने संबंधी कथित बयान को लेकर वाल्मीकि समाज में आक्रोश देखने को मिला। समाज के लोगों ने रीवा नगर के विवेकानंद स्टैच्यू से पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला और आईजी को ज्ञापन सौंपकर विधायक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

वरिष्ठ सामाजिक नेता कृष्णप्रिय मैत्रेय ने कहा कि विधायक द्वारा सार्वजनिक रूप से दिया गया कथित बयान वाल्मीकि समाज की भावनाओं, सामाजिक सम्मान और गरिमा को आहत करने वाला है। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज के लोग लंबे समय से सफाई व्यवस्था तथा शवगृह एवं मृतक देह की व्यवस्था और सुरक्षा जैसे संवेदनशील दायित्वों से जुड़े रहे हैं। ऐसे में इस प्रकार की टिप्पणी से समाज के मेहनतकश लोगों की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है। वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष सोनू वाल्मीकि ने पुलिस महानिरीक्षक से मामले में शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में अरविंद सिगोटे, बुद्धप्रिया क्रोशिया, अशोक कटारिया, अरविंद विजय, रोशन सिगोटे, अरविंद कोरिया, गया प्रकाश, राजेश सिगोट, संतोष बंसल, सरोज बंसल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### सार-समाचार

## डा. नम्रता द्विवेदी को मिला पेटेंट



**रीवा, देशबन्धु।** रीवा के कृषि महाविद्यालय में गेस्ट फैकल्टी, डॉ. नम्रता द्विवेदी को 'प्लांट गैस रिलीज़ मॉनिटरिंग डिवाइस' (पौधों से निकलने वाली गैस की निगरानी करने वाला उपकरण) के लिए पेटेंट मिलना खुशी की बात है। यह उपलब्धि रिसर्च, इनो वेशन और एग्रीकल्चरल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उनकी सच्ची कोशिशों और योगदान को दर्शाती है। अधिष्ठाता डा. एसके त्रिपाठी ने इस उपलब्धि की सराहना करते हैं और उनके आगे के एकेडमिक और प्रोफेशनल विकास के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ विभागाध्यक्ष डा. बीएम मौर्य, डा. एके पांडेय, डा. आरके तिवारी, डा. आरपी जोशी, डा. वीके सिंह, डा. एसएम कुर्मवंशी, डा. राजेश सिंह, डा. बीके तिवारी, एके पटेल, डा. केसी सिंह ने हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

## नेशनल लोक अदालत में संपत्ति कर और बकाया जलकर पर छूट

**रीवा, देशबन्धु।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 सितम्बर शनिवार को किया जा रहा है, जिसमें वर्ष 2025-26 तक के संपत्तिकर और जलकर बकाया भुगतान के अधिभार में 25 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक विशेष छूट दी जाएगी। लोक अदालत का आयोजन नगर निगम कार्यालय के साथ साथ चारो जोन कार्यालयों में भी सुबह 10 बजे से 6 बजे तक किया जावेगा। सम्पत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों को नोटिस देकर राशि जमा करने की सूचना दी गई है। जो बकायादार लोक अदालत के माध्यम से सम्पत्तिकर व अन्य करों का भुगतान नही करेंगे उनके विरूद्ध नगर निगम द्वारा तालाबंदी एवं कुर्की की कार्यवाही प्रारंभ की जा सकती है। साथ ही वर्तमान में स्वयं के निवास का संपत्तिकर जमा करने पर वर्तमान वित्तीय वर्ष में 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है, जिसे लोक अदालत के माध्यम से आमजनता नगर निगम के बकाया करों का भुगतान सरलता से कर सकती है। निगम आयुक्त अक्षत जैन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने बकाया करों का निपटान करें, जिससे अधिभार के साथ वैधानिक कार्रवाई से भी बचा जा सके। लोक अदालत नगर पालिक निगम कार्यालय टाऊन हाल पर आयोजित होगी, जहां करदाता अधिभार में छूट का फायदा उठा सकते हैं।

## आशीषाचार्य जी और डा. सोनी की मुलाखात



**रीवा, देशबन्धु।** सुप्रसिद्ध भागवताचार्य आशीषाचार्य जी महराज ने मंगलवार को डा.राकेश सोनी से मिलकर भोपाल के निज निवास में मुलाखात की इस दौरान उन्होने रीवा के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में आने को लेकर चर्चा की।

## लापरवाह सीएचओ और एएनएम का रूकेगा वेतन

**रीवा, देशबन्धु।** स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर करने के लिए लगातार समीक्षा की जा रही है। अनमोल पोर्टल पर दर्ज जानकारी के अनुसार 31 अगस्त तक जिले में गर्भवती महिलाओं की दर्ज संख्या 12272 है। इनमें से 9718 महिलाओं का प्रसव सरकारी अस्पतालों में तथा 1544 महिलाओं का प्रसव निजी अस्पतालों में हुआ। इनका प्रतिशत 91 है। इनमें से 873 महिलाओं का प्रसव जिले से बाहर हुआ तथा 137 का प्रसव घर पर ही हुआ। इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधाकर पाण्डेय ने बताया है कि गर्भवती महिलाओं के पंजीयन तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं में 60 प्रतिशत से कम उपलब्धि वाली सभी एएनएम तथा सीएचओ के वेतन आहरण पर रोक लगाई जा रही है। पोर्टल में निर्धारित बिन्दुओं पर 60 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि होने पर ही वेतन दिया जाएगा। सभी सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकर्ता हर गर्भवती महिला का समय पर पंजीयन और नियमित जाँच कराएं। इसमें लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जाँच और उपचार में लापरवाही पर होगी कार्रवाई



**कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को दिए निर्देश**

**रीवा, देशबन्धु।** रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि कलेक्टर्स अविवादित नामांतरण, बंटवारा तथा सीमांकन के प्रकरणों पर विशेष ध्यान दें। राजस्व न्यायालयों में लंबित पाँच साल से अधिक के सभी प्रकरणों का निराकरण कराएं। संभाग के सभी जिलों में अब बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है। पीठासीन अधिकारी नियमित रूप से प्रकरणों की सुनवाई करें।

राजस्व प्रकरणों में समय सीमा पर पटवारियों के प्रतिवेदन दर्ज कराएं। समय सीमा में प्रतिवेदन न देने वाले पटवारियों पर कड़ी कार्रवाई करें। आरसीएमएस पोर्टल के माध्यम से इश्तेहार जारी कराने तथा अन्य कार्यवाही सुनिश्चित करें। फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति संतोषजनक नहीं है। हर गांव में शिविर लगाकर शेष बचे किसानों की फार्मर आईडी कराएं। कमिश्नर ने कहा कि बाढ़ से जन-धन हानि का सर्वे पूरा हो गया है। प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को राहत राशि का तत्काल वितरण कराएं।

कलेक्टर टीएल बैठक में भू-अर्जन प्रकरणों की नियमित रूप से समीक्षा करें। भू-अर्जन के प्रकरणों में देरी होने से विकास कार्यों में देरी होती है। भू-अर्जन की प्रक्रिया समय पर पूरी न करके विकास कार्यों में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई करें। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि स्वीकृत सभी आवासों का निर्माण 31 अगस्त तक पूरा कराएं। आवास की अंतिम किस्त प्राप्त करने के बाद भी निर्माण पूरा न कराने वाले हितग्राहियों के विरूद्ध वसूली की कार्यवाही करें।

वॉश ऑन व्हील कार्यक्रम से प्रत्येक स्कूल को जोड़ें। इसके माध्यम से स्कूल के शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराएं। महिला स्वसहायता समूहों के द्वारा उत्पादित वस्तुओं को मार्केट लिंकेज का लाभ लेकर विपणन कराएं।वीडियो कान्फ्रेंसिंग से सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा अन्य अधिकारी शामिल हुए। कमिश्नर कार्यालय सभागार से संयुक्त आयुक्त वीरेन्द्र पटेल, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार, उपायुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा संभागीय अधिकारी शामिल हुए। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सृष्टि देशमुख, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## श्री मनकामेश्वर मंदिर बनेगा धार्मिक उत्सवों का नया केन्द्र

### हिन्दू धर्म परिषद का नवदुर्गा गरबा महोत्सव 16 अक्टूबर से



**रीवा, देशबन्धु।** लोकप्रिय धर्म प्रणेता उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला की पहल पर श्री मनकामेश्वर मंदिर में जीर्णोधार समिति के अध्यक्ष कमलेश सचदेवा के प्रस्ताव का समर्थन करते हुये नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी द्वारा नव निर्मित विशाल प्रांगण में नवदुर्गा महापर्व के शुभअवसर पर पहली बार सार्वजनिक गरबा महोत्सव 16 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक कराने की घोषणा की गई है।

ज्ञातव्य है 28 वर्ष से डिगवानी सार्वजनिक गरबा कार्यक्रम कराके कलाकारों को खुलामंच देते आ रहे है। इस वर्ष पदमधर पाक्र को सोनी समाज द्वारा गरबा कार्यक्रम के लिये आवंटित कराया गया है जहॉं मात्र आमंत्रण पत्रो के द्वारा प्रवेश सीमित रहेगा। नगर की आम श्रद्धालु जनता के लिये कोठी कम्पाउंड मंदिर प्रांगण में गरबा आयोजन की घोषणा का सभी ने स्वागत किया है। इसी के साथ श्री मनकामेश्वर नाथ मंदिर में धार्मिक उत्सवों का नया केन्द्र बनने की अच्छी शुरूआत होगी।

## अपर कलेक्टर ने किया अस्पताल का निरीक्षण



**रीवा, देशबन्धु।** शासकीय संजय गांधी अस्पताल विन्ध्य क्षेत्र का सबसे बड़ा अस्पताल है। इसकी उपचार व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अस्पताल की व्यवस्थाओं की मानीटरिंग के लिए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने राजस्व अधिकारियों की तैनाती की है।

उनके द्वारा अस्पताल का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सुबह 10.30 बजे अस्पताल का निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधीक्षक डॉ. प्रियंक शर्मा से ड्यूटी चार्ट के अनुसार डॉक्टरों की उपस्थिति, साफ-सफाई व्यवस्था तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ केवल एक सहायक की अनुमति के संबंध में दिए गए निर्देश के परिपालन की जानकारी ली। अधीक्षक ने बताया कि सभी वार्डों में तैनात सुरक्षाकर्मी केवल एक व्यक्ति को ही वार्ड में प्रवेश दे रहे हैं। कलेक्टर महोदय के निर्देशों के अनुसार वार्डों में सफाई के लिए अतिरिक्त सफाईकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। निरीक्षण के समय अन्य डॉक्टर्स भी उपस्थित रहे।

## एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग के डॉक्टरों-विद्यार्थियों पर कथित बयान को लेकर भाजपा नेताओं का विरोध

**जीवनलाल साकेत, रामजी प्रजापति और सी.एल. रावत ने कांग्रेस पर लगाया वर्ग विशेष के अपमान का आरोप**

**रीवा, देशबन्धु।** भाजपा जिला महामंत्री जीवनलाल साकेत, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष रामजी प्रजापति तथा जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष सी.एल. रावत ने कांग्रेस की पूर्व लोकसभा प्रत्याशी नीलम मिश्रा द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के डॉक्टरों और विद्यार्थियों को लेकर दिए गए कथित बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि इस प्रकार की टिप्पणी से कांग्रेस का वंचित वर्गों के प्रति रवैया उजागर होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लंबे समय तक इन वर्गों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया और उनके वास्तविक विकास की पर्याप्त चिंता नहीं की।

भाजपा नेताओं ने कहा कि कथित बयान निंदनीय और अपमानजनक है। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से सवाल किया कि क्या पार्टी अपने नेताओं को अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के युवाओं के संबंध में इस प्रकार की टिप्पणी करने की छूट देती है। यदि ऐसा नहीं है तो पार्टी नेतृत्व को इस मामले में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

## रीवा में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध संरक्षण दिवस

### वन विभाग, संरक्षण संगठनों और हितधारकों ने गिद्ध संरक्षण के लिए तैयार किया रोडमैप



**रीवा, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध संरक्षण दिवस के अवसर पर गत दिवस जयंती कुंज वन कार्यालय में विशेष बैठक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में डीएफओ लोकेश निरापूरे की उपस्थिति में रीवा जिले में गिद्ध संरक्षण के लिए भविष्य की कार्ययोजना और रोडमैप तैयार करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, गिद्ध संरक्षण के लिए कार्य कर रहे स्थानीय संगठनों, समुदाय के प्रतिनिधियों तथा अन्य हितधारकों ने सहभागिता की। बैठक में गिद्धों के घोंसलों एवं प्रजनन स्थलों की सुरक्षा, नियमित मॉनिटरिंग, आवासीय क्षेत्र के संरक्षण, आवास क्षति को रोकने, सुरक्षित भोजन एवं मृत पशुओं के शवों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा गिद्धों के लिए हानिकारक दवाओं के उपयोग एवं नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

समग्र जन चेतना विकास परिषद के प्रतिनिधि सुमित सिंह ने बताया कि संस्था पिछले तीन वर्षों से रीवा क्षेत्र में गिद्ध संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रही है। भारत के वन्यजीव ट्रस्ट के सहयोग से संस्था द्वारा गिद्धों के घोंसलों की पहचान एवं निगरानी, प्रजनन गतिविधियों का अध्ययन, आवास संरक्षण, समुदाय एवं हितधारकों के बीच जागरूकता, सुरक्षित भोजन की उपलब्धता तथा गिद्धों के लिए हानिकारक पशु चिकित्सा दवाओं के प्रति जागरूकता जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन को किया गया रवाना

**रीवा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशनुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय रीवा के द्वारा आगामी 12 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया गया। प्रचार वाहन के द्वारा रीवा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लोक अदालत के आयोजन के संबंध में प्रचार प्रसार किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्रीमती शिवानी शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्रा, जिला रजिस्टार पन्ना नागेश, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा, लीगलएड डिफेन्स काउंसिल के सुरेन्द्र सिंह, आनंद पाण्डेय, मंजूर अहमद, श्रीमती आरती तिवारी एवं पैरालीगल वांलेटियर्स आदि उपस्थित रहे।

## युवा के लिए रोजगार मेला कन्या महाविद्यालय में 16 सितंबर को



**रीवा देशबन्धु।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रीवा में 16 सितंबर को वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में रीवा जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में 20 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में आने वाले युवाओं के पंजीयन सुबह 10 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। मेले में शामिल होने वाले युवाओं के लिए आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए युवाओं की आयु 18 से 38 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कक्षा 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, एमबीए, समस्त ट्रेडों से आईटीआई उत्तीर्ण तथा मेकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त युवा रोजगार मेले में शामिल हो सकते हैं। वेतन एवं भत्ते 12 हजार रुपए से 25 हजार रुपए कंपनीवाइज अलग-अलग निर्धारित किया गया है। रोजगार मेले में आने वाले युवाओं को अपने साथ समग्र आईडी, मूल अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लाना अनिवार्य होगा।

## भूमि आवंटन के संबंध में आपत्ति 17 सितम्बर तक

**रीवा देशबन्धु।** नायब तहसीलदार हुजूर नगर यतशी शुक्ला ने बताया है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा शासकीय भूमि आवंटन का आवेदन कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। इसके लिए कलेक्टर न्यायालय में ग्राम बोदा की शासकीय भूमि नम्बर 1225/1 रकबा 0.02 हेक्टेयर एवं भूमि क्रमांक 1228/1 रकबा 0.125 हेक्टेयर के आवंटन के लिए आवेदन किया गया है। इस भूमि के आवंटन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह 17 सितम्बर तक नायब तहसीलदार हुजूर नगर कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकता है। आपत्ति के निराकरण के बाद भूमि आवंटन की कार्यवाही की जाएगी।


**नाम व जन्मतिथि सुधार सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै श्यामानंद सोनी पिता श्री शिवपूरन सोनी, ग्राम काटन, पोस्ट मदरी, तह. सिरमौर जिला रीवा म.प्र का निवासी हूं। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रूटिवश उसका घरेलू नाम अंशू सोनी व जन्मतिथि 2011 दर्ज हो गया है जबकि उसका सही नाम अंशिता सोनी व जन्मतिथि 30.06.2010 है जो उसके जन्म प्रमाण पत्र व दसवीं की अंकसूची में होने से प्रमाणित है अंशू सोनी व अंशिता सोनी दोनों एक ही व्यक्ति है राजपत्र में प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री को अंशिता सोनी के नाम से जाना, पहचाना जाकर समस्त शासकीय व अशासकीय एवं आधार कार्ड में दर्ज किया जाकर मान्य किया जाये।

गलत नामः अंशू सोनी

सही नामः अंशिता सोनी

आवेदक

श्यामानंद सोनी


## शिक्षा के साथ रोजगार कौशल जरूरी, 15 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



**रीवा, देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रीवा में बुधवार को 15 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण 9 सितंबर से 24 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रोजगार के लिए आवश्यक विभिन्न कौशलों की जानकारी दी गई। डॉ. मनीष शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुए Communication Skills, Body Language, Posture, CV, Resume, Profile Ïíæ Interview Skills जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा विभाग रीवा एवं शहडोल संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. महेंद्र मणि द्विवेदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में रोजगार के लिए केवल शैक्षणिक योग्यता पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में आवश्यक कौशल का विकास भी जरूरी है। कार्यक्रम में रोजगार कार्यालय से सुश्री रश्मि पटेल एवं अमित सिंह भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ. आर.पी. गुप्ता ने प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. अमरजीत ने बताया कि यह कार्यक्रम एमपी हायर एजुकेशन के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ रोजगार प्रशिक्षण देना आवश्यक है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मेजर विभा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी प्रभारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। प्रशिक्षण का संचालन डॉ. सुनीता गौतम एवं डॉ. सांजल पटेल द्वारा किया जा रहा है। आभार प्रदर्शन विपिन विश्वकर्मा ने किया। समापन नशामुक्ति की शपथ एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

सतना, गुरुवार, 10 सितम्बर 2026
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## नस्लीय नफरत का शिकार समाज

भारत जैसे उदार समझे जाने वाले देश में नफरत को इस कदर बढ़ावा दिया जा चुका है कि आम जनता के बीच से ही कुछ लोग हत्या जैसे जघन्य अपराध को करने में नहीं झिझक रहे हैं। राजधानी दिल्ली में बीते दिन मणिपुर के चर्चित गिटारिस्ट और संगीत शिक्षक चोंगथाम विक्रम सिंह की पीट-पीटकर हत्या करने का मामला इसका ताजा उदाहरण है। चोंगथाम विक्रम सिंह का कसूर केवल इतना था कि उन्होंने अपने घर के पास शोर मचा रहे कुछ लोगों को टोका। हो सकता है टोकने का यह मामला हत्या तक नहीं पहुंचता, लेकिन चोंगथाम विक्रम सिंह का पूर्वोत्तर से होना क्या इस हत्या का एक अहम कारक बना है, इस सवाल पर गंभीरता से सोचना होगा। राज्य और केंद्र की सत्ता पर बैठी भाजपा सरकार ने तो इसमें नस्लीय नफरत के नजरिए तो फौरन खारिज कर दिया है। संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू, जो खुद पूर्वोत्तर से आते हैं, का कहना है कि इस मामले में राजनीति नहीं करनी चाहिए, चोंगथाम विक्रम सिंह पूर्वोत्तर से हैं, ऐसा न देखकर ये देखना चाहिए कि वे भारतीय थे।

ऐसी बात सुनने में तो बहुत आदर्शवादी लगती है और कायदे से होना भी यही चाहिए, लेकिन किरण रिजिजू को ईमानदारी से बताना चाहिए कि क्या मोदी सरकार में ऐसा ही होता है। क्योंकि दिल्ली समेत देश के कई राज्यों में पूर्वोत्तर के लोगों को लगातार नस्लीय हिंसा या उत्पीड़न का शिकार होना पड़ता है। उत्तराखंड में ही पिछले साल 9 दिसंबर को त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा को चाइनीज़ और मोमो जैसे अपमानजनक शब्द कहते हुए पीट-पीट कर मार दिया गया था। इसलिए विक्रम सिंह मामले में यह पड़ताल भी करनी ही चाहिए कि इसके पीछे नस्लीय हिंसा थी या नहीं।

मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने कहा कि दिल्ली में मणिपुर के संगीतकार चोंगथम विक्रम सिंह की दुखद मौत के लिए जिम्मेदार हमले की घटना से हम लोग बहुत परेशान हैं। इस घटना ने राजधानी में उत्तर-पूर्वी लोगों द्वारा झेली गई क्रूरता के दर्दनाक घावों को एक बार फिर से हरा कर दिया है। इसी तरह मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस मामले में दिल्ली पुलिस से गहन जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी समेत सामने आ रहे सबूतों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ तेजी से उचित कार्रवाई होनी चाहिए और पीड़ित को जल्द न्याय मिलना चाहिए। क्या भाजपा इन लोगों के बयानों को भी राजनीति बताएगी, क्योंकि ये तो एनडीए नेताओं के ही बयान हैं।

वैसे ऐसी हरेक घटना पर राहुल गांधी की बात ही याद आती है कि नफरत का केरोसिन छिड़का जा चुका है और चिंगारी लगाने की देर है। कुछ वक्त पहले तक शायद इस चिंगारी को सुलगाने वाले लोगों को कानून का कुछ डर तो रहता ही होगा, लेकिन अब ये बेखौफ आग लगा रहे हैं, क्योंकि ऐसे आपराधिक तत्व कहीं न कहीं आश्वस्त हैं कि सत्ता में बैठे लोग उन्हें बचा ही लेंगे। दिल्ली में एक दलित को पीटने वाले स्वतंत्र भारद्वाज ने यही कहा था कि उसे पुलिस नहीं पकड़ेगी, क्योंकि मोदीजी उसके बड़े भाई हैं। देश में अब हर गली-कूचे में स्वतंत्र भारद्वाज जैसे लोगों का बढ़ जाना समाज के लिए काफी चिंताजनक है। क्योंकि अब बात केवल हिंदू-मुसलमान, दलित-स्वर्ण तक सीमित नहीं रही, समूचे समाज को यह नफरत लील रही है।

गौरतलब है कि 54 वर्षीय चोंगथाम विक्रम सिंह पिछले 17 वर्षों से दिल्ली में संगीत सिखाने का काम कर रहे थे। उन्हें मणिपुर के संगीत जगत में एक चर्चित गिटारिस्ट और पश्चिमी संगीत के प्रमुख कलाकारों में गिना जाता था। रविवार रात करीब 11:30 बजे उन के घर के पास कुछ लोग शोर-शराबा कर रहे थे। इनमें आसपास के ढाबों में काम करने वाले डिलीवरी और पैकेजिंग कर्मचारी भी शामिल थे। चोंगथाम विक्रम सिंह ने उन लोगों से शोर मचाने से मना किया। इसके बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि सिंह अपने घर की ओर भागे, लेकिन हमलावरों ने उनका पीछा किया और इमारत की तीसरी मंजिल तक पहुंचकर उनके साथ उनको बेरहमी से पीटा। उनकी पत्नी और बेटे ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन सोमवार सुबह उनकी मौत हो गई। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में तो लिया है, लेकिन इसके बावजूद उनके परिवार समेत पूर्वोत्तर के लोगों को नाइंसाफी की आशंका है। यही सवाल उठ रहे हैं कि क्या गिरफ्तारी के साथ-साथ पूर्वोत्तर के नागरिकों की सुरक्षा और नस्ली भेदभाव से जुड़ी व्यापक समस्या पर भी सरकार ठोस कार्रवाई करेगी? क्योंकि अब तक ऐसी कोई मिसाल मोदी सरकार ने नहीं दी है।

नरेन्द्र मोदी को अपने प्रचार कार्यक्रमों में व्यस्त हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एक पिता की अपने ही घर के बाहर, देश की राजधानी में हत्या कर दी गई। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी कई घटनाओं के बाद दिल्ली में रहने वाला पूर्वोत्तर का हर परिवार आज खुद से पूछ रहा है- 'क्या हम यहां सुरक्षित हैं?' राहुल गांधी ने कहा कि अमित शाह का गृह मंत्रालय और दिल्ली पुलिस इस बढ़ती अराजकता को रोकने के लिए क्या कर रहे हैं, खासकर पूर्वोत्तर के लोगों के खिलाफ? तत्काल जांच होनी चाहिए और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

राहुल गांधी तो अपनी जवाबदेही निभा रहे हैं, सरकार कब काम करना शुरु करेगी इसका इंतजार है।

# सिमोन द बुवा के देश में नारी उत्पीड़न

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

20वीं सदी के फ्रांस में वैश्विक नारीवाद की अहम किरदार थीं- सिमोन द बुवा। नारी सशक्तीकरण पर उनके मौलिक और क्रांतिकारी विचारों पर दुनिया में आज भी मंथन होता है। सिमोन द बुवा की सुप्रसिद्ध किताब है 'द सेकंड सेक्स'। इस किताब में सिमोन कहती हैं कि औरत पैदा नहीं होती है, बल्कि समाज औरत को गढ़ता है। वह बार-बार इस पर ज़ोर देती हैं कि हमारा धर्म, हमारी संस्कृति, हमारा समाज, लड़कियों को मजबूर करता है 'स्त्री' बनने के लिए। सिमोन का कहना है कि इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि हमारे धर्म में औरतों की भी पूजा होती है। धर्म तो वास्तव में आदमियों के द्वारा बनाया हुआ एक तरीका है औरतों पर शासन करने का।

फ्रांस ने दुनिया को केवल सिमोन द बुवा जैसी अद्भुत नारीवादी और सामाजिक कार्यकर्ता ही नहीं दी, बल्कि उनसे पहले फ्रांसीसी क्रांति ने स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का अद्भुत विचार दुनिया को दिया। यही लोकतंत्र की नींव बना और भारत के संविधान की बुनियाद भी इसी पर टिकी है। अब इसी फ्रांस में मानवता के लिए जरूरी इन मूल्यों पर कुठाराघात करने का काम किया है बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामिनारायण संस्था यानी बीएपीएस ने। पाठकों को बता दूं कि गुजरात के बोचासन से इस संस्था का संबंध है। अक्षरधाम मंदिर इसी संस्था का है। हाल ही में फ्रांस की राजधानी पेरिस में बीएसपीएस के एक मंदिर का उद्घाटन हुआ। जिस पर खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हार्दिक खुशी जाहिर की थी।

इस संस्था के कहां कितने मंदिर बनते हैं यह अलग मुद्दा है। लेकिन ध्यान देने वाली बात ये है कि इस संप्रदाय में महिला से दूरी बनाए रखने, महिला के साथ अकेले में बात न करने आदि के नियम बनाए गए हैं, जिसका पालन इससे जुड़े लोग करते हैं। यह भी उनका निजी मामला है कि वे महिला से बात करें न करें। लेकिन पेरिस में मंदिर उद्घाटन के लिए संस्था का जो प्रतिनिधि मंडल पेरिस गया था, उसमें करीब 100 लोग एफिल टावर देखने पहुंचे तो उनके कहने पर वहां पहले बाकायदा महिला कर्मचारियों को हटाया गया।

एफिल टावर की कर्मचारी यूनियन की प्रतिनिधि डायने डावोइन के अनुसार, जब प्रतिनिधि मंडल टावर के अंदर से गुजर रहा था, तब महिला कर्मचारियों को उनके कार्यस्थलों से हटने के लिए कहा गया ताकि उनकी जगह पुरुष कर्मचारी खड़े हो सकें। कर्मचारियों का आरोप है कि कुछ महिलाओं को अपनी पोस्ट छोड़कर दूसरे हिस्सों में जाने के लिए कहा गया, जबकि कुछ स्थानों पर उनकी जगह पुरुष कर्मचारियों को तैनात किया गया। महिला कर्मचारियों को प्रतिनिधि मंडल की मौजूदगी के दौरान कुछ खास इलाकों में जाने या उन्हें पार करने से भी रोका गया।

> जिस फ्रांस में सिमोन द बुवा ने पुरुष और स्त्री समानता की मशाल बुलंद की, धार्मिक व्यवस्थाओं के खिलाफ आवाज उठाई, उसी फ्रांस में सौ साल बाद लैंगिक भेदभाव की ऐसी घटना घटेगी, यह किसी ने नहीं सोचा होगा। इस घटना से आहत एफिल टावर के कर्मचारियों ने सोमवार को प्रदर्शन किया, जिसके चलते टावर को आगंतुकों के लिए बंद रखना पड़ा।

जिस फ्रांस में सिमोन द बुवा ने पुरुष और स्त्री समानता की मशाल बुलंद की, धार्मिक व्यवस्थाओं के खिलाफ आवाज उठाई, उसी फ्रांस में सौ साल बाद लैंगिक भेदभाव की ऐसी घटना घटेगी, यह किसी ने नहीं सोचा होगा। इस घटना से आहत एफिल टावर के कर्मचारियों ने सोमवार को प्रदर्शन किया, जिसके चलते टावर को आगंतुकों के लिए बंद रखना पड़ा। गौरतलब है कि एफिल टावर दुनिया के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल है और इसकी वेबसाइट के अनुसार यहां हर साल करीब 70 लाख लोग आते हैं। फिलहाल पेरिस के मेयर इमैनुएल ग्रेगोआर ने मामले की जांच कराने की घोषणा की है। जबकि एफिल टावर का संचालन करने वाली कंपनी एसईटीई ने माना कि हिंदू प्रतिनिधि मंडल की ओर से महिलाओं के साथ बातचीत या संपर्क को सीमित रखने की मांग की गई थी। कंपनी ने कहा कि ऐसी शर्तों को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए था। एसईटीई के अध्यक्ष एरियल वेल ने इसे अस्वीकार्य बताया और कहा कि एफिल टावर फ्रांस के गणतांत्रिक मूल्यों तथा महिला और पुरुषों की समानता के सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्ध है। कंपनी ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था उसके मूल्यों और लैंगिक समानता के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं थी तथा मामले में जांच की जाएगी। वहीं फ्रांस की नेशनल असेंबली की अध्यक्ष याएल ब्राउन-पिवे ने भी घटना की आलोचना की। उन्होंने कहा कि विदेशी मेहमानों की मांग पूरी करने के लिए महिलाओं को पीछे हटने या सार्वजनिक जीवन से 'अदृश्य' होने के लिए नहीं कहा जा सकता। उनका कहना था कि दूसरे लोगों का स्वागत करने का अर्थ यह नहीं है कि फ्रांस अपने मूल्यों से समझौता करे। फ्रांस की समानता मंत्री ऑरोर बर्जे ने भी कहा कि फ्रांस में महिलाओं से खुद को 'मिटा देने' या पीछे हटने के लिए नहीं कहा जाता और कोई भी धार्मिक विचार गणराज्य के कानूनों से ऊपर नहीं हो सकता। फ्रांसीसी सरकार को यह देखने की भी जरूरत है कि उनके भीतर ऐसे कौन लोग बैठे हैं जिन्होंने महिला से दूर रहने जैसे संकीर्णतावादी विचार को बढ़ावा देने में मदद की। बीएपीएस का तो कहना है कि उसका प्रतिनिधि मंडल बड़ा था, इसलिए उसने एफिल टावर में व्यवस्था को बदलने कहा, लेकिन उसमें लैंगिक भेदभाव की बात नहीं थी। लेकिन जब टावर संचालन करने वाली कंपनी ही मान रही है कि बीएसपीएस की शर्तों को नहीं मानना चाहिए था, तो जरूर कहीं न कहीं लैंगिक भेदभाव हुआ ही होगा। बहरहाल फ्रांस तो इस मामले की जांच अपनी तरह से कर ही लेगा और जिस देश की बुनियाद उदार मानवतावादी मूल्यों पर पड़ी हो, वह खुद को दुरुस्त कर भी लेगा। लेकिन भारत इस वैश्विक शर्मिंदगी से कब और कैसे उबरेगा, यह एक बड़ा सवाल है।

बीएसपीएस का मंदिर पेरिस में बना तो नरेन्द्र मोदी ने इसे ग्रेट जॉय बताया था, तो क्या इस घटना के बाद उन्हें ग्रेट शेम महसूस नहीं हुई। क्योंकि बीएपीएस से उनकी नजदीकी बरसों पुरानी है। मोदी का वैवाहिक जीवन कैसा रहा और शादीशुदा होने के बावजूद वे अकेले क्यों रहते हैं, यह उनका निजी मामला है। लेकिन वैश्विक स्तर पर जब एक भारतीय धार्मिक संस्था पर महिलाविरोधी होने के आरोप लगते हैं, तो बतौर प्रधानमंत्री क्या उन्हें बीएपीएस से अपने संबंधों को स्पष्ट नहीं करना चाहिए।

वैसे बीएपीएस को भी इस बात पर विचार करना चाहिए कि अगर उन्हें महिलाओं से तकलीफ है, उन्हें देखना भी उनके नियमों में गवारा नहीं है, तो फिर दुनिया भर में मंदिर बनवाने निकले ही क्यों हैं। दुनिया से महिलाओं को तो गायब नहीं किया जा सकता। हो सकता है ये पूरा प्रतिनिधि मंडल चार्टर्ड फ्लाइट से पेरिस गया हो, जिसमें परिचारक ही रहे हों, परिचारिकाएं नहीं। लेकिन फिर वे पेरिस में मंदिर बनवा कर उसी फ्लाइट से भारत वापस आ जाते, उन्हें एफिल टावर या किसी भी विश्वप्रसिद्ध स्थल को देखने की जरूरत ही क्या है।

हमेशा की तरह इस बार भी इस मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का कोई बयान या प्रतिक्रिया नहीं आया है। उन्होंने राष्ट्रपति पद को सही अर्थों में रबर स्टैम्प ही बना दिया है, जो केवल मोदी सरकार के हर फैसले, हर बात पर मुहर लगाती है। याद कीजिए कि जब उन्हें राष्ट्रपति बनाया गया था तो भाजपा ने इस बात का बड़ा श्रेय लिया था उसके शासन में देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति मिली है। लेकिन उनकी आदिवासी या महिला पहचान से देश में इन वर्गों की वस्तुस्थिति पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। मोदी सरकार में दलित, आदिवासी, मुसलमान, और महिला उत्पीड़न के मामले बढ़ते जा रहे हैं। लेकिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कभी ऐसी घटनाओं पर सार्थक हस्तक्षेप किया हो, याद नहीं पड़ता।

# असलियत से ज़्यादा गणितीय हो सकती है भारत की तेज़ विकास दर

■ नन्तू बनर्जी

ऊर्जा की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव, क्षेत्रीय आपूर्ति में रुकावट, कम निवेश और बढ़ते व्यापार प्रतिबंधों की वजह से दुनिया की अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है। ऐसे में, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत की 7.8 प्रतिशत की रिकॉर्ड वास्तविक जीडीपी विकास दर कुछ ज़्यादा ही अच्छी लग रही है। आर्थिक नज़रिए से भारत में वित्त वर्ष की पहली तिमाही को आम तौर पर 'धीमी विकास वाला समय' माना जाता है। देश की आधिकारिक आर्थिक विकास दर ने पहली बार एक बड़ा राजनीतिक और आर्थिक विवाद खड़ा कर दिया है। जीडीपी की तेज़ विकास घरेलू निवेश, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) और बड़े पैमाने पर रोज़गार पैदा करने जैसे कमज़ोर संकेतकों को नहीं दिखाती है। यह ज़मीनी हकीकत को भी नहीं दिखाती है, जैसे कि ऊर्जा और खाद की ज़्यादा कीमतें, जो लगभग सभी सामान, औद्योगिक उत्पादों और लोगों की खपत की कीमतों पर असर डाल रही हैं। महंगाई को हटाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 'इम्प्लिसिट प्राइस डिफ्लेटर'- खासकर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में नकारात्मक डिफ्लेटर - ने असली महंगाई को कम करके दिखाया है। आम नज़रिए से, बताई गई तेज़ आर्थिक विकास दर असलियत में ज़्यादा गणितीय लग सकती है।

देश की वास्तविक जीडीपी विकास दर दुनिया के रूझान के बिल्कुल उलट है। ओईसीडी ग्लोबल इकानॉमिक आउटलुक के विस्तृत अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों के अनुसार, दुनिया की आर्थिक विकास दर 2026 में धीमी होकर अनुमानित 2.6 प्रतिशत से 2.7 प्रतिशत हो रही है, जो पिछले सालों की तुलना में कम है। यह सुस्ती मुख्य रूप से ऊर्जा की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव, क्षेत्रीय आपूर्ति में रुकावट, कम निवेश और बढ़ते व्यापार प्रतिबंधों के कारण है। ये कारक आम तौर पर भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी असर डाल रहे हैं। इस साल दुनिया की आर्थिक विकास दर पर मुख्य दबाव ऊर्जा के झटकों, बढ़ते व्यापार अवरोधों और ज़्यादा कर्ज़ और उधार का है। भू-राजनीतिक संघर्षों ने, खासकर पश्चिम एशिया में, ईंधन और गैस की आपूर्ति को कम कर दिया है, जिससे सभी स्तरों पर उत्पादन और खपत की लागत बढ़ गई है और महंगाई को बढ़ावा मिला है। एकतरफा टैरिफ उपायों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बिखराव ने सामान के व्यापार की मात्रा के अनुमानों को कम कर दिया है। उधार लेने की ज़्यादा लागत राजकोषीय गुंजाइश को सीमित कर रही है, खासकर विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए। भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुसार, मार्च 2026 के आखिर में भारत का कुल विदेशी कर्ज़ 762.8 अरब तक पहुंच गया, जो पिछले साल के मुकाबले 26.3 अरब ज़्यादा है। इससे कर्ज़-जीडीपी अनुपात 20.8 प्रतिशत हो गया, जो कुल विदेशी देनदारियों में बढ़ोतरी को दिखाता है।

ऊंची ब्याज दरों और व्यापार में बदलावों की वजह से अमेरिकी जीडीपी की विकास दर धीमी होकर लगभग 1.5-2.0 प्रतिशत रह गई है। ऊर्जा पर ज़्यादा निर्भरता और स्थानीय औद्योगिक रुकावटों के कारण यूरो क्षेत्र की आर्थिक विकास दर 0.5 से 1.3 प्रतिशत के आसपास सुस्त बनी हुई है। घरेलू संरचनात्मक बदलावों के बीच चीन की अर्थव्यवस्था की रफ़्तार धीमी होकर लगभग 4.5-4.6 प्रतिशत हो गई है। मौजूदा साल में, दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाएं -अमेरिका, चीन, जर्मनी, जापान और यूके - 2.5 प्रतिशत से कम की बहुत धीमी रफ़्तार से आगे बढ़ रही हैं, जबकि छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत, 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 7.8 प्रतिशत की मज़बूत वास्तविक जीडीपी दर दिखा रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत भारत के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही के लिए वास्तविक जीडीपी को 81.36 लाख करोड़ आंका, जो वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 75.46 लाख करोड़ था। इससे 7.8 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर मिली, जो रिज़र्व बैंक के 2026-27 के लिए 6.7 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है।

स्वतंत्र विश्लेषक और आलोचक बताते हैं कि आधार वर्ष बदलने, पुराने डेटा में संशोधन करने और पुराने आंकड़ों को नए इंडेक्स तरीकों के साथ मिलाने से साल-दर-साल प्रतिशत के नतीजों में बढ़ोतरी दिख सकती है। कुछ वैकल्पिक व्याख्याओं का तर्क है कि अगर पुराने या बेमेल आधार समायोजन को हटा दिया जाए, तो कुछ खास सब-सेगमेंट में वास्तविक विकास दर कम दिखती है। हालांकि, सकारात्मक पक्ष यह है कि सेवा और हाई-एंड मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र उत्साहजनक रफ़्तार दिखा रहे हैं, जबकि प्राथमिक कृषि और ग्रामीण सेक्टर अपेक्षाकृत सुस्त बने हुए हैं (तीन प्रतिशत से कम की विकास दर के साथ)। वास्तविक रूप में सकल जमा पूंजी के निर्माण में 11.9 प्रतिशत की तेज़ी आई, जो तेज़ी से क्षमता बढ़ाने, निजी पूंजीगत व्यय और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर लगातार खर्च का संकेत है। मैन्युफैक्चरिंग उत्पादन में 9.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जिसमें बिजली और परिवहन उपकरण के क्षेत्र में हुई भारी बढ़त का अहम योगदान रहा। तृतीयक सेवा क्षेत्र में 10 प्रतिशत का विस्तार हुआ, जिसमें वित्तीय, जमीन जायदाद, आईटी और पेशेवर सेवाओं (जो 12.1 प्रतिशत की दर से बढ़ीं) की बड़ी भूमिका रही। निजी अंतिम उपभोग खर्च में 7.1 प्रतिशत की स्थिर वास्तविक वृद्धि बनी रही, जिससे घरेलू बाजार बाहरी वैश्विक चुनौतियों के असर से बचा रहा।

भारत ने अपने जीडीपी के आधार वर्ष को 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है। इसके साथ ही, जीएसटी, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण और अनिगमित क्षेत्र के उद्यम के सालाना सर्वेक्षण जैसे आधुनिक आंकड़ा स्रोतों को शामिल किया गया है और 'डबल डिफ्लेशन' की पद्धति अपनाई गई है।

> स्वतंत्र विश्लेषक और आलोचक बताते हैं कि आधार वर्ष बदलने, पुराने डेटा में संशोधन करने और पुराने आंकड़ों को नए इंडेक्स तरीकों के साथ मिलाने से साल-दर-साल प्रतिशत के नतीजों में बढ़ोतरी दिख सकती है। कुछ वैकल्पिक व्याख्याओं का तर्क है कि अगर पुराने या बेमेल आधार समायोजन को हटा दिया जाए, तो कुछ खास सब-सेगमेंट में वास्तविक विकास दर कम दिखती है। हालांकि, सकारात्मक पक्ष यह है कि सेवा और हाई-एंड मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र उत्साहजनक रफ़्तार दिखा रहे हैं।

इन बड़े बदलावों का मकसद तेज़ी से डिजिटल और औपचारिक हो रही अर्थव्यवस्था को समझना है, हालांकि जब तक पुरानी श्रृंखला के आंकड़े नहीं आ जाते, तब तक पुराने आंकड़ों से तुलना करना मुश्किल होगा। आंकड़ा श्रृंखला में बदलाव के मुख्य कारणों में आधार वर्ष बदलना, नया आंकड़ा शामिल करना और तरीकों में सुधार करना शामिल है। आधार वर्ष को 2022-23 करने से अर्थव्यवस्था में हाल के संरचनात्मक बदलाव, खपत में बदलाव और कीमतों के सापेक्ष महत्व का पता चलता है। हाई-फ्रीक्वेंसी और बारीक डेटासेट को शामिल करने में जीएसटी रिटर्न, अनिगमित क्षेत्र सर्वेक्षण, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण और ई-वाहन रजिस्ट्रेशन जैसी चीज़ें शामिल हैं। तरीकों में सुधार के लिए आपूर्ति और उपयोग तालिका फ्रेमवर्क, तिमाही आंकड़ों के लिए आनुपातिक डेंटन बेंचमार्किंग और इनपुट लागत को बेहतर ढंग से समझने के लिए मैन्युफैक्चरिंग और कृषि में डबल डिफ़्लेशन जैसे तरीके अपनाए गए हैं। इन सबके कारण पुराने और अप्रचलित तरीकों के बजाय सीधे सर्वे डेटा के ज़रिए अनौपचारिक और डिजिटल/गिग अर्थव्यवस्था के हिस्सों को बेहतर ढंग से दिखाया जा सका है। जब तक आधिकारिक पुराने आंकड़े की नयी श्रृंखला प्रकाशित नहीं हो जाती, तब तक सीधी तुलना नहीं की जा सकती।

फिर भी, यह सोचना गलत है कि 2026 में भारत के आयात और निर्यात पर वैश्विक व्यापार और आर्थिक चुनौतियों का बहुत कम असर पड़ेगा। वैश्विक चुनौतियां—जैसे पश्चिम एशिया में संघर्ष, शिपिंग रूट में रुकावट, माल ढुलाई और ऊर्जा की बढ़ती लागत, और टैरिफ़ नीतियों में बदलाव—भारत के बाहरी क्षेत्र पर दबाव डाल रही हैं, व्यापार घाटे को बढ़ा रही हैं और प्रमुख क्षेत्र में निर्यात की विकास दर को रोक रही हैं। घरेलू खपत बढ़ने और आयात बिल में भारी बढ़ोतरी के कारण देश का वस्तु व्यापार घाटा बढ़ गया है। पश्चिम एशिया में संघर्ष और ज़रूरी शिपिंग रूट के आसपास सुरक्षा संबंधी मुद्दों के कारण माल ढुलाई की दरें, बीमा खर्च और ऊर्जा आयात की लागत बढ़ गई है। कृषि, टेक्सटाइल और रत्न व आभूषण जैसे पारंपरिक श्रम-प्रधान निर्यात सेक्टर में पश्चिमी देशों से कम मांग, सुरक्षात्मक टैरिफ़ में बदलाव और व्यापारिक तनाव के कारण साफ़ तौर पर सुस्ती देखी जा रही है। रुपये के कमज़ोर होने और अमेरिका के अलावा अन्य बाज़ारों में विविधता लाने की रणनीतियों के कारण वस्तुओं और सेवाओं के संयुक्त निर्यात में समय-समय पर सुधार देखा गया है। फिर भी, पूरे साल जीडीपी विकास दर को पहली तिमाही के

## आपके पत्र

### हादसों के शिकार पढ़ने वाले बच्चे ही क्यों?

दिल्ली केवल देश की राजधानी नहीं यह उन लाखों सपनों की राजधानी भी है, जिन्हें लेकर देश के कोने-कोने से बच्चे, युवा और उनके परिवार यहां आते हैं। कोई आईएएस बनने का सपना लेकर आता है, कोई डॉक्टर, इंजीनियर या वैज्ञानिक बनने का। कोई छोटे से गांव से चलकर दिल्ली की किसी कोचिंग की सीढ़ियां चढ़ता है और कोई अपने माता-पिता की वर्षों की बचत लेकर एक छोटे-से कमरे में अपना भविष्य खोजता है। लेकिन विडंबना देखिए, जिस दिल्ली में ये बच्चे भविष्य बनाने आते हैं, वही दिल्ली बार-बार उनके वर्तमान को छीन लेती है।

सवाल अब केवल यह नहीं है कि दिल्ली में हादसे क्यों होते हैं। असली सवाल यह है कि बार-बार वही हादसे क्यों होते हैं और हर हादसे के बाद भी व्यवस्था क्यों नहीं जागती? कुव्यवस्था की भयावह तस्वीर हाल की सत्य निकेतन इमारत दुर्घटना ने फिर सामने रख दी। छात्र-आवास वाली बहुमंजिला इमारत ढहने से सात लोगों की मृत्यु की रिपोर्ट सामने आई और अधिकांश पीड़ित विद्यार्थियों के होने से छात्र आवासों की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न उठे।

सबसे पीड़ादायक बात यह है कि विद्यार्थी दिल्ली में केवल पढ़ाई की फीस नहीं देते। वे कमरा किराये पर लेते हैं, भोजन के लिए भुगतान करते हैं, परिवहन का खर्च उठाते हैं और अपने परिवारों की आर्थिक क्षमता से कहीं अधिक कीमत पर अपने सपनों को खरीदने की कोशिश करते हैं। तो क्या उन्हें बदले में केवल असुरक्षित कमरे मिलेंगे? क्या उनके लिए अग्नि सुरक्षा, संरचनात्मक सुरक्षा, आपातकालीन निकास और स्वच्छ जलनिकासी जैसी सुविधाएं विलासिता हैं?

राजधानी में पढ़ने वाले विद्यार्थी नागरिक नहीं हैं क्या? दिल्ली की प्रशासनिक समस्या का एक और गंभीर पहलू है जिम्मेदारी का बिखराव। नगर निगम, पुलिस, अग्निशमन विभाग, विकास प्राधिकरण, परिवहन विभाग और स्थानीय प्रशासन कई संस्थाएं अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में काम करती हैं। लेकिन जब हादसा होता है तो जिम्मेदारी अक्सर किसी एक छोटे कर्मचारी या किसी संचालक पर जाकर रुक जाती है।

हाल की प्रशासनिक जांचों के संबंध में रिपोर्टों में यह बात सामने आई है कि कई त्रासदियों में प्रणालीगत खामियां और प्रशासनिक लापरवाही चिन्हित हुईं, जबकि कार्रवाई अक्सर निचले स्तर के कर्मचारियों तक सीमित रही। यही लोकतंत्र की असली परीक्षा है। यदि किसी इमारत को वर्षों तक नियमों के विरुद्ध चलने दिया गया, तो केवल चौकीदार या कनिष्ठ कर्मचारी दोषी कैसे हो सकता है?

लेकिन प्रश्न फिर वही है—यदि इतनी बड़ी संख्या में संस्थान नियमों का उल्लंघन कर रहे थे, तो हादसे से पहले प्रशासन कहां था?

-संजीव ठाकुर



## ललित सुरजन की कलम से

### भाषण और आंकड़ों से परे

*'छत्तीसगढ़ की रमन सरकार ने पंचायत शिक्षकों का संविलियन कर शिक्षकों का स्थायी कैडर निर्मित करने का फैसला लिया है। कुछ ऐसा ही फैसला मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार ने भी लिया है। मेरा शुरू से मानना रहा है कि जब तक स्कूलों में पूर्णकालीन और प्रशिक्षित शिक्षक नहीं होंगे तब तक शिक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं हो सकता। वर्ल्ड बैंक के इशारे पर स्थायी शिक्षकों का कैडर धीरे-धीरे कर पूरे देश में समाप्त कर दिया गया। इससे शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा मिला। आज अगर वह स्थिति बदलती है तो स्वागत योग्य है। छत्तीसगढ़ सरकार को इस बारे में एक समन्वित दीर्घकालीन नीति बनाकर लागू करना चाहिए। उच्च शिक्षा में भी विसंगतियां व्याप्त हैं। उन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। लेकिन इसके साथ-साथ शाला भवन, उपकरण, पुस्तकालय, खेल का मैदान, इन सब पर ध्यान देना भी उतना ही आवश्यक है। दिल्ली का मॉडल यहां शायद काम आ सकता है!'*

**(देशबन्धु में 05 जुलाई 2018 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/08/blog-post_9.html

**आज पोला अमावस्या**

## अन्नदाता और उसके सहचर बैलों के सम्मान का पर्व

भाद्रपद अमावस्या भारतीय धार्मिक परंपरा में महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस अवसर पर स्नान, दान, पितरों का स्मरण और तर्पण जैसे धार्मिक कर्म किए जाते हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में इस अमावस्या के अलग नाम और अलग लोकाचार दिखाई देते हैं। छत्तीसगढ़ में इसी अमावस्या का लोकजीवन से जुड़ा रूप पोला के रूप में सामने आता है। यही भारतीय संस्कृति की विशेषता है कि एक ही तिथि धार्मिक आस्था, कृषि जीवन और लोकसंस्कृति के अनेक रंगों को अपने भीतर समेट लेती है।

भाद्रपद अमावस्या पर जीवंत होती है छत्तीसगढ़ की कृषि संस्कृति। छत्तीसगढ़ की पहचान केवल उसकी हरियाली, नदियों, जंगलों और खनिज संपदा से नहीं है, बल्कि उसकी समृद्ध लोकपरंपराओं और तीज-त्योहारों से भी है। यहां के पर्व प्रकृति, कृषि, पशुधन और मानव जीवन के बीच गहरे संबंध को अभिव्यक्त करते हैं। इन्हीं लोकपर्वों में पोला अथवा पोरा तिहार का विशेष स्थान है। भाद्रपद अमावस्या के अवसर पर मनाया जाने वाला यह पर्व मूलतः किसान और उसके सबसे विश्वसनीय कृषि-सहचर बैल के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और आत्मीयता का पर्व है।

आज खेती के तौर-तरीके बदल रहे हैं। ट्रैक्टर और आधुनिक कृषि उपकरणों ने बैलों पर निर्भरता काफी कम कर दी है। शहरों में रहने वाली नई पीढ़ी के लिए बैल अब कृषि जीवन के प्रत्यक्ष सहभागी के बजाय स्मृति और लोकसंस्कृति का हिस्सा बनते जा रहे हैं। लेकिन इससे पोला का महत्व समाप्त नहीं होता। बल्कि आज इस पर्व का संदेश और अधिक प्रासंगिक हो जाता है। यह हमें याद दिलाता है कि मनुष्य अकेले विकास नहीं कर सकता। उसके जीवन और सभ्यता के निर्माण में प्रकृति, पशु-पक्षियों और असंख्य जीवों का योगदान रहा है।

पोला पर्व का संबंध केवल बैलों से ही नहीं, बल्कि खेती और फसल से भी है। लोकमान्यता है कि इसी समय धान की बालियों में दूध भरना प्रारंभ होता है और अन्नमाता गर्भ धारण करती हैं। किसान के लिए यह आने वाली फसल और समृद्धि की आशा का अवसर होता है। इसलिए पोला वास्तव में प्रकृति, कृषि, पशुधन और किसान इन चारों के बीच स्थापित उस जीवनचक्र का उत्सव है, जिसके आधार पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था सदियों से आगे बढ़ती रही है।

पोला की सबसे सुंदर विशेषताओं में बच्चों की भागीदारी भी है। ग्रामीण अंचलों में मिट्टी अथवा लकड़ी से बने छोटे-छोटे बैल, चूल्हा, चक्की, चुकिया और अन्य खिलौने तैयार किए जाते हैं। बच्चे उन्हें सजाते हैं और उनकी पूजा करते हैं। यह परंपरा केवल मनोरंजन नहीं है। इसके माध्यम से नई पीढ़ी को बचपन से ही यह सीख मिलती है कि पशु हमारे जीवन और कृषि व्यवस्था के महत्वपूर्ण साथी हैं। लोकपर्व इस प्रकार बिना किसी औपचारिक पाठशाला के बच्चों को अपनी मिट्टी, संस्कृति और परंपरा का पाठ पढ़ाता है।

पोला केवल पूजा का पर्व नहीं, बल्कि पारिवारिक उल्लास और सामुदायिक मेल-मिलाप का अवसर भी है। घरों में पारंपरिक पकवान बनाए जाते हैं। छत्तीसगढ़ी खान-पान की समृद्ध परंपरा के अनुरूप ठेठरी, खुरमी सहित अनेक व्यंजन इस अवसर पर तैयार किए जाते हैं। बहन-बेटियों के मायके आने, परिवार के साथ समय बिताने और रिश्तों में स्नेह बढ़ाने की परंपरा भी इस पर्व को सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बनाती है।

-सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'

## सड़क सुरक्षा को लेकर मैहर कलेक्टर ने ली बैठक

**सतना, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में बुधवार को कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी और पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले के मैहर, अमरपाटन एवं रामनगर के प्रमुख मार्गों पर सड़क सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार कार्य प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर मैहर ने मैहर-कटनी मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट घुनवारा,



अमदरा एवं झुकेही पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों को प्रभावी बनाते हुए सड़क उपयोगकर्ताओं की सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर मैहरा ने अमरपाटन-रामनगर मार्ग स्थित गोरसरी घाटी में सड़क के दोनों ओर झूल रहे पेड़ों एवं डालियों की आवश्यकतानुसार कटाई-छंटाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मार्ग पर पेड़ों एवं डालियों के कारण विशेषकर रात्रि के समय आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी न हो, इसके लिए समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में अमरपाटन तहसील के मुकुंदपुर क्षेत्र अंतर्गत मुरजुआ नाला पर बने पुल की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बताया कि अत्यधिक बारिश के दौरान पुल पर जलभराव के कारण आवागमन बाधित हुआ था। उन्होंने एमपीआरडीसी को पुल में हुई क्षति का परीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य कराने तथा पुल एवं उसके आसपास की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतते हुए निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम रोशन राय, एसडीएम, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, जिला अधिकारी सामाजिक न्याय विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मेडिकल के इंटर्न छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन

**ठप रही जिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था, भोपाल में हुए लाठीचार्ज की निंदा**

**सतना, देशबन्धु।** स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर भोपाल में मेडिकल इंटर्न छात्रों के साथ हुई लाठीचार्ज की कथित घटना की कड़ी निंदा करते हुए सतना में भी चिकित्सा महाविद्यालय के इंटर्न छात्र चिकित्सक हड़ताल पर जाकर विरोध प्रदर्शन किया। इंटर्न छात्रों ने कहा कि मेडिकल इंटर्न छात्र चिकित्सा व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और वे कठिन परिस्थितियों में अस्पतालों में मरीजों की सेवा करते हैं तथो प्रशिक्षण के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं में



महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। अपनी मांगों एवं समस्याओं को लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से उठाना उनका अधिकार है। हड़ताली इंटर्न मेडिकल छात्रो ने कहा कि ऐसी स्थिति में चिकित्सा छात्रों के साथ बल प्रयोग की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंताजनक है। इंटर्न छात्रों की मांग हैं कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराई जाए और किसी भी अधिकारी-कर्मचारी द्वारा नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो उसके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए।

### सार-समाचार

## ट्रेनिंग कर लौटे लेफ्टिनेंट का स्वागत

**सतना, देशबन्धु।** इंडियन आर्मी में लेफ्टिनेंट की ट्रेनिंग पूरी



कर अपने शहर लौटे सूर्य नारायण सिंह परिहार का करणी सेना के जिला पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सिविल लाइन चौराहे पर पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन और स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर करणी सेना के पदाधिकारियों ने कहा कि सेना में अधिकारी के रूप में सेवा करना पूरे समाज और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। स्वागत समारोह के बाद करणी सेना के सदस्यों द्वारा राजपूत करणी सेना संरक्षक प्रवीण सिंह का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया और दीर्घायू की कामना की। कार्यक्रम में करणी सेना के जिला पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भरभराकर गिरी बाउंड्री, कार्यालय सुरक्षित

**रामनगर, देशबन्धु।** कस्बे के वरिष्ठ कषि विकास अधिकारी



कार्यालय की पुरानी बाउंड्री वॉल लगातार हो रही बरसात के चलते भरभरा कर गिर गई। जिससे पूरा कार्यालय परिसर असुरक्षित हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार्यालय की बाउंड्री वॉल काफी पुरानी और जर्जर हालत में थी। दीवारों पर काई लगी हुई थी और कई जगह से दरारें आ गई थीं। पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश से नींव में पानी भर गया और दीवार अचानक गिर गई। बाउंड्रीवाल गिरने से अब कार्यालय खुला हो गया है। परिसर के अंदर झाड़ियां उगी हुई हैं, आवारा पशुओं का आना-जाना लगा रहता है। कार्यालय में रखे शासकीय दस्तावेज और सामान की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय किसानों और नागरिकों का कहना है कि विभाग द्वारा लंबे समय से भवन की मरम्मत और देखरेख नहीं कराई गई। गनीमत रही कि हादसे के समय वहां कोई मौजूद नहीं था, नहीं तो जनहानि भी हो सकती थी।

## अघोषित पार्किंग पर प्रशासन की कार्रवाई

**सतना, देशबन्धु।** सिविल अस्पताल अमरपाटन में अघोषित



पार्किंग पर प्रशासन ने संयुक्त कार्यवाही की है। यह कार्यवाही मैहर कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी के आदेश पर हुई है। कलेक्टर मैहर के आदेश पर पहुंचे अमले में प्रभारी हिमांशु पांडेय , तहसीलदार अनिल सिंह , आबकारी अधिकारी मनोज कुमार , थाना प्रभारी विजय सिंह ने परस्ते, पुलिस बल ,राजस्व अमला भी मौजूद रहा। बताया गया है कि प्रशासन की इस संयुक्त टीम ने अघोषित स्थान से वाहन हटाए। कार्रवाई के दौरान प्रशासन की इस टीम ने अमरपाटन सिविल अस्पताल परिसर में अघोषित रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ सिर्फ हिदायत देते हुए कहा है कि अगर दोबारा अस्पताल परिसर पर खड़े वाहन मिले तो निश्चित रूप से पुलिस द्वारा चालानी व जब्ती कार्रवाई की जाएगी। बताया गया है कि जब यह कार्रवाई चल रही थी तो परिसर में और भी निजी वाहन खड़े हुए थे। जिन्हे प्रशासन की टीम ने नहीं हटाया है।

## दिल की बातें हम भी जानें कार्यक्रम हुआ लांच

**सतना, देशबन्धु।** विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में सतना में पहली बार होने जा रहे विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम दिल की बातें हम भी जानें का लांचिंग समारोह बुधवार को आयोजित हुआ। आयोजन समिति के पुरुषोत्तम अग्रवाल ने बताया कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस लांचिंग समारोह में कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। समारोह में महंत पुरुषोत्तम दास महाराज, सतीश सुखेजा, मणिकांत माहेश्वरी, अमित सोनी आदि ने इसे जन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। आयोजकों ने कहा कि यह सिर्फ एक कार्यक्रम




नहीं, बल्कि हृदय रोग की बीमारियों को बचाने महाअभियान है। मुख्य कार्यक्रम हृदय स्वास्थ्य जागरूकता एवं परिचर्चा का आयोजन रविवार 27 सितंबर को शाम 4 से 6 बजे तक टाउन हॉल सेमरिया चौक में होगा। जिसमें देश के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. युगुल मिश्रा नई दिल्ली, डॉ. प्रमोद अम्बेडकर नागपुर, डॉ. नवीन शर्मा जबलपुर एवं डॉ. एसके त्रिपाठी रीवा)द्वारा हृदय को स्वस्थ रखने के उपायों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यक्रम में आईएमए के अध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल, सचिव डॉ. आलोक खन्ना, कोषाध्यक्ष डॉ. ललित गुप्ता, संयोजक डॉ. सारिका कालरा, सह संयोजक डॉ. मुदित जैन, डॉ. विपिन दुबे। भारत विकास परिषद की आयोजन समिति मार्गदर्शक जितेंद्र जैन, अध्यक्ष अजय तेजवानी, सचिव राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सोनिया खंडेलवाल, संयोजक गोपाल धूत, सह संयोजक आभा अग्रवाल, कार्यक्रम कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन, रजिस्ट्रेशन संदीप गुप्ता, एडर्वटाइजमेंट अभिषेक श्रीवास्तव, शिवम भारतीय, पार्किंग सुनील पटेल,मंच बलराम गुप्ता, अनुशासन विनोद पंडित, मीडिया एवं प्रचार-प्रसार पुरुषोत्तम अग्रवाल व सुकमाल जैन, मातृ शक्ति कॉर्डिनेटर रजनी जैन आदि उपस्थित रहे।

## पुरनूर जलसे का यादगार आयोजन

**सतना, देशबन्धु।** अल बरकात वेलफेयर सोसायटी ने पुरनूर जलसे का आयोजन कर यादगार बना दिया। जलसे में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



सोसायटी के सदर जाहिद खान एवं सेक्रेटरी साबिर खान ने बताया कि इस मौके पर सतना ईदगाह मस्जिद के पेश इमाम रज्जब को उमरा की टिकट नजराना नजर किया गया। यह सोसायटी की तरफ से खिदमते-दीन और उलमा-ए-किराम के सम्मान में दूसरी कमेटियों के लिए मिशाल है। इस मौके पर आने वाले 22 नवम्बर को जरूरतमंद परिवारों के लिए इज्तेमाई शादी का आयोजन किए जाने का भी ऐलान किया गया। सोसायटी के सरपरस्त हाजी परवेज नवाज की सरपरस्ती में इस नेक काम को भी पूरी जिम्मेदारी और लगन के साथ अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। अल बरकात वेलफेयर सोसायटी का उद्देश्य समाज में खिदमते-खल्क, जरूरतमंदों की मदद और नेक सामाजिक कार्यो को लगातार आगे बढ़ाना है।

## खोहर बस्ती को वर्षों बाद मिली रास्ते की सौगात

**जनपद सदस्य विनोद तिवारी ने कराया मार्ग दुरुस्त**

**कोटर, देशबन्धु।** ग्राम खोहर की एससी बस्ती के रहवासी पिछले कई वर्षों से आवागमन के लिए उचित रास्ते की समस्या से जूझ रहे थे। बरसात के दिनों में कीचड़ और दलदल के कारण बस्ती के लोगों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत कराया, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन और तारीख पर तारीख ही मिलती रही। समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। कुछ दिन पूर्व बाढ़ की स्थिति का निरीक्षण करने पहुंचे जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 6 विनोद तिवारी की



नजर बस्ती के कीचडयुक्त रास्ते पर पड़ी। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए विनोद तिवारी स्वयं पैदल चलकर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही रास्ते को दुरुस्त कराया जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार, विनोद तिवारी ने करीब 200 मीटर रास्ता दुरुस्त कराने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने वादे से आगे बढ़कर करीब 500 मीटर रास्ते को साफ और आवागमन योग्य करवाया। इससे बस्ती के लोगों को वषोर्ं से चली आ रही कीचड़ और दलदल की समस्या से राहत मिली है। रास्ता दुरुस्त होने के बाद ग्रामीणों ने जनपद सदस्य विनोद तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ आश्वासन नहीं दिया, बल्कि समय पर अपने वादे को पूरा करके दिखाया।

## श्रीनारायण देव मंदिर में मनाया गया छठी उत्सव

**सतना, देशबन्धु।** गोरसरी के श्रीनारायण देव मंदिर में बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर छठी मनाई गई। इस मौके पर मंदिर में खास सजावट की गई। सुबह मंदिर के गर्भ गृह में विराजमान श्रीनारायण देव स्वामी के साथ-साथ पालना में झूल रहे लड्डू गोपाल का विशेष स्नानाकराकर के बाल भोग अर्पित किया गया। तद्पश्चात दोपहर को विविध प्रकार के छप्पन व्यंजनों का भोग लगाया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी छठी पर भोग लगाने का सौभाग्य पूर्व सरपंच चंद्रिका प्रसाद गौतम को प्राप्त हुआ। शाम को मंदिर परिसर में स्थानीय कलाकरों ने छठी के मौके पर



भजनों की प्रस्तुति दी। कुल मिलाकर के सुबह से लेकर शाम तक आयोजन होते रहे। दिन भर चले इन आयोजनों में आसपास के ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए। छठी उत्सव कार्यक्रम के साक्षी बने।

**13 दिनों तक चलता है उत्सव**

बताया गया है कि चित्रकूट विधान सभा के अंतर्गत आने वाले परम्धाम गोरसरी के नारायण देव मंदिर में झूला उत्सव का यह आयोजन पूरे 13 दिनों तक चलता है। जन्माष्टमीं से शुरू होने वाला यह झूला उत्सव ऋषि पंचमी तक चलता है। तेरहवें दिन विधिवत भंडारा इसके बार लड्डू गोपाल जी का जलविहार कराया जाता है।

## न्यायिक मजिस्ट्रेट ने किया जेल का औचक निरीक्षण



**नागौद, देशबन्धु।** सब जेल नागौद का न्यायालय राजीव पटेल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नागौद द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने बंदियों से पेशी, स्वास्थ्य एवं जेल व्यवस्था की जानकारी ली गई एवं बंदियों को प्रकरणों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदाय की गई । तद्पश्चात पाकशाला में बंदियों के भोजन की गुणवत्ता को देखा गया। किये गये औचक निरीक्षण के दौरान जेल व्यवस्था एवं स्वच्छता के प्रति संतोष व्यक्त किया। इस मौके पर सहायक जेल अधीक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में सहायक जेल अधीक्षक आशीष मंजना द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## बीच सड़क पर खड़ा बिजली पोल, दे रहा हादसे को न्योता

**रामनगर, देशबन्धु।** कस्बे के सौंदर्यीकरण कार्य में बिजली विभाग की मनमानी भारी पड़ रही है। थाना चौक से लेकर अस्पताल रोड तक नाली और पेवमेंट निर्माण का काम बीच सड़क पर खड़े इलेक्ट्रिक पोल के कारण रोकना पड़ा है। उसकी वजह यह है कि अस्पताल रोड में मुख्य मार्ग पर ही बिजली का पोल खड़ा है। नगर परिषद द्वारा थाना चौक से अस्पताल तक सौंदर्यीकरण के तहत सीसी रोड, फुटपाथ और नाली का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन बिजली विभाग ने अभी तक पोल शिफ्टिंग का कार्य नहीं किया है। जिसके चलते खम्भे के बीच से ही सड़क निर्माण हो गया वही अन्य निर्माण कार्य प्रभावित हैं।



रात के समय तो यह पोल और भी खतरनाक हो जाता है। तस्वीर में साफ दिख रहा है कि सड़क के किनारे लगे सौंदर्यीकरण के पोल की लाइट के पास ही मुख्य सड़क पर बिजली का खम्भा खड़ा है। रात में दूर से अंदाजा नहीं लगता और तेज रफ्तार वाहन सीधे खम्भे से टकरा सकते हैं।

**कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क से रोजाना अस्पताल जाने वाले मरीज, छात्र और ग्रामीण गुजरते हैं। कई बार बाइक सवार और ऑटो चालक हादसे से बाल-बाल बचे हैं। कई बार मांग के बाद भी बिजली विभाग पोल हटाने को तैयार नहीं है। विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर काम टाल रहा है। नागरिकों ने जिला प्रशासन और कलेक्टर से मांग की है कि जनहित में बिजली विभाग को तत्काल पोल शिफ्टिंग के निर्देश दिए जाएं, ताकि सौंदर्यीकरण का रुका हुआ काम पूरा हो सके और किसी गंभीर हादसे से पहले इस खतरे को टाला जा सके।

# निर्माण एजेंसी के दबाव से चुप हैं जिम्मेदार!

### उचेहरा के नए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में पुराना मटेरियल लगाये जाने का मामला



## पूर्व के कॉम्प्लेक्स की खराब हालत ने बढ़ाई चिंता

**उचेहरा, देशबन्धु।** नगर में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े होने लगे हैं। शंकट मोचन क्षेत्र में निर्माणाधीन नए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को लेकर स्थानीय दुकानदारों और नगरवासियों ने निर्माण सामग्री एवं गुणवत्ता पर गंभीर आपत्तियां जताई हैं। आरोप है कि निर्माण में वर्षों पुराने रिजेक्टेड संगमरमर का इस्तेमाल किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस निर्माण एजेंसी पर काम की जिम्मेदारी है, उसके प्रभाव के चलते नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों और परिषद की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है।

**पुराने कॉम्प्लेक्स का उदाहरण देकर उठ रहे सवाल**

लोगों का कहना है कि पूर्व में बनाए गए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में भी निर्माण गुणवत्ता को लेकर इसी तरह की शिकायतें सामने आई थीं। खास बात यह है कि वर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा पूर्व में स्वयं उक्त निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए गए थे। अब स्थिति यह है कि पुराने कॉम्प्लेक्स की कई दुकानों में कम समय में ही जर्जरता दिखाई देने लगी है। दुकानों की फर्श की टाइल्स निकलने लगी हैं, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल और गहरा गए हैं।



**क्या पुराने अनुभव से नहीं लिया गया सबक?**

ऐसे में सवाल है कि जब पुराने निर्माण की गुणवत्ता को लेकर पहले ही आपत्तियां सामने आ चुकी हैं, तो नए निर्माण में सामग्री की गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की सख्ती से जांच क्यों नहीं की जा रही है?

शंकट मोचन में निर्माणाधीन नए कॉम्प्लेक्स को लेकर दुकानदारों में भी चिंता है।

उनका कहना है कि यदि निर्माण के शुरुआती दौर में ही घटिया अथवा पुरानी सामग्री के इस्तेमाल की शिकायतें सामने आ रही हैं, तो भविष्य में दुकानों और भवन की मजबूती को लेकर गंभीर समस्या पैदा हो सकती है।

### जिम्मेदार अधिकारियों से जांच की मांग

नगरवासियों और दुकानदारों ने मांग की है कि निर्माण में इस्तेमाल हो रही सामग्री की गुणवत्ता की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए। साथ ही मौके पर इस्तेमाल किए जा रहे संगमरमर और अन्य निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, उम्र और स्वीकृत मानकों की जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। अब देखना यह होगा कि नगर परिषद इन शिकायतों को कितनी गंभीरता से लेती है और निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराती है या नहीं। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग भी उठ सकती है।

## आबकारी-पुलिस विभाग की सरपरस्ती में बिक रही है जहरीली शराब: दिलीप

**सतना, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी सतना-मैहर के पूर्व अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने जिले के आबकारी एवं पुलिस विभाग की सरपरस्ती में जिले में अवैध रूप से जहरीली शराब की



बिक्री किए जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होने कहा कि अमानक स्तर की जहरीली शराब फर्जी चिट लगाकर पैकारी के रूप में गांव-गांव बिक्री की जा रही है, जिससे कभी भी सागर जिले जैसी जहरीले शराब कांड की पुनरावृत्ति होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसा लग रहा है की आबकारी एवं पुलिस विभाग के संरक्षण में हो रही पैकारी से सतना एवं मैहर जिले का भी प्रशासन एक बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। उन्होने बताया कि सतना एवं मैहर जिले के सिंहपुर, करसरा, जसो, दुरेहा, झुकेही, घुनवारा, पकरिया, पाला, विष्णुपुर, नादन, नयागांव, जिगना, हिनौती, मरजादपुर, झिन्ना, सरिया, भदनपुर, कोलगढी, सज्जनपुर, रामगढ़, ताला, कठहा, मुकुंदपुर, खरमसेडा, चित्रकूट इत्यादि जैसे सैकड़ो ग्रामों में अमानक स्तर की फर्जी रूप से चिट लगाकर शराब की पैकारी बिक्री की जा रही है और दोनों जिलों का प्रशासन तमाशा देख रहा है तथा उनके अधिकारी-कर्मचारी वसूली में व्यस्त हैं।

## एनबीएफसी प्रतिनिधियों के साथ पुलिस की अहम बैठक, साइबर ठगी रोकने पर जोर

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में सुरक्षित वित्तीय लेन-देन को बढ़ावा देने और साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की। कोतवाली पुलिस शहडोल द्वारा आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय अग्रवाल की मौजूदगी में वित्तीय सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



**संदिग्ध वित्तीय गतिविधियों पर नजर**

बैठक में पुलिस अधिकारियों ने एनबीएफसी कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा कि वित्तीय लेन-देन के दौरान सामने आने वाली संदिग्ध गतिविधियों और संदिग्ध खातों की जानकारी समय रहते पुलिस के साथ साझा की जाए। इससे साइबर ठगी और अन्य वित्तीय अपराधों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने में मदद मिल सकेगी। पुलिस ने कंपनियों से अपने स्तर पर भी सुरक्षा उपायों को मजबूत करने पर जोर दिया।

**आमजन को ठगी से बचाने पर चर्चा**

बैठक का प्रमुख उद्देश्य आम नागरिकों को ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से सुरक्षित रखना रहा। पुलिस ने वित्तीय संस्थानों से अपील की कि वे अपने ग्राहकों को सुरक्षित डिजिटल लेन-देन, बैंकिंग जानकारी की गोपनीयता और साइबर ठगी से बचाव के प्रति जागरूक करें। साथ ही किसी भी संदिग्ध लेन-देन की स्थिति में तत्काल संबंधित एजेंसियों को सूचना देने की व्यवस्था मजबूत करने पर चर्चा हुई।

अधिकारियों ने कहा कि बदलते समय के साथ साइबर अपराधों के तरीके भी लगातार बदल रहे हैं। ऐसे में पुलिस और वित्तीय संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय बेहद जरूरी है। बैठक में आपसी सहयोग बढ़ाने तथा साइबर अपराध से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए सूचनाओं के आदान-प्रदान को प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया।

पुलिस ने कहा कि जनसहयोग और वित्तीय संस्थानों के साथ समन्वय के माध्यम से जिले में सुरक्षित वित्तीय व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

### फुटबॉल, योग और बास्केटबॉल में प्रतिभागियों ने जीता स्वर्ण-रजत पदक

## डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता में लहराया परचम

**बुढ़ार, देशबन्धु।** शिक्षा के साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल बुढ़ार के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने कटनी में आयोजित क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार सफलता अर्जित की और खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय एवं कोयलांचल क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। डी.ए.वी. बुढ़ार के लगभग 50 खिलाड़ियों ने 7 एवं 8 सितंबर को आयोजित क्लस्टर खेल प्रतियोगिता में फुटबॉल, बास्केटबॉल एवं योग प्रतियोगिताओं में खेल शिक्षक रणजीत यादव एवं नवनीत शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता निभाते हुये उत्कृष्ट प्रदर्शन किये और सफलता हासिल की।



आयोजित खेल प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं अंडर-17 बालक वर्ग के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में दमदार प्रदर्शन करते हुये पदक अपने नाम किये। अंडर-14 फुटबॉल एवं योग में स्वर्ण पदक हासिल किये, वहीं अंडर-17 वर्ग में खिलाड़ियों ने रजत पदक हासिल किया। योग प्रतियोगिता में शुभ जैन सहित सभी प्रतिभागियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपना तथा अपने विद्यालय का नाम रोशन किया, और अंडर-14 बालिका वर्ग में कोई प्रतिद्वंद्वी न होने के कारण डी.ए.वी. बुढ़ार की छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। डी.ए.वी. विद्यालय के चेयरमैन सी.एल. सरावगी ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहाकि - खेल में जीत के साथ खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का विशेष महत्व है। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिये शुभकामनाये दीं और खेल भावना और अनुशासन से होनहार छात्रों को सफलता अर्जित हुई जो अति उपलब्धि पूर्ण है। विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास,

**आपसी प्रेम और सौहार्द से खेल भावना में मिली सफलता : प्राचार्य**

डी.ए.वी. विद्यालय के प्राचार्य विनय मोहन उरमलिया ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, आपसी प्रेम और सौहार्द की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि डी.ए.वी. बुढ़ार के खिलाड़ी आगामी जोनल स्तर की प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटे सभी खिलाड़ियों का विद्यालय के प्रार्थना सभा में पदक पहनाकर होनहार खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों, खेल शिक्षकों एवं अभिभावकों बधाई दी।

### सार-समाचार

## डॉ. राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालय बुढ़ार में शिक्षक दिवस पर हुआ भव्य सम्मान कार्यक्रम

**बुढ़ार, देशबन्धु।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महानशिक्षाविद सर्व पल्ली डॉ राधाकृष्णन का जन्म दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढ़ार में पूरे उल्लास एवं गरिमामय कार्यक्रम के मध्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, अतिथि विद्वानों एवं शैक्षणिक स्टाफ को शिक्षक दिवस पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी एवं राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह में गुरु-शिष्य की चली आ रही परंपरा आयोजन में देखी गई और छात्रों ने गुरु जनों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं समर्पण की भावना का अनुपमेय उदाहरण प्रस्तुत किये। शिक्षक दिवस पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती गंगा मिश्रा ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि - शिक्षक विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार एवं उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला होते हैं। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को समाज निर्माण



के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अनिल उपाध्याय ने कहाकि - शिक्षक केवल विषय का ज्ञान प्रदान नहीं कराते, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिये तैयार करते हैं। डॉ. स्वालकिन खान ने भी शिक्षक-शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये कहाकि - विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षक का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणास्रोत बना हुआ है।शिक्षक सम्मान कार्यक्रम अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने महाविद्यालय के प्रो. किरण सिंह, प्रो. अनिल उपाध्याय, प्रो. नागमणि मानिकपुरी, डॉ. स्वालकिन खान, डॉ. राजेश चंद्र त्रिपाठी, डॉ आई के वेग, डॉ. मनोज कुजूर, डॉ. एस.एम. प्रजापति, डॉ. अनूप सेन, डॉ. ममता द्विवेदी, डॉ. राधेश्याम नापित, डॉ. दिनेश वर्मा, डॉ. जयशंकर सिंह, डॉ दीपक पटेल, शशि मोहन सेन, श्रीमती रानी पटेल, श्रीमती रानू सोनी, अंकुश प्रजापति, डॉ. बी.एन. उपाध्याय, डॉ. नर्गिस परवीन, डॉ. नृपेन्द्र सिंह कर्चुली, संजय सागर, डॉ. रिशा मिश्रा, कु. रितिका सिंह, डॉ. प्रभुदयाल चक्रवर्ती, डॉ. निशिका विशनानी, श्रीमती माधुरी शर्मा, रितेश सिंह, टीकम सिंह, सोनू चतुर्वेदी सहित समस्त प्राध्यापकों एवं शैक्षणिक स्टाफ को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बी.एन. उपाध्याय एवं दीपक पटेल ने किया वहीं कार्यक्रम की संयोजन प्रो. नागमणि मानिकपुरी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के आयोजन में महाविद्यालय के समस्त विभागीय जनों एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## जादू-टोने के शक ने लिया खौफनाक रूप चुन्नी से गला घोंटकर देवरानी की हत्या

**शहडोल, देशबन्धु।** जादू-टोना करने के संदेह ने एक महिला को इस कदर आक्रोशित कर दिया कि उसने अपनी ही रिश्ते की देवरानी की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना सीधी थाना क्षेत्र के छत्ता गांव की बताई जा रही है।



वारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू करते हुए आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान सुखरानिया बाई के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी मुन्नी बाई की बेटी अक्सर बीमार रहती थी। इसी को लेकर मुन्नी बाई को संदेह था कि उसकी रिश्ते की देवरानी सुखरानिया बाई उसकी बेटी पर जादू-टोना करती है, जिसके कारण वह बार-बार बीमार पड़ती है। इसी अंधविश्वास और संदेह के चलते दोनों के बीच विवाद की स्थिति बनी। आरोप है कि इसी दौरान मुन्नी बाई ने सुखरानिया बाई की चुन्नी से ही उसका गला घोंट दिया।

## ट्रैफिक थाना में पुलिस ऑडिटोरियम भवन का उद्घाटन

### एसपी संजय कुमार अग्रवाल ने 50 से अधिक नीम के पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**शहडोल, देशबन्धु।** पुलिस विभाग की कार्यकुशलता, प्रशिक्षण और क्षमता विकास को और बेहतर बनाने की दिशा में जिला पुलिस द्वारा थाना यातायात परिसर में नवनिर्मित पुलिस ऑडिटोरियम भवन का उद्घाटन किया गया। 9 सितंबर 2026 को पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री संजय कुमार अग्रवाल ने विधिवत रूप से ऑडिटोरियम भवन का उद्घाटन किया। इस भवन के माध्यम से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण, कार्यशाला तथा विभागीय गतिविधियों के आयोजन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस बल की कार्यक्षमता, प्रशिक्षण, क्षमता विकास एवं कल्याण को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना यातायात परिसर में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए ऑडिटोरियम भवन तैयार किया गया है। इससे पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण और क्षमता विकास के लिए सुविधाजनक स्थान मिल सकेगा।

**50 से अधिक नीम के पौधों का रोपण**-ऑडिटोरियम भवन के उद्घाटन अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने थाना यातायात परिसर में 50 से अधिक नीम के पौधों का रोपण भी किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पौधों को केवल रोपण तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

एसपी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पुलिस विभाग कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के साथ पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है।

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली संवर्धन का संकल्प लिया तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल पर जोर दिया।



## 12 साल में जर्जर हुआ 60 लाख का तहसील भवन, निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**चंदिया/उमरिया, देशबन्धु।** सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाली तस्वीर चंदिया तहसील में सामने आई है। वर्ष 2013 में करीब 60 लाख रुपये की लागत से निर्मित तहसील भवन महज 12 वर्षों में जर्जर हालत में पहुंच गया है। बारिश के दौरान भवन की छत से जगह-जगह परतें टूटकर गिर रही हैं जिससे यहां आने वाले अधिवक्ताओं अधिकारी-कर्मचारियों और फरियादियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। भवन की हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बारिश के पानी से कार्यालयीन व्यवस्था को बचाने के लिए छत पर पन्नी डालकर काम चलाना पड़ रहा है। बताया जाता है कि निर्माण के कुछ वर्षों बाद ही भवन का फर्श धंसने लगा था। इसके बाद लाखों रुपये खर्च कर मरम्मत कराई गई लेकिन स्थिति में स्थायी सुधार नहीं हो सका। तहसील भवन की मौजूदा स्थिति ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ-साथ बाद में कराए गए मरम्मत कार्यों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर जिस भवन पर लाखों रुपये की राशि खर्च की गई वह इतनी कम अवधि में जर्जर स्थिति में कैसे पहुंच गया? क्या निर्माण के दौरान निर्धारित मापदंडों का पालन हुआ था और मरम्मत के नाम पर खर्च की गई राशि का कितना सदुपयोग हुआ इन सवालों के जवाब अब जांच से ही सामने आ सकते हैं।

## सागर में मौतों के बाद टूटी आबकारी विभाग की नींद

### उमरिया में कच्ची शराब के ठिकानों पर दबिश भंगहा रमपुरी समेत कई इलाकों में कार्रवाई का इंतजार



**उमरिया, देशबन्धु।** सागर में नकली एवं कथित जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद उमरिया में भी आबकारी विभाग हरकत में आया है। शहर से लगे महरोई गांव और उजनिया क्षेत्र में दबिश देकर विभागीय टीम ने बड़ी मात्रा में महुआ लाहन बरामद किया तथा कच्ची शराब बनाने की भट्ठियों पर कार्रवाई की। इस कार्रवाई के बाद जिले में लंबे समय से चल रही अवैध शराब के कारोबार की शिकायतें एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भंगहा रमपुरी सरईया टोला और ज्वालामुखी सहित कई इलाकों में कच्ची शराब के निर्माण और बिक्री की शिकायतें लंबे समय से सामने आती रही हैं। बावजूद इसके इन क्षेत्रों में व्यापक और निरंतर कार्रवाई दिखाई नहीं देने से सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक कच्ची शराब का अवैध कारोबार केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं बल्कि सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा गंभीर खतरा है। पूर्व में भी कच्ची शराब के सेवन से मौतों की चर्चाएं सामने आती रही हैं हालांकि प्रत्येक मामले की आधिकारिक पुष्टि संबंधित विभाग से होना आवश्यक है। महरोई और उजनिया में हुई कार्रवाई निश्चित रूप से स्वागत योग्य है लेकिन सवाल यह है कि कार्रवाई सिर्फ घटना के बाद क्यों? यदि शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं तो आबकारी विभाग को चिन्हित क्षेत्रों में नियमित निगरानी और अचानक दबिश की कार्रवाई क्यों नहीं करनी चाहिए?

सागर की घटना ने पूरे प्रदेश को चेताया है। ऐसे में उमरिया में भी महज कुछ ठिकानों पर कार्रवाई कर अभियान को समाप्त करने के बजाय कच्ची शराब बनाने से लेकर उसकी बिक्री तक के पूरे नेटवर्क को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है। अब देखना होगा कि आबकारी विभाग की यह सक्रियता कितने दिनों तक कायम रहती है और भंगहा रमपुरी सरईया टोला व ज्वालामुखी जैसे क्षेत्रों में कब तक कार्रवाई पहुंचती है।

## अंधविश्वास : उमरिया में महिला को डायन बताकर दी तालिबानी यातनाएं गर्म चिमटे से दाग दी उंगलियां

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के ग्राम पंचायत रोहनिया सभ्य समाज और आधुनिकता के दावों के बीच अंधविश्वास का डरावना चेहरा एक बार फिर सामने आया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम रोहनिया में मानवता को तार तार कर देने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ सरोज बाई बैगा नामक महिला को सोधनिया कथित डायन होने के शक में न केवल बंधक बनाकर बर्बरतापूर्वक पीटा गया] बल्कि गर्म चिमटे से उसकी उंगलियां भी दाग दी गईं। हद तो तब हो गई जब स्थानीय पुलिस द्वारा कथित तौर पर मामला दर्ज न करने पर पीड़िता को न्याय और सुरक्षा की गुहार लेकर पुलिस अधीक्षक के दरवाजे पर दस्तक देनी पड़ी।



**छल से बुलाकर बनाया बंधक, पंडा के सामने फैसले की कोशिश**

पीड़िता द्वारा दिए गए शिकायत पत्र के अनुसार घटना 30 अगस्त की शाम की है। कौशिल्या बाई नामक महिला ने काम के बहाने सरोज बाई को अपने घर बुलाया। घर में पहले से मौजूद निरंजन सिंह बिहारी सिंह वीरेंद्र सिंह और राजेंद्र सिंह समेत अन्य लोगों ने अंदर पहुँचते ही पीड़िता को दबोच लिया। बाल पकड़कर जमीन पर घसीटा गया और बेरहमी से मारपीट की गई। हैवानियत यहीं नहीं रुकी महिला को यातना देने के लिए गर्म चिमटे से उसकी उंगलियां दागी गईं।

घटना को अंजाम देने के बाद पीड़िता के पति मुकेश बैगा को भी बुला लिया गया और दोनों को पिकअप वाहन में लादकर नयागांव के एक पंडा के पास ले जाया गया। हालांकि पंडा ने महिला के सोधनिया होने से इंकार कर दिया जिसके बाद आरोपी दोनों को वापस ले आए। रास्ते में पीड़िता का मोबाइल भी छीन लिया गया ताकि वे किसी से संपर्क न कर सकें।

**धमकी लालच और पुलिसिया सुस्ती पर उठे सवाल**- पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद आरोपियों ने मामला दबाने के लिए पैसों का लालच दिया और पुलिस के पास जाने पर जान से मारने की धमकी दी। सबसे गंभीर पहलू यह है कि पीड़िता जब उमरिया थाने पहुँची तो उसकी लिखित शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। हार मानकर पीड़िता ने अब पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और परिवार के लिए सुरक्षा की मांग की है।

**कुंठित मानसिकता का प्रतीक**- 21वीं सदी में भी समाज के एक हिस्से में पसरा यह अंधकार न सिर्फ कानून व्यवस्था पर करारा तमाचा है बल्कि हमारी सामाजिक चेतना पर भी गहरा धब्बा है। किसी कमजोर या आदिवासी महिला को डायन या सोधनिया करार देकर उस पर अत्याचार करना कुंठित मानसिकता और कानून के खौफ के अभाव को दर्शाता है।

यदि पीड़िता के आरोप सत्य हैं तो उमरिया पुलिस की निष्क्रियता भी उतनी ही अक्षम्य है जितनी आरोपियों की बर्बरता। पुलिस प्रशासन को बिना किसी दबाव के मामले में सख्त से सख्त धाराओं और डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि समाज में एक कड़ा संदेश जाए।

## साड़ी दुकान में आग, 5 लाख का सामान खाक, दमकल ने पाया काबू

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिला मुख्यालय में बुधवार सुबह एक दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। दुकान संचालक एकता ने बताया कि सुबह एक परिचित ने घर का दरवाजा खटखटाकर दुकान से धुआं निकलने की जानकारी दी। बाहर आकर देखा तो दुकान आग की लपटों से घिरी हुई थी।

घटना की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान संचालक के मुताबिक आग से करीब 4 से 5 लाख रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। घटनास्थल के बाहर शराब की खाली बोतलें भी मिली हैं। हालांकि, आग किस वजह से लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख रही है। फुटेज के आधार पर आग लगने के कारणों और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जानकारी जुटाई जा रही है। फायर ब्रिगेड के समय पर पहुंचने से आग को आसपास फैलने से रोक लिया गया।


# 23 साल बाद अनूपपुर जिला न्यायालय भवन का रास्ता साफ

## हाईकोर्ट में याचिका और सख्त रुख के बाद शासन ने जारी की मंजूरी, 44.85 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति

### पक्षकारों व अधिवक्ताओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिला बनने के करीब 23 वर्ष बाद आखिरकार अनूपपुर जिला न्यायालय भवन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। मध्यप्रदेश शासन ने जिला न्यायालय भवन के निर्माण के लिए 44.85 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी है। लंबे समय से चली आ रही मांग, लगातार मिल रहे आश्वासनों और बजट का इंतजार खत्म होने के पीछे जबलपुर हाईकोर्ट में दायर रिट याचिका और सुनवाई के दौरान न्यायालय के सख्त रुख को अहम माना जा रहा है। प्रशासनिक स्वीकृति जारी होने के बाद अब अनूपपुर में आधुनिक और सुविधायुक्त जिला न्यायालय भवन के निर्माण की उम्मीद मजबूत हो गई है। नए भवन से न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और दूरदराज से आने वाले पक्षकारों को बेहतर सुविधाएं मिलने की संभावना है। इसके साथ ही न्यायिक अधिकारियों के आवास की लंबे समय से चली आ रही समस्या भी दूर होने की उम्मीद है।

**घोषणा होती रही, बजट का इंतजार चलता रहा -** अनूपपुर को वर्ष 2003 में जिला बनाया गया था। जिला बनने के बाद से ही यहां स्वतंत्र जिला



न्यायालय भवन और न्यायिक अधिकारियों के लिए आवास की मांग लगातार उठती रही। मुख्यमंत्री के जिला प्रवास के दौरान न्यायालय भवन को लेकर घोषणाएं हुईं। विधायकों ने विधानसभा में भी इस मुद्दे को उठाया, जबकि जिला न्यायालय अधिवक्ता संघ द्वारा शासन को कई बार ज्ञापन सौंपकर भवन निर्माण के लिए बजट उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके बावजूद वर्षों तक निर्माण के लिए आवश्यक बजट स्वीकृत नहीं हो सका। वर्तमान न्यायालय परिसर में पर्याप्त जगह और सुविधाओं के अभाव में पक्षकारों और अधिवक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

**एक साल तक जवाब नहीं मिला तो हाईकोर्ट पहुंचे -** लगातार मांग के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होने पर वरिष्ठ अधिवक्ता बासुदेव चटर्जी ने अधिवक्ता दीपक कुमार पांडे के माध्यम से जबलपुर हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की। पहली सुनवाई में ही हाईकोर्ट ने मामले से जुड़े सभी अनावेदकों को नोटिस जारी किए थे। इसके बावजूद करीब एक वर्ष तक अपेक्षित जवाब और प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 28 जुलाई को मामले की सुनवाई के दौरान डबल बेंच ने सख्त रुख अपनाते हुए मध्यप्रदेश शासन के विधि सचिव को 3 अगस्त को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिए। शासन के अधिकारियों की व्यक्तिगत उपस्थिति के निर्देश के बाद मामले में तेजी आई और न्यायालय भवन निर्माण के लिए बजट स्वीकृति की प्रक्रिया आगे बढ़ी।

**रोजाना हजारों पक्षकार, बैठने तक की पर्याप्त जगह नहीं -** अधिवक्ता दीपक कुमार पांडे के अनुसार जिला न्यायालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में पक्षकार अपने मामलों की सुनवाई के लिए पहुंचते हैं, लेकिन वर्तमान परिसर में उनके बैठने तक की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। न्यायिक अधिकारियों के लिए आवास की सुविधा का भी अभाव बना हुआ है। अधिवक्ताओं के लिए भी सीमित व्यवस्था है। वर्तमान परिसर में केवल एक कक्ष उपलब्ध होने के कारण सीमित जगह में कार्य करना पड़ता है। ऐसे में लंबे समय से नए जिला न्यायालय भवन की जरूरत महसूस की जा रही थी। अधिवक्ता पांडे ने कहा कि न्यायालय भवन के लिए वर्षों तक केवल घोषणाएं और आश्वासन मिलते रहे। शासन स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण अंततः न्यायालय की शरण लेना जरूरी हुआ।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस भवन की उम्मीद -** अब 44.85 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद अनूपपुर में आधुनिक जिला न्यायालय भवन के निर्माण की उम्मीद जगी है। नए भवन में न्यायिक कार्यों के लिए बेहतर वातावरण के साथ पक्षकारों और अधिवक्ताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होने की संभावना है। इससे जिले के न्यायिक ढांचे को मजबूती मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही भवन एवं आवास संबंधी समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

**श्रेय लेने की होड़ भी शुरू -** न्यायालय भवन के लिए बजट स्वीकृत होने के बाद अब राजनीतिक गलियारों और सोशल मीडिया में इसका श्रेय लेने की होड़ भी दिखाई देने लगी है। विभिन्न नेताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा इसे अपनी पहल और प्रयासों का परिणाम बताया जा रहा है। हालांकि, इस पूरे मामले में लंबे समय से चल रहे प्रयासों के साथ हाईकोर्ट में दायर याचिका और न्यायालय के सख्त रुख के बाद शासन स्तर पर आई तेजी भी महत्वपूर्ण कड़ी रही है।

# अमरकंटक में अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## दीनदयाल चौराहा से शांति कुटीर तक हटाए गए कब्जे नर्मदा मंदिर कार्यालय के सामने भी हुई कार्रवाई

**अनूपपुर, देशबन्धु।** अमरकंटक नगरीय क्षेत्र में सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने और आम नागरिकों एवं श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन ने बुधवार को विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। कलेक्टर रत्नाकर झा के निर्देश पर की गई कार्रवाई में नगरीय निकाय एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने विभिन्न स्थानों पर किए गए अवैध



अतिक्रमण हटाए।कार्रवाई मुख्य नपाधिकारी चैन सिंह परस्ते के नेतृत्व में की गई। अभियान के दौरान दीनदयाल चौराहा से शांति कुटीर तक सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। इसके साथ ही नर्मदा मंदिर प्राधिकरण कार्यालय के सामने शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई।

प्रशासन की कार्रवाई के दौरान सार्वजनिक मार्गों पर यातायात में बाधा बनने वाले तथा आम नागरिकों और अमरकंटक आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन को प्रभावित करने वाले अतिक्रमणों को हटाकर संबंधित क्षेत्रों को व्यवस्थित किया गया।

## सार-समाचार

### फटाका फोड़ने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर पर यातायात पुलिस का शिकंजा, 13 साइलेंसर जब्त

**अनूपपुर, देशबन्धु।** शहर में आमजन को सुरक्षित और सुगम यातायात उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज में बुलेट चलाने और सड़क पर



स्टंटबाजी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। अभियान के तहत शहर के प्रमुख तिराहों पर बुलेट वाहनों की नियमित चेकिंग की जा रही है। महज कुछ दिनों में यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 13 मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किए हैं। संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई भी की गई है। यातायात पुलिस द्वारा सामतपुर तिराहा, अमरकंटक तिराहा और अंडरब्रिज तिराहा पर नियमित रूप से वाहनों की जांच की जा रही है। चेकिंग के दौरान खासतौर पर बुलेट वाहनों में लगे मॉडिफाइड साइलेंसर, तेज रफ्तार और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले चालकों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस के अनुसार मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली तेज आवाज से आम लोगों, बुजुर्गों और बच्चों को परेशानी होती है। साथ ही तेज रफ्तार और स्टंटबाजी सड़क हादसों का कारण भी बन सकती है। इसी को देखते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### एनसीसी कैडेट्स ने दिया स्वस्थ जीवनशैली और स्वच्छता का संदेश

**पन्ना, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में 09 सितंबर को लाइफस्टाइल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.के. वर्मा एवं एनसीसी केयरटेकर डॉ. अमरजीत साहू के निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली शारीरिक फिटनेस स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। इस अवसर पर ह्रष्ट कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत फिजिकल फिटनेस गतिविधि, स्वच्छता अभियान पौधारोपण तथा शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। फिजिकल फिटनेस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को नियमित व्यायाम एवं स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का संदेश दिया गया।

# जय अंबे कंपनी के खिलाफ लामबंद हुए जनप्रतिनिधि और किसान

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के ग्राम खाड़ा स्थित रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट में संचालित जय अंबे प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ स्थानीय जनप्रतिनिधियों, किसानों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बेरोजगार युवाओं ने मोर्चा खोल दिया है। आंदोलनकारियों ने कंपनी प्रबंधन पर स्थानीय युवाओं की अनदेखी कर बाहरी लोगों को रोजगार में प्राथमिकता देने का आरोप लगाया है। बुधवार को आयोजित बैठक एवं विरोध प्रदर्शन में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, किसान, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय युवा एकजुट हुए। प्रदर्शनकारियों ने कंपनी से स्थानीय बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने की मांग की। सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा ने कंपनी प्रबंधन को 72 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने की स्थिति में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

**स्थानीय युवाओं की अनदेखी का आरोप -** आंदोलन का नेतृत्व कर रहे भूपेश शर्मा ने कहा कि रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट क्षेत्र के ग्रामीणों ने वर्षों से विकास और रोजगार की उम्मीद लगा रखी है। परियोजना के कारण क्षेत्र की जमीन, सड़क, प्राकृतिक संसाधनों और स्थानीय वातावरण पर प्रभाव पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद स्थानीय शिक्षित एवं योग्य युवाओं को पर्याप्त रोजगार के



**स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता देने की मांग, 72 घंटे का अल्टीमेटम मांग पूरी नहीं हुई तो होगा आंदोलन**

अवसर नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी में बड़ी संख्या में बाहरी लोगों को रोजगार दिया गया है, जबकि क्षेत्र के बेरोजगार युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि

**66 बाहरी कर्मचारियों की सूची तैयार करने का दावा -** बैठक के दौरान भूपेश शर्मा ने दावा किया कि कंपनी में कार्यरत बाहरी कर्मचारियों की एक सूची तैयार की गई है, जिसमें करीब 66 कर्मचारियों के नाम शामिल हैं। आंदोलनकारियों के अनुसार यह सूची कंपनी प्रबंधन को सौंपकर उन पदों की समीक्षा की मांग की जाएगी, जहां स्थानीय योग्य युवा उपलब्ध हैं। आंदोलनकारियों का कहना है कि जिन पदों के लिए स्थानीय युवा योग्य हैं, वहां बाहरी कर्मचारियों की नियुक्ति पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए तथा स्थानीय बेरोजगारों को भर्ती में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हालांकि, कर्मचारियों की सूची और नियुक्तियों से जुड़े आरोपों पर कंपनी प्रबंधन की ओर से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है। आंदोलनकारियों ने कंपनी से स्थानीय रोजगार नीति सार्वजनिक करने और क्षेत्रवार नियुक्त कर्मचारियों की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है।

भूपेश शर्मा ने कहा कि कंपनी प्रबंधन को स्थानीय युवाओं की भर्ती और रोजगार संबंधी मांगों पर निर्णय लेने के लिए 72 घंटे का समय दिया गया है। निर्धारित अवधि में सकारात्मक पहल नहीं होने पर आंदोलन का अगला चरण शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का विरोध करना नहीं, बल्कि क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के रोजगार के मुद्दे को प्रमुखता से उठाना है। आवश्यकता पड़ने पर कंपनी कार्यालय और परियोजना क्षेत्र के सामने शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

**जनप्रतिनिधियों ने दिया समर्थन -** स्थानीय रोजगार के मुद्दे को लेकर आयोजित बैठक में कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आंदोलन को समर्थन दिया। पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार से वंचित रखना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कंपनियों से स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग की। जिला पंचायत सदस्य शांति मनमोहन चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता अपने अधिकारों को लेकर जागरूक है और युवाओं के भविष्य से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जनपद सदस्य एवं वन सभापति चंद्रकुमार तिवारी ने स्थानीय संसाधनों का उपयोग करने वाले उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की जिम्मेदारी तय करने की बात कही। पूर्व जनपद सदस्य राजबहोर चंद्रा और सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश त्रिपाठी ने भी बेरोजगारी के मुद्दे पर चिंता जताते हुए कहा कि स्थानीय युवाओं के रोजगार के लिए जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता एकजुट होकर संघर्ष करेंगे।

**किसानों और ग्रामीणों ने भी किया समर्थन -** बैठक में मौजूद किसानों और ग्रामीणों ने भी स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग का समर्थन किया।

# छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस ने चलाया रजिस्ट्रेशन अभियान

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना द्वारा आगामी 19 सितंबर को इंदौर में राहुल गांधी जी की उपस्थिति में आयोजित होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर छात्र-युवाओं की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रजिस्ट्रेशन अभियान चलाया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अजयगढ़ चौराहा स्थित कंप्यूटर इंस्टीट्यूट एवं छत्रसाल महाविद्यालय में पहुंचकर छात्र-छात्राओं एवं युवाओं से संवाद किया गया और उन्हें कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में इंदौर पहुंचने का आह्वान किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने कार्यक्रम में सहभागिता के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया।

जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के जिलाध्यक्ष अनीस खान ने कहा कि आज देश और प्रदेश



के युवा रोजगार, शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा अपने भविष्य से जुड़े गंभीर सवालों को लेकर चिंतित हैं। ऐसे समय में छात्रों और युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाना बेहद आवश्यक है। 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम युवाओं के हक और अधिकारों की आवाज को एक मंच प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी के नेतृत्व में छात्रों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई कांग्रेस लगातार मजबूती से लड़ती रहेगी। पन्ना जिले से भी बड़ी संख्या में छात्र और युवा 19 सितंबर को इंदौर पहुंचकर कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

इस अवसर पर संगठन महामंत्री राजबहादुर पटेल, मार्तंड देव बुंदेला जिला उपाध्यक्ष शशिकांत दीक्षित, पन्ना ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती रमा बुंदेला, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी, श्रीमती आस्था तिवारी, श्रीमती विमला सिंगरौल, अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग अध्यक्ष कदीर खान, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राजगोंड, हस्तु के सचिन अहिरवार, रोशन कोरी, कुलदीप गर्ग, वीरू आदिवासी, संजू आदिवासी, अजय अहिरवार, गोलू अहिरवार, रवींद्र वर्मा, अखिलेश यादव, सत्येंद्र यादव सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मवेशी तस्करी मामले में एक गिरफ्तार, पांच पर मामला दर्ज

## बंधवाटोला से तीन भैंस बरामद, झींक बिजुरी के रास्ते दूसरे राज्य भेजे जाने की आशंका

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कोतमा थाना क्षेत्र में मवेशियों को दूसरे राज्य भेजे जाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने पांच अन्य लोगों के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने बंधवाटोला गांव से तीन भैंसों को बरामद किया है, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1.20 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार 3 सितंबर की रात सूचना मिली थी कि बंधवाटोला और सुईडांड क्षेत्र से मवेशियों को झींक बिजुरी की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर कोतमा पुलिस ने बंधवाटोला में घेराबंदी की। इसी दौरान एक व्यक्ति तीन भैंसों को मारते-पीटते हुए ले जाते मिला। पुलिस ने उसे पकड़कर भैंसों को अपने कब्जे में ले लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान टेकटा टोला निवासी जुगुल सिंह गोंड के रूप में हुई है। पूछताछ में जुगुल ने पुलिस



को बताया कि वह तीनों भैंसों को झींक बिजुरी ले जा रहा था। उसके अनुसार, झींक बिजुरी निवासी आरिफ खान मवेशियों को जिला पार कराने के बदले उसे 400 रुपये देता था।

जुगुल ने पूछताछ में यह भी बताया कि वह बबलू जोगी के साथ खोड़री गांव में केवई नदी के पास गया था। वहां ललुआ जायसवाल, रघुवर साहू और बाबूराम तीन भैंसों को हांककर लाए थे। पुलिस के मुताबिक, मवेशियों को झींक बिजुरी में एकत्र करने के बाद ट्रक के जरिए दूसरे राज्य भेजे जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस ने जुगुल सिंह गोंड के अलावा बबलू जोगी, आरिफ खान, ललुआ जायसवाल, रघुवर साहू और बाबूराम के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं मध्यप्रदेश कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस पांचों फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

**जैतहरी में भी हुई थी कार्रवाई -** मवेशियों की अवैध ढुलाई के खिलाफ जिले में इससे पहले भी कार्रवाई हो चुकी है। जैतहरी थाना क्षेत्र के लपटा गांव में पुलिस ने चार बाड़ों से 96 मवेशियों को बूचड़खाने ले जाने से पहले मुक्त कराया था। इसके बाद तीन पिकअप वाहनों में लदे 20 मवेशियों को भी पकड़ा गया था। अब कोतमा पुलिस ने तीन भैंसों को बरामद कर मामले में कार्रवाई की है।

# टीटीई का सरकारी सामान से भरा बैग चोरी, अंतरराज्यीय बदमाश गिरफ्तार

## शासकीय टैबलेट, ईएफटी रसीद बुक समेत 15 हजार का सामान बरामद

**अनूपपुर, देशबन्धु।** बिलासपुर-चिरमिरी पैसेंजर ट्रेन में ड्यूटी के दौरान टीटीई का सरकारी सामान से भरा बैग चोरी करने के मामले में जीआरपी अनूपपुर चौकी पुलिस ने अंतरराज्यीय बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया शासकीय टैबलेट, ईएफटी रसीद बुक सहित करीब 15 हजार रुपये का सामान बरामद किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार घटना 16 अगस्त की रात की है। बिलासपुर रेल मंडल में पदस्थ टीटीई रविंद्र पांडे ट्रेन क्रमांक 18257 बिलासपुर-चिरमिरी पैसेंजर के कोच एस-3 में ड्यूटी पर तैनात थे। उनका बैग बर्थ नंबर 17 के पास रखा था। इसी दौरान अज्ञात चोर मौका पाकर बैग लेकर फरार हो गया। बैग में शासकीय टैबलेट, ईएफटी रसीद बुक और अन्य जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे।

बैग गायब होने की जानकारी मिलने पर टीटीई ने ट्रेन में यात्रियों से पूछताछ कर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अनूपपुर स्टेशन पहुंचने के बाद उन्होंने जीआरपी चौकी में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक पी.एस. कुलस्ते के नेतृत्व में पुलिस और आरपीएफ टास्क टीम ने रेलवे स्टेशन एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले।



इसके साथ ही संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए आरोपी की तलाश शुरू की गई। लगातार जांच के दौरान 8 सितंबर को जीआरपी को मुखबिर से आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर सुरेंद्र बंसल (26), पिता मोहन बंसल, निवासी लालपुर, थाना मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी, छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी के कब्जे से चोरी गया शासकीय टैबलेट, ईएफटी रसीद बुक सहित करीब 15 हजार रुपये का सामान बरामद कर लिया गया।

# दैनिक राशिफल

**गुरुवार 10 सितम्बर 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अमावस्या, नक्षत्र-मघा**

मेष -आज आपको अपने उग्र स्वभाव पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी।

वृषभ -आज आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकेंगे। इस काम का फल भी आपको अपेक्षानुसार मिलेगा। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे।

मिथुन -नई योजनाएं शुरू करने के लिए आज अनुकूल दिन है। व्यवसाय करने वालों को सरकार की तरफ से लाभ मिलने और नौकरीपेशा को उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि मिलेगी।

कर्क -आज आप शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। परिणामस्वरूप मन में नकारात्मक विचार पैदा होंगे। किसी के साथ गलतफहमी होने के कारण मनमुटाव हो सकता है।

सिंह -भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ निर्णय के कारण आज आप कोई भी काम त्वरित निर्णय लेकर पूरा करेंगे। समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पिता तथा अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा।

कन्या -शारीरिक अस्वस्थता के साथ-साथ मानसिक चिंता में वृद्धि होगी। आंख संबंधी शिकायत पैदा होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। आकस्मिक धन खर्च होगा।

तुला -आज विविध क्षेत्र में लाभ मिलने से आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात, रमणीय स्थानों पर प्रवास पर्यटन का आयोजन होगा।

वृश्चिक -आज आपके हरेक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी- व्यवसाय में प्रगति होगी। अधिकारी और घर में बड़ों से लाभ मिलेगा।

धनु -शरीर में थकान और बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। मन चिंता से व्याकुल रहेगा। आज यात्रा स्थगित रखने की सलाह दी जाती है।

मकर -खान-पान पर ध्यान नहीं रखने से आज तबीयत खराब होने की आशंका है। मरीज़ की चिकित्सा, प्रवास या व्यापारिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। भागीदारों के साथ मतभेद होगा।

कुंभ -भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल के साथ प्रेम और रोमांस आपके आज के दिन को अच्छा बनाएंगे। नए लोगों के साथ परिचय और मित्रता होगी।

मीन -घर में सुख- शांति और आनंद का वातावरण बने रहने से आप अपने दैनिक कामों को आत्मविश्वास से कर सकेंगे। आपको स्वाभाविक उग्रता और वाणी पर संयम रखने की जरूरत है।

0,5,6,8,00,58,67,88,84,01,14,12

**हनुमना को मिली विकास की नई सौगात, आठ करोड़ की लागत से नवनिर्मित तहसील भवन का हुआ लोकार्पण**

## नवीन भवन से विकास की नई यात्रा प्रारंभ होगी: सांसद जनार्दन मिश्रा





**विकास के साथ जन सुविधाओं का विस्तार प्रमुख प्राथमिकता: विधायक प्रदीप पटेल**

**मऊगंज देशबन्धु।** हनुमना तहसील में प्रशासनिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 8 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित संयुक्त कार्यालय भवन का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल ने की। नवीन भवन में तहसील से संबंधित विभिन्न कार्यालयों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे आमजन को एक ही स्थान पर बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि आठ करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह भवन क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मऊगंज में लगभग पचास करोड़ रुपए की लागत से कलेक्टेट भवन का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के भवनों का निर्माण भी प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि ये निर्माण कार्य मऊगंज के जिला बनने के बाद विकास की नई यात्रा की शुरुआत का प्रतीक हैं। सांसद ने कहा कि मऊगंज जिले की मांग लंबे समय से चली आ रही थी और जिले के गठन के बाद अब इसे व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और आमजन के सहयोग की आवश्यकता है।



उन्होंने सभी से आग्रह किया कि छोटे-छोटे विवादों में उलझने के बजाय जिले के विकास में सकारात्मक सहयोग करें। ऐसा कोई कार्य नहीं होना चाहिए, जिससे मऊगंज के संबंध में नकारात्मक धारणा बने, क्योंकि सकारात्मक वातावरण ही जिले की प्रगति को गति देगा। उन्होंने बताया कि रीवा से मिर्जापुर रेलवे लाइन के लिए सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है। मऊगंज क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए लगभग पांच हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है और कार्य प्रारंभ हो चुका है। जहां बाणसागर का पानी नहीं पहुंच पाया है, वहां माइक्रो इरिगेशन के माध्यम से गांव-गांव तक सिंचाई का पानी पहुंचाने का लक्ष्य है।

## शिक्षक दिवस पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी में शिक्षकों का गरिमामय सम्मान



**सीधी देशबन्धु।** शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, सीधी में शिक्षक सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार और विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए शिक्षकगणों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. प्रभाकर सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर डॉ. के. एस. नेताम, डॉ. अनिल सिंह, डॉ. संदीप देव पाण्डेय, डॉ. के. बी. सिंह, डॉ. अरविंद त्रिपाठी, डॉ. आई. पी. प्रजापति, डॉ. पुष्पेंद्र शाह, डॉ. गुलाम सहित महाविद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिलीप सोनी ने किया। डॉ. अनिल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आदर्श शिक्षक केवल विषय का ज्ञान देने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि अपने आचरण, अनुशासन, संवेदनशीलता और समर्पण के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन की सही दिशा प्रदान करता है। उन्होंने शिक्षक के श्रेष्ठ गुणों को अपने व्यवहार और जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। उनके मार्गदर्शन से विद्यार्थी ज्ञान के साथ संस्कार, नैतिक मूल्य, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना ग्रहण करते हैं। बदलते समय में शिक्षक की भूमिका और अधिक व्यापक हुई है तथा विद्यार्थियों को सक्षम, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाने में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। समारोह में महाविद्यालय के शिक्षकगणों का सम्मान किया गया। आयोजन ने गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा को अभिव्यक्त करते हुए महाविद्यालय परिवार में आत्मीयता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। अंत में डॉ. पुष्पेंद्र शाह ने आभार व्यक्त करते हुए प्राचार्य, शिक्षकगण, अतिथियों तथा कार्यक्रम की सफलता में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सार-समाचार

## उपनिरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने से की गई पाइपिंग सेरेमनी

**रीवा देशबन्धु।** पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार वैश्य के द्वारा पीटीएस रीवा में पदस्थ 2015 बैच की उप निरीक्षक , आराधना सिंह का उपनिरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नति के अवसर पर पाइपिंग सेरेमनी की गई जिसमें पुलिस अधीक्षक के द्वारा उनके कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने की शुभकामनाएं दी गई साथ ही उन्हें नवीन जिम्मेदारियां को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाने हेतु समझाइए भी दी गई। इस अवसर पर पीटीएस के स्टाफ के द्वारा भी उन्हें शुभकामनाएं दी गई। गौरतलब है की दिनांक 7 सितंबर 2026 को पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा 223 कार्यवाहक निरीक्षक/उप निरीक्षक के निरीक्षक पद पर पदोन्नति का आदेश जारी किया गया है। इसी सूची में आराधना सिंह का नाम भी शामिल है।



## विधायक नागेन्द्र सिंह की बड़ी बहू रश्मि राजा सिंह आज भाजपा में होंगी शामिल



**गुढ़ देशबन्धु।** गुढ़ क्षेत्र के वरिष्ठ विधायक नागेन्द्र सिंह की बड़ी बहू रश्मि राजा सिंह आज गुरुवार 10 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगी। सदस्यता ग्रहण समारोह भाजपा कार्यालय अटल कुंज, देकहा रीवा में आयोजित किया जाएगा। समारोह में रीवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद जनार्दन मिश्रा, गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह तथा भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता की उपस्थिति रहेगी। रश्मि राजा सिंह के भाजपा में शामिल होने को गुढ़ क्षेत्र में पार्टी के संगठनात्मक विस्तार की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सदस्यता ग्रहण समारोह में गुढ़ क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के साथ जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच सहित क्षेत्र के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे। आयोजन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

## बाढ़ प्रभावितों के बीच पहुंचे रमाशंकर सिंह

*300 परिवारों को बांटी राहत सामग्री, नुकसान का सर्वे कर मुआवजा दिलाने का दिया भरोसा*

**त्योथर देशबन्धु।** लगातार बारिश और बार-बार आई बाढ़ से त्योथर नगर के कई वार्डों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। 19 एवं 20 अगस्त, 29 अगस्त तथा 2 एवं 3 सितंबर को आई बाढ़ के कारण कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी रही। बाढ़ की सबसे अधिक मार गरीब, मजदूर और जरूरतमंद परिवारों पर पड़ी। कई कच्चे मकान क्षतिग्रस्त होने से प्रभावित परिवारों के सामने रहने और भोजन की समस्या खड़ी हो गई। बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने त्योथर विधानसभा-70 से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रमाशंकर सिंह प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। उन्होंने विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद अपनी टीम के साथ राहत अभियान चलाते हुए करीब 300 प्रभावित परिवारों को राशन एवं आवश्यक राहत सामग्री वितरित की। राहत वितरण के दौरान रमाशंकर सिंह ने कहा कि प्राकृतिक आपदा की इस कठिन घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा होना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से हुए नुकसान, क्षतिग्रस्त मकानों और प्रभावित परिवारों की अन्य समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा।

## भाजपा मंडल गुढ़ की बैठक संपन्न, सेवा संकल्प की कार्यरेखा तय



**गुढ़ देशबन्धु।** भाजपा मंडल गुढ़ की बैठक बुधवार 9 सितंबर को दोपहर 3 बजे श्री भागवत पैलेस गुढ़ में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। अध्यक्षता भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के जिला महामंत्री मनीष मिश्रा शामिल हुए। अतिथि स्वागत एवं विषय प्रवेश मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता ने कराया।

बैठक के दौरान भाजपा मंडल गुढ़ के किसान मोर्चा की नवगठित कमेटी का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। साथ ही 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पूरे

**किसान मोर्चा की नवगठित कमेटी का हुआ परिचय सम्मेलन, पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां**

माह चलने वाले सेवा संकल्प कार्यक्रम की कार्यरेखा उपस्थित पदाधिकारियों के साथ तय की गई। मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को किसान मोर्चा की जिम्मेदारियों और संगठनात्मक भूमिका से अवगत कराया।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता बीके पाण्डेय ने किया। आभार प्रदर्शन किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामायण प्रसाद अग्निहोत्री ने किया। अंत में राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ बैठक का समापन हुआ।

बैठक में भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता, अवध सिंह बघेल, पवन मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, रावेंद्र मिश्रा, कपिल पयासी, आलेश पयासी, बीके पाण्डेय, धनपत लाल गुप्ता, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, दिलीप दुबे, राज बहोर कुशवाहा, रक्षारानी पटेल, निखिल पाठक, सच्चितानंद शर्मा, संदीप सिंह, सोमवती कुशवाहा, रघुनाथ पटेल, रमेश कुमार द्विवेदी, शैलेन्द्र बंसल, हरीश प्रसाद मिश्रा, बिहारी कोरी, समयलाल पाल, सोनू गुप्ता, विजय शंकर गुप्ता, नारायण विश्वकर्मा, भैयालाल विश्वकर्मा, रामजी त्रिपाठी, वीरेंद्र सिंह परिहार, सुनीता तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल 10 एवं 11 सितम्बर को सीधी के प्रवास पर

*सिहावल में शासकीय जूनियर आदिवासी बालक छात्रावास सिहावल का करेंगे लोकार्पण*



**सीधी देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सीधी जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल 10 एवं 11 सितम्बर को सीधी जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री 10 सितम्बर को रात्रि 7 बजे परसिली रिसोर्ट सीधी पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे। 11 सितम्बर को प्रातः 10 बजे परसिली से सिहावल के लिए रवाना होंगे और प्रातः 11.30 बजे सिहावल पहुंचेंगे। यहां वे शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावल के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। इसके साथ ही युवा संवाद, मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान कार्यक्रम, हित लाभ वितरण तथा शासकीय जूनियर आदिवासी बालक छात्रा वास सिहावल के लोकार्पण कार्य क्रम में भाग लेंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 2.30 बजे सिहावल से सर्किट हाउस सीधी के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 3 बजे सर्किट हाउस पहुंचकर जनप्रतिनिधियों एवं जनसामान्य से भेंट एवं चर्चा करेंगे।

## सफलता की कहानी स्व-सहायता समूह ने बदली अनूपा की जिंदगी, खेती से बढ़ी आय और बनीं लखपति दीदी

**सीधी, देशबन्धु।** विकासखण्ड रामपुर नैकिन के ग्राम चोरगढ़ी निवासी अनूपा कुशवाहा ने स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपनी मेहनत और बेहतर कृषि तकनीक के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की है। कभी कृषि कार्य से मात्र 75 हजार रुपये वार्षिक आय अर्जित करने वाली अनूपा आज 2.80 लाख रुपये वार्षिक आय अर्जित कर लखपति दीदी बन चुकी हैं।

अनूपा वर्ष 2010 में संतोषी स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने बचत और ऋण की सुविधा का लाभ उठाते हुए अपनी कृषि गतिविधियों को विस्तार देने का निर्णय लिया। समूह के माध्यम से 5-6 बार में कुल 7.50 लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर उन्होंने अपने खेत में ड्रिप एरीगेशन की सुविधा स्थापित की। ड्रिप सिंचाई की सुविधा मिलने के बाद अनूपा ने अपने खेत में सब्जी की खेती शुरू की। सिंचाई की बेहतर व्यवस्था, उत्पादन के लिए आवश्यक सुविधाओं और बाजार की उपलब्धता ने उनकी कृषि गतिविधियों को नई दिशा दी। परिणामस्वरूप सब्जी उत्पादन में वृद्धि हुई और उनकी आमदनी में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई। आज अनूपा कुशवाहा की वार्षिक आय बढ़कर 2.80 लाख रुपये हो गई है। स्व-सहायता समूह से मिले सहयोग, ऋण सुविधा और अपनी मेहनत के बल पर उन्होंने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की, बल्कि लखपति दीदी बनकर अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## रोजगार मेला कन्या महाविद्यालय में 16 सितंबर को

**रीवा देशबन्धु।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रीवा में 16 सितंबर को वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में रीवा जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में 20 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में आने वाले युवाओं के पंजीयन सुबह 10 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। मेले में शामिल होने वाले युवाओं के लिए आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए युवाओं की आयु 18 से 38 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कक्षा 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, एमबीए, समस्त ट्रेडों से आईटीआई उत्तीर्ण तथा मेकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त युवा रोजगार मेले में शामिल हो सकते हैं। वेतन एवं भत्ते 12 हजार रुपए से 25 हजार रुपए कंपनीवाइज अलग-अलग निर्धारित किया गया है। रोजगार मेले में आने वाले युवाओं को अपने साथ समग्र आईडी, मूल अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लाना अनिवार्य होगा।

## डेढ़ सौ अतिथि विद्वान हुए बाहर,सरकार की घोषणा पर उठ रहे सवाल

**अतिथि विद्वानों की अपील,वादा निभाए सरकार,स्थाइत्व समायोजन ही है एक रास्ता**

**रीवा देशबन्धु।** सूबे के सरकारी कॉलेजों में पिछले दो दशकों से सेवा कर रहे अतिथि विद्वानों के सामने अब रोजी रोटी का संकट आने लगा है। अभी हाल ही में लाइब्रेरी साइंस के लगभग ढेस सौ अतिथि विद्वानों को फालेन आउट कर दिया गया है। विभाग नें 2022 की भर्ती प्रक्रिया की लिस्ट जारी की और पिछले कई वर्षों से सेवा करने वाले अतिथि विद्वान बाहर हो गए है।आलम ये है की अभी ट्रांसफर से कई बाहर हुए फिर पोस्टिंग से।

**10 जुलाई 2026 की मुख्यमंत्री और मंत्री की घोषणा हो रही बेअसर**

महाविद्यालयीन अतिथि विद्वानों के बड़े मंच रविंद्र भवन भोपाल में विद्वानों का सम्मेलन हुआ जिसमें सूबे के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं विभागीय मंत्री इंदर सिंह परमार नें शिरकत किया और मंच से घोषणा किए की बहुत ही जल्द हरियाणा सरकार से बेहतर पॉलिसी लेकर सरकार आ रही है और विद्वानों का भविष्य सुरक्षित कर रही है। लेकिन यहां भविष्य सुरक्षा तो दूर नौकरी से ही बाहर किया जा रहा है। जबकि पिछले 8 माह पहले कमेटी बनकर रिपोर्ट शौप दी गई है लेकिन आज तक उस कमेटी का निर्णय ही नहीं आया जिससे अतिथि विद्वान अपने आप को ठगा महसूस कर रहें है।रीवा एडी से लगभग 20 से 25 लाइब्रेरियन को फालेन आउट किया गया है।

**इनका कहना...**

10 जुलाई 2026 को रविंद्र भवन में माननीय मुख्यमंत्री ज़ी एवं मंत्री ज़ी नें जो घोषणा की थी उसको पूरा करें साथ ही जो विद्वान फालेन आउट हुए है उनको व्यवस्था में लिया जाए।पीएससी 2024 की नियुक्ति से पहले पॉलिसी लागू करे सरकार तभी विद्वानों की मांग पूरी होंगी और सरकार का वादा भी नहीं तो ज़ब विद्वान ही नहीं रहेंगे तब काहे की पॉलिसी।

**डॉ आशीष पाण्डेय** ,प्रदेश मिडिया प्रभारी महासंघ

## वायरल वीडियो पर कलेक्टर की सख्ती, पटवारी निलंबित, अपर कलेक्टर कर रहे मामले की जांच



**सीधी देशबन्धु।** जिले के ग्राम माटा में एक बुजुर्ग व्यक्ति की पीठ पर सवार होकर पटवारी द्वारा पानी से भरे गड्ढे को पार करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देश पर अपर कलेक्टर बी.पी. पाण्डेय ग्राम माटा पहुंचकर पूरे प्रकरण की जांच कर रहे हैं। वायरल वीडियो के साथ ही ग्रामीणों द्वारा जनसुनवाई में दी गई शिकायतों में शासकीय पट्टा, पीएम किसान सम्मान निधि, जाति एवं जन्म प्रमाण पत्र आदि के संबंध में सेवा शुल्क मांगे जाने का उल्लेख किया गया है। मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोपद बनास प्रिया पाठक द्वारा पटवारी हल्का माटा नीलेश नामदेव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## शिकायतों का निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों को मिलेंगे नोटिस

**मऊगंज।** कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक की अध्यक्षता में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जन विश्वास अभियान के तहत लंबित सीएम हेल्पलाईन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी के आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी शिविर तक सभी लंबित शिकायतों का आवेदकों की संतुष्टि के साथ शत-प्रतिशत निराकरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में विगत जन विश्वास कार्यक्रम के तहत प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की गई और ऐसी शिकायतें जो बिना किसी उचित कारण के अभी भी लंबित हैं, ऐसे संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।


**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

क्र.2595/नपानि/राजस्व/2026 रीवा दिनांक 07.09.2026

**अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लक्ष्मी मार्केट ( प्रकाश चौराहा ) जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है में निर्मित दुकान क्रमांक 15 निचली एवं ऊपरी मंजिल श्री दिनेश कुमार दीपानी पिता स्व. श्री आनंद राम दीपानी को 35 माह के लिये किराये पर आवंटित है जिसका नामान्तरण श्री इन्द्रकुमार होतवानी व श्री विजय होतवानी पिता श्री गुरलदास होतवानी व गागनदास होतवानी निवासी 20/183, रानीगंज रीवा व 22/431, अमहिया रीवा मध्यप्रदेश के नाम किये जाने हेतु दिनांक 19.02.2026 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त दुकान क्रमांक 15 निचली व ऊपरी मंजिल के नामान्तरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात आवेदक श्री दिनेश कुमार दीपानी के आवेदन अनुसार उक्त दुकान क्रमांक 15 निचली व ऊपरी मंजिल का नामान्तरण श्री इन्द्रकुमार होतवानी पिता श्री गुरलदास होतवानी व विजय होतवानी पिता श्री गागनदास होतवानी निवासी 20/183, रानीगंज रीवा व 22/431, अमहिया रीवा मध्यप्रदेश के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम, रीवा ( म.प्र. )


# स्कूलों के विद्युतीकरण को मिली रफ्तार

**मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र में 2,752 स्कूलों का सर्वेक्षण, शेष स्कूलों में भी तेजी से हो रहा विद्युतीकरण**

**रीवा/जबलपुर देशबन्धु।** विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के विद्युतीकरण का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। कंपनी के अंतर्गत 24 जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की कार्यवाही जारी है, जहां अब तक विद्युत सुविधा उपलब्ध नहीं थी। 31 अगस्त 2026 तक की स्थिति के अनुसार राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा चिन्हित 2,752 गैर-विद्युतीकृत विद्यालयों का सर्वेक्षण कंपनी द्वारा पूर्ण किया जा चुका है। सर्वेक्षण में 394 विद्यालयों में पहले से विद्युत कनेक्शन पाए गए, जबकि कुछ विद्यालयों में भवन उपलब्ध नहीं होने अथवा अन्य कारणों से तत्काल कनेक्शन संभव नहीं है। शेष 2,254 विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इनमें 814 विद्यालय ऐसे हैं, जहां बिना किसी अतिरिक्त विस्तार कार्य के सीधे विद्युत कनेक्शन प्रदान किए जा सकते हैं, जबकि 1,440 विद्यालयों में विद्युत लाइन/नेटवर्क विस्तार की आवश्यकता चिन्हित की गई है। कंपनी द्वारा इन दोनों श्रेणियों में कार्य को गति देते हुए अब तक कुल 1,763 विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर दिया गया है। इनमें बिना विस्तार कार्य वाले 814 विद्यालय तथा विस्तार कार्य पूर्ण कर 949 विद्यालयों को विद्युत सेवा से जोड़ा जा चुका है।

**1,763 स्कूलों में बिजली कनेक्शन का कार्य पूरा**

इस प्रकार लक्षित 2,254 विद्यालयों में से लगभग 78 प्रतिशत विद्यालयों का विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। शेष 491 विद्यालयों में भी आवश्यक कार्यवाही प्रगतिरत है। इसके साथ ही पूर्ण किए गए 1,763 कनेक्शन कार्यों में से 1,667 ढ्ढङ्कक्र जनरेट किए जा चुके हैं। कंपनी द्वारा विद्यालयों के विद्युतीकरण को केवल कनेक्शन प्रदान करने तक सीमित न रखते हुए आवश्यक नेटवर्क विस्तार कार्यों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों में बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित होने के साथ विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। शेष विद्यालयों को भी चरणबद्ध तरीके से विद्युत सुविधा से जोड़ने की दिशा में कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

## इमरान खान के लिए एक और पुराने साथी ने उठाई आवाज, कहा-मैं उन्हें हर पल याद करता हूं

पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने जेल में बंद टीम के अपने साथी खिलाड़ी और पूर्व कप्तान इमरान खान की सेहत को लेकर चिंता जताते हुए कहा है कि इस मामले में किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान के बहुत कम दिग्गज क्रिकेटरों ने 1992 विश्व कप विजेता कप्तान इमरान के समर्थन में खुलकर आवाज उठाई है। भ्रष्टाचार के कई मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद इमरान 2022 से जेल में हैं। वह हालांकि अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार करते रहे हैं। पूर्व कप्तान अकरम ने 'द एथलेटिक' से कहा कि मैंने तीन साल से उनसे बात नहीं की है। उनके साथ राजनीतिक तौर पर जो हो रहा है। वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। अदालत अपना काम करती है लेकिन जहां तक उनकी सेहत का सवाल है वहां कोई समझौता नहीं हो सकता। पिछले हफ्ते वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा भी इमरान को उचित चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने की मांग करने वाले पूर्व अंतरराष्ट्रीय कप्तानों की मुहिम में शामिल हुए थे। इससे पहले करीब 22 पूर्व अंतरराष्ट्रीय कप्तानों ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को खुला पत्र लिखकर इमरान को उचित चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने और मानवीय व्यवहार करने की मांग की थी।

# जिस चीन पर पाकिस्तान को था भरोसा, उसी ने बना ली दूरी, इस मोहभंग की वजह क्या?



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की बिजली कंपनी के निजीकरण की दौड़ से चीनी कंपनी बाहर हो गई है। चीन की कंपनी के इस कदम को पाकिस्तान के पावर सेक्टर में चीनी दिलचस्पी से जोड़कर देखा जा रहा है। जानें पूरा मामला और इसकी वजह। पाकिस्तान की बिजली कंपनी पर चीन की नजर थी, फिर क्या हुआ? डील के अगले चरण से चीनी कंपनी बाहर

पाकिस्तान और चीन की करीबी दोस्ती जगजाहिर है। लेकिन अब इसमें दरार पड़ती नजर आ रही है। चीन ने पाकिस्तान के बिजली क्षेत्र अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। दरअसल चीन की एक कंपनी पाकिस्तान की बड़ी बिजली वितरण कंपनी फैसलाबाद इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी के निजीकरण की दौड़ से बाहर हो गई है। जो कंपनी बाहर हुई है वह चीन की सरकारी कंपनी पावरचाइना की एक सहायक कंपनी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब पाकिस्तान अपनी सरकारी बिजली वितरण कंपनियों में निजी निवेश लाने की कोशिश कर रहा है। निक्की एशिया ने इस घटनाक्रम को पाकिस्तान के पावर सेक्टर में चीन की घटती दिलचस्पी के संकेत के तौर पर देखा है।

**फैसको की डील में क्या हुआ?**- पाकिस्तान सरकार ने फैसको के निजीकरण के लिए घरेलू और विदेशी निवेशकों से रुचि पत्र यान ई मांगे थे। सरकार 51 से 100 फीसदी तक हिस्सेदारी के साथ कंपनी का मैनेजमेंट कंट्रोल निजी निवेशकों को देने की योजना पर काम कर रही है। फैसको के लिए कुल 12 निवेशकों ने ईओआई जमा किए थे। इनमें तीन कंपनियां तुर्किये की, एक चीन की और आठ पाकिस्तानी निवेशक या समूह शामिल थे। चीनी पक्ष के तौर पर जियांगशी इलेक्ट्रिक पावर कंस्ट्रक्शन ने रुचि दिखाई थी। यह पॉवर चाईनासमूह से जुड़ी कंपनी है।

शुरुआत में यह चीन की भागीदारी पाकिस्तान के बिजली वितरण क्षेत्र में एक अहम कदम मानी जा रही थी। लेकिन अगस्त के अंत में तस्वीर बदल गई। पाकिस्तान की निजीकरण आयोग बोर्ड ने फैसको के लिए 10 कंपनियों को प्री-क्वालिफाई किया, जबकि जियांगशी इलेक्ट्रिक पावर कंस्ट्रक्शन उनमें शामिल नहीं थी।

# ट्रंप और पुतिन के बीच एक घंटे तक टेलीफोन पर हुई बातचीत, क्या कुछ बड़ा होने वाला है?

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मंगलवार को करीब एक घंटे तक फोन पर बातचीत हुई। यह बातचीत ऐसे समय हुई है जब अमेरिका रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म कराने के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज कर रहा है। दोनों नेताओं के बीच चर्चा में यूक्रेन युद्ध और हाल में अमेरिकी अधिकारियों की मॉस्को व कीव यात्रा प्रमुख मुद्दे रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर ने हाल में मॉस्को और कीव का दौरा किया था। इन यात्राओं को ट्रंप प्रशासन की रूस-यूक्रेन के बीच शांति समझौते की दिशा में नई पहल के तौर पर देखा जा रहा है। क्रेमलिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने बातचीत को बेहद साफ और खुली चर्चा बताया। उन्होंने कहा कि पुतिन और ट्रंप ने अमेरिकी दूतों की यात्राओं के नतीजों पर अपने विचार साझा किए। पुतिन ने ट्रंप को यूक्रेन के मोर्चे पर मौजूदा हालात के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि युद्ध को जल्द समाप्त कराने में अमेरिका की ओर से वास्तव में क्या कदम उठाए जा सकते हैं। रूस लगातार युद्ध के मैदान में अपनी स्थिति को मजबूत बताता रहा है। मॉस्को का दावा है कि उसकी सेना विभिन्न मोर्चों पर आगे बढ़ रही है और युद्ध में उसके सैन्य लक्ष्य अब भी पहले की तरह कायम हैं।



**ट्रंप-पुतिन के बीच किन मुद्दों पर हुई बात-** फोन पर हुई बातचीत के दौरान पुतिन ने यूरोप को लेकर रूस की स्थिति भी स्पष्ट की। उशाकोव के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति ने ट्रंप से कहा कि रूस की यूरोपीय देशों के खिलाफ कोई आक्रामक योजना नहीं है। यह बयान ऐसे समय आया है जब यूरोपीय देशों में रूस की संभावित गतिविधियों और यूक्रेन का समर्थन करने वाले देशों के खिलाफ कथित तोड़फोड़ अभियान को लेकर चिंता बनी हुई है। मॉस्को ने इन आरोपों को खारिज किया है। रूस लंबे समय से यूरोप और पश्चिमी देशों के उन आरोपों को खारिज करता रहा है, जिनमें उस पर पड़ोसी देशों और नाटो सदस्यों के खिलाफ भविष्य में सैन्य कार्रवाई की आशंका जताई जाती है। इस बीच, अमेरिका और रूस के बीच उच्चस्तरीय संपर्क बढ़ने से यूक्रेन युद्ध को लेकर कूटनीतिक गतिविधियां तेज होती दिखाई दे रही हैं। अगस्त के अंत में अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख जॉन रैटक्लिफ ने भी मॉस्को का अचानक दौरा किया था। उन्होंने रूस को किसी नाटो सदस्य देश पर हमला नहीं करने की चेतावनी दी थी।

## सुडोकू 7388

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 5 | | | 8 | | | 6 |
| | | 8 | | | 2 | | | |
| | 6 | | 3 | | 7 | | | 5 |
| | 9 | | | | | | | 7 |
| | | 3 | | 4 | | 6 | | |
| 1 | | | | | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | | 3 | | 6 | |
| | | | 1 | | | 7 | | |
| 4 | | | 9 | | | 5 | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## मणिपुर के युद्ध स्मारक पहुंचे उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

**इंफाल।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को मणिपुर के बिष्णुपुर जिले स्थित मोइरांग में भारतीय राष्ट्रीय सेना (आईएनए) संग्रहालय और युद्ध स्मारक का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई लड़ने वाले आईएनए के सैनिकों के बलिदान को नमन किया। मोइरांग स्थित आईएनए संग्रहालय में नेताजी और आईएनए से जुड़े पत्र, दुर्लभ तस्वीरें, सैन्य रैंक के बैज और युद्ध से जुड़ी कई ऐतिहासिक वस्तुएं संरक्षित हैं। यह संग्रहालय आजादी के आंदोलन में आईएनए की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने भूपेन हजारिका को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महान संगीतकार, कवि और फिल्मकार भारत रत्न डॉ.भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और भारतीय संगीत में उनके असाधारण योगदान तथा असम व पूर्वोत्तर की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने में उनकी भूमिका को याद किया। मोदी ने पोस्ट में हजारिका को 'प्रतिष्ठित सांस्कृतिक व्यक्तित्व' बताते हुए कहा कि उनकी आवाज असम से कहीं आगे तक गूंजती थी।

## सचिन पायलट ने राहुल व प्रियंका से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव एवं पंजाब प्रभारी सचिन पायलट ने मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की। पायलट की पंजाब का प्रभारी नियुक्त होने के बाद कांग्रेस नेतृत्व से यह पहली मुलाकात है। हाल ही में कांग्रेस में पायलट को पंजाब का प्रभारी नियुक्त किया है। उन्हें भूपेश बघेल की जगह यह दायित्व मिला है। पंजाब में पार्टी के भीतर जबरदस्त खींचतान है व पार्टी नेतृत्व को उम्मीद है कि पायलट समस्या का समाधान निकाल लेंगे।

## सड़क हादसे में बच्चे समेत छह मजदूरों की मौत

**गोंदिया।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में गोंदिया-बालाघाट मार्ग पर सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक और पिकअप वाहन (बोलेरो) के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में तीन साल के बच्चे समेत कम से कम छह मजदूरों की मौत हो गई और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा गोंदिया शहर से करीब पांच किलोमीटर दूर नागरा-मोहरनटोली इलाके के पास उस समय हुआ जब मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले से मजदूरों और उनके परिवारों को लेकर तेलंगाना जा रही एक पिकअप गाड़ी सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गई। पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए और कई लोग मलबे में बुरी तरह फंस गए।

# सबसे ज्यादा सैलरी वाले प्रधानमंत्री कौन हैं, हर महीने मिलते हैं इतने करोड़ रुपये




सिंगापुर के प्रधानमंत्री और मंत्रियों की सैलरी में बहुत बड़ा इजाफा हुआ है। खास बात है कि इससे पहले ही यहां के मंत्री सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले सरकारी अधिकारियों की सूची में शामिल थे। जानिए अब उन्हें हर महीने कितने रुपये मिलेंगे। सिंगापुर के मंत्रियों के वेतन में 15 साल बाद बढ़ोतरी की गई है। वे पहले ही दुनिया में सबसे अधिक वेतन पाने वाले अधिकारियों में शामिल हैं। प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने मंगलवार को कहा कि अगर वेतन में बदलाव नहीं किया गया तो राजनीति में शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करना मुश्किल होगा। इसके अलावा पीएम की सैलरी में भी इजाफा हुआ है। वोंग ने संसद में कहा कि संशोधित वेतन ढांचे के तहत सबसे निचले स्तर के मंत्री का वार्षिक वेतन 11 लाख सिंगापुर डॉलर (करीब 8.68 लाख अमेरिकी डॉलर) से बढ़ाकर 18 लाख सिंगापुर डॉलर (करीब 14.2 लाख अमेरिकी डॉलर) किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए निर्धारित वेतन 22 लाख सिंगापुर डॉलर (करीब 17 लाख अमेरिकी डॉलर) से बढ़कर 36 लाख सिंगापुर डॉलर (करीब 28 लाख अमेरिकी डॉलर) हो जाएगा। इसके अलावा अन्य सांसदों के भत्तों में भी वृद्धि की जाएगी।

**कितना वेतन मिलेगा-** प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सबसे निचले स्तर के अधिकतर मंत्री मौजूदा कार्यकाल के अंत तक करीब 13.5 लाख सिंगापुर डॉलर अर्जित कर सकेंगे। इसके बाद वेतन 18 लाख सिंगापुर डॉलर के मानक तक नहीं पहुंचेगा, बल्कि प्रदर्शन और जिम्मेदारियों के आधार पर तय किया जाएगा। वोंग ने यह नहीं बताया कि उनका नया वेतन कितना होगा। हालांकि, नौ प्रतिशत समायोजन के बाद उनका वेतन करीब 24 लाख सिंगापुर डॉलर (करीब 18.9 लाख अमेरिकी डॉलर) हो सकता है। उन्होंने कहा कि वह अगले पांच वर्षों तक वेतन वृद्धि की पूरी राशि दान कर देंगे। सिंगापुर में राजनीतिक पदों पर मिलने वाला वेतन एक संवेदनशील मुद्दा है, क्योंकि मंत्रियों का वेतन आम नागरिकों की तुलना में काफी अधिक है। सरकार ने इस व्यवस्था का बचाव करते हुए कहा कि यह निजी क्षेत्र और सार्वजनिक सेवाओं से सक्षम लोगों को राजनीति में लाने तथा भ्रष्टाचार मुक्त शासन बनाए रखने के लिए जरूरी है।

देंगे दान वोंग ने कहा है कि वह बढ़ी हुई पूरी सैलरी को अच्छे कामों के लिए दान दे देंगे।

उन्होंने कहा, राजनीति में सैलरी मुश्किल और भावनात्मक मुद्दा है। वोंग की पीपुल्स एक्शन पार्टी का सिंगापुर संसद में दबदबा है। खास बात है कि इस इजाफे के पहले भी वह कई नेताओं से ज्यादा वेतन हासिल कर रहे थे। इसमें अमेरिका और जी 7 देशों के अन्य नेता भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, %इसमें शामिल रकम ज्यादातर नागरिकों की कमाई से कहीं ज्यादा है, इसलिए मैं समझता हूं कि सिंगापुर के लोग इसकी बारीकी से जांच पड़ताल क्यों करते हैं और क्यों बहुत से लोग इस मामले को लेकर इतनी मजबूत राय रखते हैं।

## वर्ग पहेली 7388




**बायें से दायें:-**

१. कम पढ़ा-लिखा, कट्टर अक्षर पूजक, मुल्ला या मौलबी
३. पहाड़ के नीचे की भूमि
५. पति (उर्दू)
६. विवाह विच्छेद (उर्दू)
७. वैद्यों को मिलने वाली एक उपाधि
८. दिखलाना
१० गुत्थी, फंसाव, या किसी समस्या का दूर होना
१२. कमल
१३. जिसके पास कोई हथियार न हो निःशस्त्र १४. नशे में अंड-बंड बोलना पथभ्रष्ट होना १६. झुका हुआ
१८. जिसमें मन न लगे, अरुचिकर (उर्दू)
२०. सरस्वती, दुर्गा
२१. किसी भाषा के अक्षरों की क्रमबद्ध सूची
२३. ऐतिहासिक इमारत

**ऊपर से नीचे:-**

१. हथेली
२. मुल्तवी, जिसकी तारीख आगे बढ़ा दी गई हो
३. आवेश में आना, क्रुद्ध होना
४. क़ातिल
५. क्रय करना, मोल लेना (उर्दू)
८. पेचीदगी, कठिनता, घुमावदार होना
१०. संघि, मेल, समझौता
११. टूट कर गिरना, (पेड़ से पत्ते या सिर के बालों का) बरसना
१२. उठना, उठाना, बढ़ती, उन्नति
१३. ममता रहित, निष्ठुरता
१४. ताकतवर
१५. वर देने वाला
१७. अनुवाद (उर्दू)
१८. पत्नी (उर्दू)
१९. नया, नवीन
२२. मुंह से निकलने वाला लसदार तरल पदार्थ

### वर्ग पहेली-7387



**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

# भाषण के बीच चीन ने थमाई पर्ची, फिलीपींस के रक्षा मंत्री ने मंच से पढ़कर कर दिया बेनकाब!

दक्षिण कोरिया में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय डिफेंस समिट के दौरान उस समय बड़ी नाटकीय स्थिति पैदा हो गई, जब फिलिपींस के रक्षा मंत्री गिलबर्टो सी. तेओदोरो को भाषण देते समय अचानक चीन का एक नोट थमा दिया गया। इस नोट में दक्षिण चीन सागर पर बीजिंग के रुख और दावों का ब्योरा दिया गया था। मंच पर ही चीनी दूतावास के अधिकारियों की इस अजीब हरकत से भड़के फिलिपींस के रक्षा मंत्री ने खुले मंच से चीन के इरादों पर सवाल उठाए और उस पर धौंस जमाने, गुंडागर्दी करने और आक्रामकता दिखाने का सीधा आरोप जड़ा।

**क्या है पूरा मामला?**- दरअसल इंटरनेशनल डिफेंस फोरम पर जब तेओदोरो अपने संबोधन में क्षेत्रीय सुरक्षा और संप्रभुता पर बोल रहे थे, तभी चीन के प्रतिनिधिमंडल की ओर से उनके पास एक नोट पहुंचाया गया। इस नोट में दक्षिण चीन सागर पर चीन का क्या रुख है इसके बारे में लिखा था। तेओदोरो ने तुरंत सबके सामने उस नोट के बारे में बताते हुए कहा कि एक खुले और लोकतांत्रिक मंच पर इस तरह दबाव बनाने की कोशिश चीन के घटिया रवैये को दर्शाती है। फिलिपींस के रक्षा मंत्री ने कहा कि चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना अवैध और एकतरफा मालिकाना हक जमाना चाहता है, जो अंतरराष्ट्रीय कानूनों और यूएन के समुद्री कानून का खुला उल्लंघन है।


**दक्षिण चीन सागर में क्यों बढ़ा है तनाव?**- पिछले कुछ महीनों में फिलिपींस और चीन के कोस्ट गार्ड जहाजों के बीच दक्षिण चीन सागर के विवादित सेकंड थॉमस शोल और स्कारबोरो शोल के पास कई बार खतरनाक टकराव हुआ है। चीनी जहाजों की तरफ से फिलिपींस की री-सप्लाई बोट पर वाटर कैनन चलाने, लेजर लाइट से अंधा करने और टक्कर मारने की कई घटनाएं सामने आई हैं।

**कवायद** जम्मू-कश्मीर में केंद्र की पीएम सूर्य सरोवर योजना को लगे पंख

# मानसब और मानसर में फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं की तैयारी

**जम्मू, (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर ने केंद्र की पीएम सूर्य सरोवर योजना के तहत फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं के विकास के लिए कश्मीर में मानसबल झील और जम्मू डिवीजन में मानसर झील को चुना है, और व्यवहार्यता मूल्यांकन और आवश्यक अनुमतियों की प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है। जम्मू-कश्मीर ऊर्जा विकास एजेंसी (जेकेडीए) के एक अधिकारी ने बताया कि इस पहल में झीलों और** जलविद्युत परियोजना जलाशयों सहित उपयुक्त अंतर्देशीय जल निकायों का उपयोग करके तैरते सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की परिकल्पना की गई है। अधिकारी के बकौल, जम्मू-कश्मीर से अब तक दो जल निकायों को चुना गया है-कश्मीर में मानसबल और जम्मू मंडल में मानसर।

व्यवहार्यता अध्ययन और अनुमति प्रक्रिया फिलहाल जारी है। संबंधित वितरण कंपनियों (डीआईएसकॉम) की सहमति प्राप्त होने के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, जिसके बाद चयनित जल



निकायों का विस्तृत सर्वेक्षण किया जाएगा। उनका कहना था कि डिस्कॉम को पहले अपनी सहमति देनी होगी। एक बार सहमति मिल जाने के बाद, सर्वेक्षण किया जाएगा और उसके अनुसार परियोजना को मंजूरी दी जाएगी। इस पहल के तहत, नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लिए जल सतहों का उपयोग करने

- **डीआईएसकॉम की सहमति प्राप्त होने के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ेगी जिसके बाद चयनित जल निकायों का विस्तृत सर्वेक्षण किया जाएगा**
- **2026 तक प्रदेश में लगाए गए 38 हजार 955 सौर पैनल**

के विकल्प के रूप में फ्लोटिंग सोलर तकनीक पर विचार किया जा रहा है, जिसके लिए बड़े भूभाग की आवश्यकता नहीं होगी। यह दृष्टिकोण उन क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक हो सकता है जहां बड़े पैमाने पर सौर परियोजनाओं के लिए उपयुक्त सन्निहित भूमि पार्सल की पहचान करना कठिन है। चयनित स्थलों के विकास पर अंतिम निर्णय लेने से पहले उनका विस्तृत तकनीकी और व्यवहार्यता मूल्यांकन किया जाना आवश्यक होगा।

बताया जाता है कि यह कदम जम्मू-कश्मीर द्वारा सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों के साथ उठाया गया है, जिसमें जेकेडीए केंद्र शासित प्रदेश भर में उपयोगिता-स्तरीय सौर पार्कों के लिए पर्याप्त भूमि पार्सल की पहचान करने के लिए जिला प्रशासनों के साथ भी काम कर रहा है। बताया जाता है कि जम्मू-कश्मीर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लगभग 39 हजार परिवारों को छत पर सौर पैनल लगाया गया है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने लिखित जवाब में बताया कि 24 जुलाई, 2026 तक प्रदेश में 38 हजार 955 सौर पैनल लगाए गए हैं। इनमें से 38 हजार 318 पैनल 3 किलोवाट-1 से अधिक क्षमता वाले हैं, जबकि 387 पैनल 2-3 किलोवाट-1 श्रेणी में और 103 पैनल 2 किलोवाट-1 तक की क्षमता वाले हैं।

# खेल जगत

## देहरादून टी-20 लीग उत्तराखंड के क्रिकेटरों के लिए एक अहम मंच : आकाश

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के तेज गेंदबाज आकाश मधवाल का कहना है कि देहरादून टी20 लीग जैसे टूर्नामेंट स्थानीय खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट खिलाड़ियों को बड़े स्तर पर खुद को साबित करने का मौका देते हैं और इससे उन्हें आगामी घरेलू सीजन की चुनौतियों के लिए तैयार होने में भी मदद मिलती है। इस टूर्नामेंट में मसूरी थंडर्स की कप्तानी कर रहे मधवाल ने कहा कि राज्य के खिलाड़ी इस टूर्नामेंट को उसी जोश और गंभीरता से ले रहे हैं जैसा वे आईपीएल या भारत के लिए खेलते समय दिखाते हैं। मधवाल ने 'आईएएनएस' से खास बातचीत में कहा, 'सबसे पहले, खिलाड़ी के तौर पर हमें हर मैच में खुद को साबित करना होता है। हम खेल को हल्के में नहीं लेते। जब भी हम खेलने जाते हैं और मैदान पर उतरते हैं, तो हमारे लिए हर मैच भारत या आईपीएल के मैच जैसा ही होता है, चाहे हम कोई भी क्रिकेट खेल रहे हों। उत्तराखंड के तेज गेंदबाज ने राज्य में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे और मौकों में हुई बढ़ोतरी पर भी जोर दिया।



## एशियाई खेल : पुरुष व महिला हॉकी मैच

# भारतीय टीम ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेगी : दिलीप

- महिला टीम की हर खिलाड़ी एशियाई खेलों की अहमियत से वाकिफ, सर्वश्रेष्ठ देने को बेताब
- पाक के खिलाफ अब हमारा दबदबा, पर जरूरत भावनाओं पर काबू रखने की



■सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 9 सितम्बर (देशबन्धु)। पूर्व हॉकी ओलंपियन व कप्तान हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने यहां मंगलवार को खास बातचीत में भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों के आईची- नगोया (जापान) में इस महीने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत कर सीधे 2028 के लॉस एंजेल्स ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का भरोसा जताया है। दिलीप तिर्की ने कहा, 'नीदरलैंड और बेल्जियम में एफआईएच पुरुष और महिला हॉकी विश्व कप 2026 में हमारी लड़कियों ने 1974 में पहले संस्करण में चौथे स्थान पर रहने के बाद अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को बराबरी पर रोक, केवल उपविजेता नीदरलैंड से करीबी मैच में 0-2 से हार, दक्षिण अफ्रीका को 6-1 से जर्मनी जैसी मजबूत टीम को 3-1 से हरा कर पांचवें स्थान पर रह कर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत कर सीधे 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की आस जगाई है। बेशक चीन की महिला टीम बहुत मजबूत टीम है और वह विश्व कप में हमारी लड़कियों द्वारा दो-दो की बराबरी पर रोके जाने को लेकर पलटवार करने को बेताब होंगी। बावजूद इसके भारतीय महिला हॉकी टीम उससे पूरी शिद्दत से मुकाबले को तैयार हैं। बेशक चीन से मुकाबला कड़ा होगा लेकिन हमें उसके खिलाफ अपनी टीम के कसौटी पर खरा उतरने की उम्मीद है। हालांकि इससे पहले हमें मेजबान जापान के खिलाफ ही नहीं हरेक टीम के खिलाफ चौकस रहना होगा। जहां तक भारत की पुरुष हॉकी टीम के विश्व कप 2026 में आठवें स्थान पर रहने की बात है तो वहां हमारी टीम ने टुकड़ों-टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया और खासतौर पर इंग्लैंड के खिलाफ बढ़त लेने के बाद रक्षापंक्ति की कुछ क्षणिक गलतियों के चलते हार से हमारा सब गणित गड़बड़ा गया। एशियाई खेलों में हमारी रक्षापंक्ति को और मुस्तैदी दिखाने के साथ क्षणिक गलतियों से बचने और दोनों गोलरक्षकों – सूरज करकेरा और मोहित एचएस को और ज्यादा भरोसे और विश्वास से किले की चौकसी की जरूरत होगी। हमारे लिए अच्छी बात यह रही कि हमारी पुरुष ही नहीं महिला हॉकी टीम की हर खिलाड़ी एशियाई खेलों की अहमियत से वाकिफ है और इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर खिताब जीत कर 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में कोई कसर नहीं छोडेंगी। हॉकी विश्व कप में हमारे लिए अच्छी बात यह रही कि हमारी पुरुष हॉकी टीम के कप्तान ड्रैग फ्लिकर ने हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर सबसे ज्यादा आठ गोल किए और वह सबसे ज्यादा गोल करने वाले तीन शीर्ष खिलाड़ियों में रहे जबकि हमारे स्ट्राइकर - अभिषेक (तीन), सुखजीत सिंह(2) और दिलप्रीत(1)- मिलकर कुल छह मैदानी गोल ही कर पाए लेकिन हमें अपने स्ट्राइकर से एशियाई खेलों में ज्यादा मैदानी गोल की उम्मीद है।' उन्होंने कहा,' जहां तक चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मैच की बात तो उसके खिलाफ अब लंबे समय से हमारा दबदबा रहा है। 2022 एशियाई खेलों में हांगझू में हमने पाकिस्तान को 10-2 से और अभी बीते महीने पुरुष हॉकी विश्व कप में 5-3 से हराया। इस बार पाकिस्तान की टीम हमारे पूल में नहीं है और इससे शुरू में मुकाबला नहीं होगा। पाकिस्तान के खिलाफ हमारे मैच हमेशा सभी का ध्यान खींचते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हॉकी कौशल से ज्यादा चुनौती अपनी भावनाओं पर काबू रखने की होती है। बावजूद इसके मैं कहूंगा कि हमारी पुरुष हॉकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ उससे पार पाने के लिए जेहनी तौर पर बेहतर तैयार है। हमारी हॉकी विश्व कप में खेलने वाली टीम में मात्र एक बदलाव आदित्य अर्जुन लालगे की जगह एशियाई खेलों के लिए राज कुमार पाल को शामिल करके किया गया है। दरअसल एशियाई खेलों के लिए टीम में बहुत पहले देने पड़ती है और इसलिए इसमें ज्यादा बदलाव की गुंजाइश नहीं है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए जहां तक आगे बदलाव की बात है तो तब की तब सोचेंगे। फिलहाल हमें अपनी मौजूदा भारत पुरुष हॉकी टीम से ही एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक बरकरार रखने का पूरा भरोसा है।

### 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**गोलरक्षक** : सूरज करकेरा, मोहित एचएस।
**रक्षापंक्ति** : हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, संजय, सुमित, जुगराज सिंह, जर्मनप्रीत सिंह, यशदीप सिवाच।
**मध्य पंक्ति** : मनप्रीत सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकांत शर्मा, राजिंदर सिंह।
**अग्रिम पंक्ति** : अभिषेक नैन, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकरा, दिलप्रीत सिंह, मनदीप सिंह।

## एशियाई खेलों में फोकस एक समय एक मैच पर : हरमनप्रीत



**नई दिल्ली।** दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में मौजूदा चैंपियन भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 में आठवें स्थान की निराशा को भुला कर आईची नगोया(जापान) में एशियाई खेलों में अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखने के संकल्प के साथ मंगलवार रात जापान रवाना हो गई। भारत की पूरी कोशिश 2023 में हांगझू में एशियाई खेलों में जीता अपना स्वर्ण पदक बरकरार रख सीधे 2028 के लॉस एंजेलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने विश्व कप में टुकड़ों टुकड़ों में ही अपनी चमक दिखाई और निरंतरता का उसके खेल में अभाव दिखा और इसी के चलते वह इंग्लैंड और बेल्जियम से करीबी मैच हारी। विश्व कप में अपने प्रदर्शन की गलतियों से सबक लेकर भारतीय पुरुष हॉकी टीम जापान में एशियाई खेलों में सधा प्रदर्शन कर खिताब बरकरार रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बीते एक दशक में बढ़िया प्रदर्शन कर खुद को एशियाई हॉकी की बड़ी ताकत साबित किया है। भारत ने 2023 में हांगझू एशियाई खेलों तथा एशिया कप में स्वर्ण पदक जीता। भारत बेशक एक बार फिर एशियाई खेलों में अपना दबदबा बरकरार रखने को बेताब होगा और इसमें स्वर्ण पदक जीत फिर सीधे एक 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में कसर नहीं छोड़ेगा। भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा,' हम फिलहाल बहुत आगे की नहीं सोचना चाहते। एशियाई खेलों में हमारा फोकस एक समय केवल एक मैच पर होगा। कोई मैच आसान नहीं होगा क्योंकि आप निरंतर बढ़िया प्रदर्शन कर चाहते हैं और जरा सी भी ढील गवारा नहीं कर सकते। हमारा लक्ष्य हर मैच में बेहतर प्रदर्शन कर नॉकआउट चरण में सही समय पर अपनी रंगत पाना है।

# चीनी ताइपे को हराकर भारत पहुंचा सेमीफाइनल में

- कप्तान अनमोल एक्का ने दागे शानदार छह गोल
- आर्यन ने दूसरे क्वार्टर में गोल कर भारत का खाता खोला



ज. पुरुष हॉकी एशिया कप

**नई दिल्ली,** 9 सितम्बर । कप्तान फुलबैक और ड्रैग फ्लिकर अनमोल एक्का के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे छह गोल की बदौलत पांच बार के चैंपियन भारत ने चीनी ताइपे को मोकी (चीन) में बुधवार को गोल वर्षा कर 15-0 से करारी शिकस्त देकर चार मैचों में तीन जीत व एक ड्रॉ की बदौलत पूल ए में दस अंकों के साथ शीर्ष रह कर एएचएफ पुरुष हॉकी एशिया कप के सेमीफाइनल में स्थान बना लिया। वहीं दक्षिण कोरिया की टीम जापान पर 3-2 से जीत के साथ पूल ए में चार मैचों से नौ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रह कर सेमीफाइनल में पहुंच गई।

भारत की जूनियर पुरुष टीम को चीनी ताइपे की रक्षापंक्ति ने मजबूती से अपने किले की चौकसी कर गोल नहीं करने दिया। दो मिनट के क्वार्टर ब्रेक के दौरान कोच फ्रेडरिक सोएज के गुरु मंत्र के बाद भारतीय जूनियर पुरुष टीम अलग ही रंग में नजर आई। आर्यन खेस ने दूसरे क्वार्टर के दूसरे मिनट में गोल कर भारत का खाता खोला। अगले मिनट प्रभदीप सिंह और 22 वें मिनट में गुरसेवक सिंह ले गोल कर भारत की जूनियर टीम को 3-0 से आगे कर दिया। कप्तान अनमोल एक्का ने मैच 25 वें मिनट में मैच का अपना पहला गोल भारत को 4-0 से तथ अर्जुन संतोष हरगुड़े ने 28 वें मिनट और अनमोल एक्का ने सेट पीस पर मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत को हाफ टाइम तक 6-0 से आगे कर दिया था। भारत ने हाफ टाइम के शुरू के तीन मिनट में दो पेनल्टी कार्नर हासिल किए और कप्तान अनमोल एक्का ने इन्हें गोल में बदल कर भारत को 8-0 से तथा अजीत यादव ने मैच के 35 वें मिनट में हॉकी की कलाकारी दिखाते हुए बेहतरीन गोल कर भारत को 9-0 कर दिया। अनमोल एक्का ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल 45 वें मिनट में मैच का अपना पांचवां गोल कर भारत की बढ़त 10-0 कर दी। भारत ने चौथे आखिरी क्वार्टर में गोल दागने का सिलसिला जारी रखा । हरपाल ने 48 वें मिनट में गोल कर भारत को 11-0 से और कप्तान अनमोल एक्का ने 51 वें मिनट में अपना मैच का छठा और आखिरी गोल कर भारत को 12-0 से आगे कर दिया।

# खिताब की ओर ईस्ट जोन

## चौथे दिन की समाप्ति तक 584 रन की बढ़त



दलीप ट्रॉफी

**चेन्नई,** 9 सितम्बर (एजेंसियां)। ईस्ट जोन ने साउथ जोन के खिलाफ एमए चिदंबरम स्टेडियम में जारी दलीप ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन तक मैच में शानदार पकड़ बना ली है। पहली पारी में 708 रन बनाकर साउथ जोन को 336 रनों पर समेटने के बाद ईस्ट जोन ने बुधवार के खेल तक अपनी दूसरी पारी में 212/5 का स्कोर खड़ा कर लिया है। यहां से टीम के पास 584 रन की बढ़त है। इसी के साथ ईस्ट जोन ने 2011/12 और 2012/13 सीजन में लगातार जीत के बाद अपना खिताब लगभग पक्का कर लिया है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ईस्ट जोन ने पहली पारी में 708 रन बनाए। इस पारी में अभिमन्यु ईश्वरन (72) और वैभव सूर्यवंशी (44) के बीच सलामी जोड़ी के रूप में 100 रन की साझेदारी हुई। इसके बाद कप्तान ईशान किशन ने मोर्चा संभाला। उन्होंने शिखर मोहन (85) के साथ चौथे विकेट के लिए 94 रन और कुमार कुशाग्र (101) के साथ पांचवें विकेट के लिए 230 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। इसके बाद अनुकूल रॉय (45) के साथ छठे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी की। ईशान 30 चौकों और 7 छक्कों के साथ 270 रन बनाकर पवेलियन लौटे। विपक्षी खेमे से त्रिपुरण विजय ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि चामा मिलिंद और श्रेयस गोपाल ने 2-2 विकेट चटकाए। इनके अलावा, शेख रशीद ने 1 विकेट प्राप्त किया। इसके जवाब में, साउथ जोन पहली पारी में 336 रनों पर सिमट गई। इस टीम के लिए देवदत्त पड्डिकल ने 62 रन बनाए, जबकि कप्तान तिलक वर्मा ने 9 चौकों के साथ 99 रन की पारी खेली।

## एवीसी मेंस वॉलीबॉल एशियन चैम्पियनशिप

# भारत को मिला क्वार्टर फाइनल का टिकट



**फुकुओका (जापान),** 9 सितंबर (एजेंसियां)। भारत एवीसी मेंस वॉलीबॉल एशियन चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है। भारतीय टीम पूल में तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सबसे अच्छी रैंकिंग वाली टीमों में से एक के तौर पर आगे बढ़ी है। बुधवार को ओमान पर बहरीन की 3-0 से जीत ने भारत की अंतिम आठ में जगह पक्की कर दी। 2019 के बाद से भारत इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है। फुकुओका में हो रहा यह टूर्नामेंट लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों और 2027 एफआईवीबी मेंस वॉलीबॉल वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफिकेशन इवेंट है।भारत ने मंगलवार को एवीसी मेंस वॉलीबॉल एशियन चैंपियनशिप में अपनी पहली जीत दर्ज की, जिससे क्वार्टर फाइनल में बची हुई आखिरी जगह पाने की उनकी उम्मीदें बनी रहीं। मंगलवार के शुरुआती मैच में, भारत ने पूल बी में तीसरे स्थान के लिए हुए निर्णायक मुकाबले में न्यूजीलैंड को 3-0 (25-22, 25-18, 25-21) से हराया। इस जीत से भारतीय टीम पूल में तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सबसे अच्छी रैंकिंग वाली टीमों में से एक के तौर पर क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनी रही।

# रोमांचक शूट-ऑफ में शीतल देवी ने साधा गोल्ड पर निशाना

- शीतल का कजाकिस्तान की आइजादा सेइदान के बीच कड़ा मुकाबला हुआ



पैरा आर्चरी सीरीज

**अहमदाबाद,** 9 सितम्बर (एजेंसियां)। मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन शीतल देवी ने रोमांचक शूट-ऑफ में शानदार संयम दिखाते हुए पैरा कंपाउंड महिला व्यक्तिगत स्पर्धा का गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उनकी अगुआई में भारत ने बुधवार को वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज स्टेज-III का शानदार अंदाज में समापन करते हुए अंतिम दिन 2 गोल्ड और 4 ब्रॉन्ज सहित कुल 6 मेडल जीते। वर्ल्ड नंबर 1 शीतल का कजाकिस्तान की आइजादा सेइदान के साथ कड़ा मुकाबला हुआ। दोनों तीरंदाजों ने अपने शुरुआती राउंड में परफेक्ट 30 स्कोर किए और दूसरे राउंड के बाद स्कोर 59-59 से बराबरी पर था। तीसरे राउंड में, आइजादा ने 28 और शीतल ने 27 स्कोर किए, जिससे आइजादा को एक प्वाइंट की बढ़त मिल गई। चौथा राउंड 29-29 पर बराबरी पर छूटा, जिससे भारतीय खिलाड़ी अंतिम राउंड में एक प्वाइंट्स से पीछे थीं। शीतल ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 29 स्कोर किए, जबकि आइजादा ने 28 स्कोर किया। इससे स्कोर 144-144 से बराबर हो गया और मुकाबला शूट-ऑफ में चला गया। आखिरकार, भारतीय तीरंदाज को रोमांचक जीत मिली। गोल्ड मेडल दांव पर था और शीतल ने परफेक्ट 10 स्कोर किया, जबकि आइजादा सिर्फ 9 ही स्कोर कर पाईं। इससे पहले, शीतल ने टोमन कुमार के साथ कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता था और इस गोल्ड मेडल के साथ उन्होंने इस इवेंट में दो मेडल अपने नाम किए।

# इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 133 रन पर समेटा


**बर्मिंघम,** 9 सितम्बर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने पाकिस्तान को तीसरे और आखिरी टेस्ट के पहले दिन बुधवार को घातक गेंदबाजी करते हुए पहली पारी में मात्र 133 रन पर समेट दिया। पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट में हार के बाद अपनी टीम में व्यापक बदलाव किये थे लेकिन परिणाम अंत में पहले जैसा ही रहा। पाकिस्तान के बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन। इस सीरीज़ में यही पैटर्न देखने को मिला है। सिर्फ तीन बल्लेबाज ही दहाई के अंक तक पहुंच पाए और इंग्लैंड के तेज़ गेंदबाजों ने पहले गेंदबाजी करने के जो रूट के फैसले को पूरी तरह सही साबित किया। पहले घंटे में चार विकेट गिरे, लंच तक 7 विकेट और तीसरे घंटे में ड्रिंक्स ब्रेक से ठीक पहले पूरी टीम 33.5 ओवर में आउट हो गई। गस एटकिंसन को छोड़कर, इंग्लैंड के बाकी तेज़ गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की। पाकिस्तान की ओर से सिर्फ सऊद शकील और अंत में मोहम्मद अब्बास ने कुछ संघर्ष दिखाया। तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही है, लेकिन यह पिच किसी भी तरह से 133 रन पर ऑल-आउट होने वाली नहीं थी।

# शेल्टन ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अल्काराज को हराया

- यह मैच यूएस ओपन के इतिहास का सबसे देर तक चलने वाला मुकाबला रहा



**नई दिल्ली,** 9 सितम्बर (एजेंसियां)। बेन शेल्टन ने बुधवार को यूएस ओपन 2026 में बड़ा उलटफेर किया। रोमांच से भरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शेल्टन ने मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज को 6-7(5), 6-1, 6-3, 1-6, 7-6(10/7) से हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया। शेल्टन ने चार घंटे 28 मिनट तक चले इस मुकाबले में अपने करियर की सबसे बड़ी जीत के साथ ही मेजर टूर्नामेंट्स में स्पेनिश खिलाड़ी की लगातार 18 जीत का सिलसिला भी तोड़ दिया। यह मैच यूएस ओपन के इतिहास का सबसे देर तक चलने वाला मुकाबला रहा। मैच के आखिर में बेन शेल्टन ने 146 मील प्रति घंटे की रफ्तार से ऐस सर्विस लगाकर अपनी जीत पक्की की। इससे पहले सबसे देर से खत्म होने वाले मैच का रिकॉर्ड कार्लोस अल्काराज के नाम था। दो साल पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में यानिक सिनर को पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में हराया था। मॉन्ट्रियल में अपना दूसरा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले बेन शेल्टन ने अल्काराज को हराकर पहली बार हार्ड कोर्ट मेजर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। कार्लोस अल्काराज चोट के कारण करीब चार महीने बाद किसी बड़े टूर्नामेंट में खेल रहे थे। इसके बावजूद उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया।



यूएस ओपन

## जेसिका पेगुला सेमीफाइनल में पहुंचीं

- एरिना सबालेंका से होगा मुकाबला



**न्यूयॉर्क।** जेसिका पेगुला ने यूएस ओपन 2026 के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आर्थर ऐश स्टेडियम में हुए मुकाबले में पेगुला ने एमा नवारो को 2 घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। जेसिका ने लगातार तीसरे सेमीफाइनल में जगह बनाई है। मैच की शुरुआत में पेगुला थोड़ी असहज दिख रही थीं। एमा नवारो ने उन्हें कुछ मुश्किल समय दिया, लेकिन पेगुला बेहतरीन वापसी की और मैच अपने नाम किया। जीत के बाद पेगुला के व्यवहार में राहत साफ दिख रही थी। उन्होंने कोर्ट पर मुश्किलों से लड़ने की बात मानी। पेगुला ने जीत के बाद कहा, 'यह सच में बहुत मुश्किल था। यहां उमस थी। मैं अपनी बेस्ट सर्व नहीं कर पा रही थी। मैं आज वहां बहुत सारी मुश्किलों से लड़ रही थी।' जेसिका ने मैच देखने आए फैंस का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, 'यहां आने के लिए आप लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद। आप लोगों के सामने खेलना सम्मान की बात है। इससे बढ़कर कुछ नहीं है। अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला का कुल मिलाकर यह चौथा ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल है।

## सार संक्षेप

### आईसीसी रैंकिंग : एस्टरहुइजेन-प्रेटोरियस को शानदार प्रदर्शन का मिला इनाम

**दुबई।** नामीबिया और जिम्बाब्वे के खिलाफ हुई ट्राई सीरीज में शानदार प्रदर्शन का इनाम साउथ अफ्रीका के दाएं हाथ के बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजेन को आईसीसी की ताजा टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में मिला है। एस्टरहुइजेन ने ताजा रैंकिंग में 65 पायदान की छलांग लगाई है। 25 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने ट्राई सीरीज की 5 पारियों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 126 रन बनाए। नामीबिया के खिलाफ ग्रुप स्टेज के आखिरी मैच में एस्टरहुइजेन का प्रदर्शन दमदार रहा और उन्होंने 88 रनों की बेहतरीन पारी खेली। ट्राई-सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद साउथ अफ्रीका के युवा खिलाड़ी लुआन-ड्रे प्रेटोरियस को भी काफी फायदा पहुंचा है। 20 वर्षीय खिलाड़ी ने चार पारियों में 226 रन बनाकर 61 पायदान ऊपर चढ़े हैं और वह टी20 इंटरनेशनल में बल्लेबाजों की रैंकिंग में संयुक्त रूप से 43वें स्थान पर आ गए हैं। भले ही नामीबिया ट्राई सीरीज के फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहा, लेकिन टीम के दो बल्लेबाजों को ताजा रैंकिंग में फायदा पहुंचा है। टूर्नामेंट में बल्ले से योगदान देने के बाद कप्तान गेरहार्ड इरास्मस 16 स्थान ऊपर चढ़कर 55वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि सलामी बल्लेबज लॉरेन स्टीनकैंप 32 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 73वें स्थान पर आ गए हैं।

### लीह पॉल्टन इंग्लैंड महिला टीम की मैनेजिंग डायरेक्टर बनीं

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया की पूर्व बल्लेबाज लीह पॉल्टन को इंग्लैंड विमेन टीम का मैनेजिंग डायरेक्टर बनाया गया है। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। पॉल्टन नवंबर में अपना कार्यभार संभालेंगी। पॉल्टन, क्लेयर कॉनर की जगह लेंगी। 2015 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाली लीह पॉल्टन इंग्लैंड विमेन, इंग्लैंड विमेन ए और इंग्लैंड विमेन अंडर-19 के साथ-साथ देश के विमेन हाई-परफॉर्मेंस सिस्टम को भी देखेंगी। यह नियुक्ति इंग्लैंड के लिए एक अहम मोड़ पर आया है। टीम अगले साल घरेलू मैदान पर विमेन एशेज में ऑस्ट्रेलिया का सामना भी करेगी। पॉल्टन के पास विमेन क्रिकेट प्रशासन और खिलाड़ियों के विकास के क्षेत्र में काम करने का व्यापक अनुभव है। उन्होंने पिछले छह साल क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स में एलीट फीमेल क्रिकेट की प्रमुख के तौर पर काम किया है। न्यू साउथ वेल्स में उन्होंने दो विमेंस बिग बैश लीग फ्रेंचाइजी, विमेंस स्टेट क्रिकेट और एक बड़े टैलेंट पाथवे कार्यक्रम में क्रिकेट परफॉर्मेंस ऑपरेशन को देखा है।

### भारत के न्यूजीलैंड दौरे को लेकर टिकटों की भारी मांग

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि छह साल बाद भारत के न्यूजीलैंड दौरे को लेकर लोगों में काफी दिलचस्पी है और आने वाले इंटरनेशनल होम समर सीज़न के लिए 50,000 से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। क्रिकेट नेशन के सदस्यों, स्काई (स्काई) और एएनजेड ग्राहकों के लिए दो हफ्ते की प्री-सेल के बाद, आम जनता के लिए टिकटों की बिक्री शुरू हुई। भारत के कई मैचों के टिकट लगभग बिक चुके हैं। क्राइस्टचर्च में होने वाले दूसरे टी20 मैच के 75 प्रतिशत से ज़्यादा टिकट बिक चुके हैं, जो इस सीरीज़ के लिए लोगों की जबरदस्त मांग को दिखाता है। भारत 2020 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड का दौरा करेगा। दोनों टीमें 22 अक्टूबर से पांच टी 20, पांच वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेंगी।

# अर्थ जगत

## जियो पेमेंट सॉल्यूशंस ने सीमा पार भुगतान सुविधा शुरू की

**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी जियो पेमेंट सॉल्यूशंस लिमिटेड ने सीमा पार भुगतान मंच शुरू करने की घोषणा बुधवार को की है। इस सुविधा का मकसद भारतीय निर्यातकों को वैश्विक ग्राहकों से अंतरराष्ट्रीय भुगतान स्वीकार करने में मदद करना और उनकी वैश्विक प्रतिस्पर्धी क्षमता को बढ़ाना है। जेपीएसएल की नई सुविधा के जरिये घरेलू निर्यातक वर्चुअल खातों, अंतरराष्ट्रीय कार्ड और स्थानीय भुगतान माध्यमों से विदेशी ग्राहकों से भुगतान प्राप्त कर सकेंगे।



## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सेंसेक्स 813 अंक लुढ़का



*मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में 9 सितंबर को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में भारी बिकवाली का दौर जारी रहा। आईटी और बैंकिंग शेयरों में चौतरफा मंदी के चलते दोनों मुख्य सूचकांक बड़े नुकसान के साथ लाल निशान पर बंद हुए। दिन भर चले तगड़े दबाव के कारण सेंसेक्स 800 से अधिक अंक टूट गया, जबकि निफ्टी 50 भी 23,500 के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे फिसलन दर्ज करते हुए बंद हुआ।*

कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 813.35 अंक की भारी गिरावट के साथ 74,764.23 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 203.60 अंक (टूटकर 23,431.50 पर आ गया। बाजार में चौतरफा बिकवाली के बीच 1,815 शेयरों में बढ़त रही, जबकि 2,372 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए और 174 शेयरों के दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**आईटी शेयरों में भारी हाहाकार, पर अडानी और टाटा स्टील चमके**-निफ्टी50 हीटमैप के आंकड़ों के अनुसार, आज सबसे ज्यादा तबाही आईटी सेक्टर के दिग्गजों में देखी गई। इन्फोसिस (-4.34 प्रतिशत) और एचसीएल टेक (-3.70प्रतिशत) निफ्टी के सबसे बड़े लूजर्स साबित हुए।

**टॉप गेनर्स ( तेजी वाले शेयर )**- मंदी के माहौल में भी अडानी एंटरप्राइजेज +5.13 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ 3,104.70 पर बंद होकर टॉप गेनर रहा। इसके अलावा, मैक्स हेल्थकेयर(+4.48प्रतिशत),अडानी पोर्ट्स(+3.80 प्रतिशत), कोल इंडिया (+2.56 प्रतिशत),टाटा स्टील (+2.50 प्रतिशत) और हिंडाल्को (+1.77 प्रतिशत) के शेयरों में भी तगड़ी खरीदारी दर्ज की गई।

**टॉप लूजर्स ( गिरावट वाले शेयर )**-इंफोसिस और एचसीएल टेक के अलावा एचडीएफसी लाइफ (-3.71प्रतिशत)), टेक महिंद्रा (-3.27 प्रतिशत),विप्रो (-2.62 प्रतिशत)), एचडीएफसी बैंक (-2.26 प्रतिशत),टीसीएस (-2.11प्रतिशत) और रिलायंस इंडस्ट्रीज (-1.23 प्रतिशत) में बिकवाली का भारी दबाव रहा।

मेटल और एनर्जी सेक्टर्स ने बचाई लाज-सेक्टोरल फ्रंट पर केवल निफ्टी मेटल (+1.8 प्रतिशत) और एनर्जी (+0.6 प्रतिशत) इंडेक्स ही हरे निशान में बंद होने में कामयाब रहे। इसके विपरीत, निफ्टी आईटी इंडेक्स 3 प्रतिशत से ज्यादा टूटकर बाजार का सबसे बड़ा विलेन बना। इसके अलावा रियल्टी इंडेक्स में 2 प्रतिशत तथा मीडिया, एफएमसीजी और प्राइवेट बैंक इंडेक्स में लगभग 1-1 प्रतिशत की गिरावट आई।

## महंगे क्रूड का असर! सोने में गिरावट, चांदी चमकी



*नयी दिल्ली।* कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई की चिंता और ब्याज दर बढ़ने की उम्मीद बढ़ी है। जिससे सोने पर दबाव पड़ सकता है। हालांकि, महंगाई से बचाव के साधन के रूप में सोने की मांग बनी हुई है। अगस्त में निवेश और हेजिंग मांग बढ़ने के साथ चीन समेत केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीदारी से सोने में मजबूत तेजी दर्ज हुई। कॉमैक्स

बुधवार (9 सितंबर) को सोने में गिरावट, जबकि चांदी में तेजी देखने को मिल रही है। ग्लोबल मार्केट कॉमैक्स पर सोना 4,415 डॉलर प्रति औंस के करीब, जबकि चांदी 66.60 डॉलर प्रति औंस के करीब कारोबार कर रही है। घरेलू मार्केट एमसीएक्स पर खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 1,52,350 रुपये, जबकि चांदी के भाव 2,39,700 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट 399 रुपये की गिरावट के साथ 1,52,180 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,52,579 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 210 रुपये की गिरावट के साथ 1,52,369 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,52,400 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,52,101 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,80,779 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही । एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट 193 रुपये की तेजी के साथ 2,39,620 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 2,39,427 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 273 रुपये की तेजी के साथ 2,39,700 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 2,39,765 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 2,39,081 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 4,20,048 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना चांदी सुस्त**- अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव सुस्ती के साथ कारोबार कर रहे हैं। कॉमैक्स पर सोना 4,399 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 4,439 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 22.90 डॉलर की गिरावट के साथ 4,416.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के भाव ने इस साल 5,586.20 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। कॉमैक्स पर चांदी के वायदा भाव 66.44 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला क्लोजिंग प्राइस 67 डॉलर था।

## ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर के पार

### 115 डॉलर तक जाने का अनुमान

*नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। बुधवार को ब्रेंट क्रूड वायदा करीब 2 फीसदी चढ़कर कारोबार के दौरान 100.19 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। इससे पहले ब्रेंट क्रूड 25 मई 2026 को 100 डॉलर के ऊपर था। यानी करीब साढ़े तीन महीने बाद कच्चे तेल ने फिर यह स्तर पार किया है। जून के आखिर में ब्रेंट क्रूड की कीमत गिरकर 70.14 डॉलर प्रति बैरल तक आ गई थी। इसके बाद से इसमें करीब 43 फीसदी की तेजी आ चुकी है। इस तेजी की सबसे बड़ी वजह अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव और पश्चिम एशिया से तेल की सप्लाई को लेकर चिंता है।*



**कच्चा तेल क्यों हो रहा महंगा?**-चॉइस ब्रोकिंग की कमोडिटी फंडामेंटल एनालिस्ट पिंकी यादव के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है। अमेरिका ने खार्ग द्वीप के पास ईरानी तेल टैंकरों पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान की ओर से मिसाइल हमले हुए। वहीं, हूती लड़ाकों ने सऊदी अरब की जजान रिफाइनरी को भी निशाना बनाया। होर्मुज जलडमरूमध्य में सप्लाई प्रभावित होने के कारण चीन भी दूसरे देशों से ज्यादा तेल खरीद रहा है। इससे अफ्रीका, कनाडा और लैटिन अमेरिका से आने वाले कच्चे तेल की कीमतों पर भी दबाव बढ़ा है।

**एशिया की रिफाइनरियों पर भी असर**-मिराए एसेट शेयरखान के रिसर्च एनालिस्ट मोहम्मद इमरान के मुताबिक, 2026 में डीजल जैसे पेट्रोलियम उत्पादों की सप्लाई में बड़ी कमी देखने को मिल रही है। अमेरिका-ईरान संघर्ष और होर्मुज में रुकावट के कारण पश्चिम एशिया से एशियाई देशों तक तेल पहुंचने में दिक्कत आ रही है।

## ईवी की बिक्री ने पकड़ी रफ्तार

### अगस्त में ई-कारों की बिक्री 52 प्रतिशत और दोपहिया की 67 प्रतिशत बढ़ी

*नयी दिल्ली।* देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में लगातार वृद्धि हो रही है। त्योहारी सीजन से ठीक पहले अगस्त में इलेक्ट्रिक यात्री वाहन और दोपहिया की बिक्री में सालाना आधार पर मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि, तीमाही आधार पर इनके पंजीकरण में मामूली कमी आई है।



फेडरेशन ऑफ ऑटो-मोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) के आंकड़ों के अनुसार अगस्त में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले साल की 20,213 गाड़ियों की तुलना में 51.9 फीसदी बढ़कर 30,696 गाड़ियों पर पहुंच गई है। कुल यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी बढ़कर अब 7.6 फीसदी हो चुकी है जो पिछले साल अगस्त में 5.8 फीसदी थी। इलेक्ट्रिक दोपहिया श्रेणी में इससे भी तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इनका पंजीकरण 67.1 फीसदी की बढ़त के साथ 1,83,204 वाहनों पर पहुंच गया है, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 1,09,628 यूनिट पर था। दोपहिया वाहन श्रेणी में ईवी विस्तार पिछले साल के 7.7 फीसदी के मुकाबले 10.7 फीसदी की गति से हुआ है। हालांकि, दोनों ही श्रेणियों में जुलाई माह की तुलना में थोड़ी नरमी दर्ज की गई है। इलेक्ट्रिक यात्री वाहन पंजीकरण में मासिक स्तर पर 6.8 फीसदी की गिरावट आई है, जबकि इलेक्ट्रिक दोपहिया में यह कमी 10.4 फीसदी तक देखी गई है। जुलाई में बाजार पैठ क्रमशः 7.9 फीसदी और 11.2 फीसदी रही, जो इस बार थोड़ी कम रही। फाडा के सीईओ, सहर्ष दामानी ने कहा, 'अगस्त में पंजीकरण में नरमी का कारण आगे त्योहारी सीजन हो सकता है। आमतौर पर त्योहारों से पहले ऐसा ठहराव आता है। इसलिए यह कोई असामान्य बात नहीं है।' अगस्त का महीना आम तौर पर धीमा रहता है, क्योंकि इस दौरान कोई बड़ा त्योहार नहीं होता और न ही आर्थिक गतिविधियों में मौसमी उछाल दिखाई देता है।

## एसबीआई ने निकाली 207 पदों पर वैकेंसी

**मुंबई।** बैंक में नौकरी पाने के लिए तैयारी कर रहे योग्य उम्मीदवारों के लिए एसबीआई सुनहरा मौका दे रही है। साल 2026 में एसबीआई ने 207 स्पेशलिस्ट कैडर ऑफिसर पदों के लिए वैकेंसी निकाली है। इन खाली पदों में जोनल हेड, रीजनल हेड, रिलेशनशिप मैनेजर-टीम लीड, इन्वेस्टमेंट ऑफिसर, वाइस प्रेसिडेंट-वेल्थ और असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट-वेल्थ जैसे पद शामिल हैं। इच्छुक उम्मीदवार 25 सितंबर तक बैंक की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए आवेदन कर सकते हैं।

### मुद्रा बाजार

#### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 95. 11 |
| एक यूरो | 110. 59 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 128. 52 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 68. 47 |
| एक जापानी येन | 0. 62 |

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 106 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 134 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-146 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स - 85 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सतना बाजार भाव

#### सराफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सोना फाइन | 1,44,000 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| सोना जेवर | 1,38,000 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी जेवर | 2,100 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी फाइन | 2,30,000 रु. | प्रति किलो |

#### दाल- किराना भाव

- भाव प्रति किलो -
- भाव प्रति किलो -

अरहर ऊंची 110 अरहर मीडियम 100, उड़द ऊंची 110, उड़द धुली 115, मूंग खड़ी 100, मूंग धुली -110, चना 80-90, मसूर खड़ी 80, मसूर दाल 85-90

- भाव प्रतिकिलो -

धनियां खड़ी 100, धनियां पिसी 185, जीरा ऊंचा 270, जीरा मीडियम 260, हल्दी खड़ी 150, हल्दी पिसी 250, मूंगफली ऊंची 140, मूंगफली मीडियम 120, लाल मिर्च खड़ा 180, लाल मिर्च पिसी 280, जायफल-850, जावित्री-2400, तेज पत्ता-100, चैली-240, राई-120,

#### लोहा वाला ट्रेडर्स

प्रो. हरिशंकर तिवारी मो.नं. 7049440762

- भाव प्रति किलो -

रायपुर- 8 एमएम -50.50, 10 एमएम -48.50, 12 एमएम -48.50, 16 एमएम -48.50

कामधेनू- 8 एमएम -55.50, 10 एमएम -53.50, 12 एमएम -53.50, 16 एमएम -53.50

## भारत का एलपीजी आयात छह माह में 281 प्रतिशत बढ़ा

*नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में युद्ध और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने का असर अब भारत के रसोई गैस बाजार पर साफ दिखाई दे रहा है। पिछले छह महीनों में भारत के एलपीजी आयात का नक्शा ही बदल गया है।*

जो अमेरिका कुछ महीने पहले भारत की एलपीजी जरूरत का छोटा हिस्सा पूरा करता था, वह अब सबसे बड़ा करीब तीन गुना बढ़ा आपूर्तिकर्ता बन गया है। मार्च से अगस्त 2026 के बीच भारत के कुल एलपीजी आयात में अमेरिका की हिस्सेदारी बढ़कर 53 फीसदी हो गई। सितंबर 2025 से फरवरी 2026 के दौरान यह सिर्फ 7.9 फीसदी थी। यानी छह महीने में अमेरिकी हिस्सेदारी करीब सात गुना हो गई। **असली वजह है होर्मुज**- भारत की एलपीजी जरूरत का ई करीब 60 फीसदी हिस्सा आयात से पूरा होता है। सामान्य स्थिति में भारत के करीब 90 फीसदी एलपीजी आयात पश्चिम एशिया से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते आते हैं। युद्ध के कारण इस अहम समुद्री मार्ग पर जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई और भारत को वैकल्पिक स्रोत तलाशने पड़े। केप्लर के शिपिंग आंकड़ों के मुताबिक, मार्च-अगस्त में भारत ने कुल 71.4 लाख टन एलपीजी आयात की।

## अब क्या घटेंगे चीनी के दाम? घरेलू बाजार में 2.5 लाख टन स्टॉक बेचेंगी रिफाइनरियां

*मुंबई। त्यौहारों के सीजन में जहां चीनी का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है, उसी मौसम में चीनी की कीमतों ने होश उड़ा दिए हैं. चीनी की कीमतों में इजाफा होते देख कई लोगों को लग रहा था कि अब त्यौहारों की मिठास कम पड़ जाएगी. लेकिन सरकार और शुगर रिफाइनरीज मिलकर लोगों को थोड़ी राहत देने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं. इसी कड़ी में अब शुगर रिफाइनरीज घरेलू बाजार में कई लाख टन चीनी बेचने वाली है.*

दरअसल हाल ही में श्री रेणुका शुगर्स के एमडी और सीईओ सुशील कुमार ने कहा है कि भारतीय रिफाइनरियां घरेलू बाजार में करीब ढाई लाख टन चीनी बेचने की प्लानिंग कर रही हैं. जिससे कि बाजार में चीनी के दामों पर लगाम लगाई जा सके.

**क्यों की जा रही ये कवायद?**-सरकार और शुगर रिफाइनरीज चाहती हैं कि इस त्यौहरी सीजन में किसी के भी त्यौहार की मिठास कम ना हो, ऐसे में उनसे जितना हो पा रहा है उस हिसाब से चीनी के दामों को कम करने की कोशिश की जा रही है. चीनी का ये ढाई लाख टन स्टॉक बेचने का फैसला भी इसी के चलते लिया गया है. हालांकि कुछ दिन पहले ही चीनी के दामों में गिरावट भी देखने को मिली थी. उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने ताजा आंकड़े पेश कर कुछ दिन पहले ही बताया था कि देश में चीनी का औसत खुदरा भाव पिछले हफ्ते के 65.08 रुपये से घटकर 62.57 प्रति किलो पर आया है.

**जनता को नहीं मिली राहत**-हैरान करने वाली बात ये है कि चीनी के थोक रेट 17 रुपये प्रति किलो तक गिर गए हैं. लकिन फिर भी जनता को कोई राहत अब



तक नहीं मिली है. मिल स्तर पर चीनी के दामों में 17 से 20 रुपये प्रति किलो तक की भारी गिरावट आई. बावजूद इसके गली-मोहल्ले में परचून की दुकानों पर आम आदमी को सिर्फ 2 से 3 रुपये कम रेट पर चीनी मिल रही है.

## अमेरिका-कनाडा के बीच गहराया ट्रेड वॉर

### अमेरिका ने डेयरी प्रोडक्ट्स, शराब और मोटरसाइकिलों पर लगाया बैन

*मुंबई। अमेरिका ने कनाडा से आने वाले डेयरी प्रोडक्ट्स, ज्यादातर शराब और मोटरसाइकिलों पर बैन लगाने की घोषणा की है। वाइट हाउस ने मंगलवार को बताया कि ये बैन 3 हफ्तों में लागू होगा। इससे पहले, मंगलवार को कनाडा ने अमेरिका से इंपोर्ट होने वाले 20 अरब डॉलर के सामान पर जवाबी टैरिफ लगा दिया था। इन कदमों से दोनों देशों के बीच ट्रेड वॉर और तेज हो गया है।*

**डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी जनरल सर्विसेस एडमिनिस्ट्रेशन को दिए निर्देश**-कनाडा के जवाबी टैरिफ लागू होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के सामानों को अमेरिका की बड़ी और लॉन्ग टर्म सरकारी खरीद से बाहर करने की दिशा में मंगलवार को कदम उठाया। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी जनरल सर्विसेस एडमिनिस्ट्रेशन को निर्देश दिया कि वो कनाडा के प्रोडक्ट्स को इन सरकारी कॉन्ट्रैक्ट के लिए तब तक अयोग्य घोषित करे जब तक कनाडा, अमेरिकी प्रोडक्ट्स के लिए पूर्ण एवं उचित पारस्परिकता की अनुमति नहीं देता।



**आत्मनिर्भर बनने की रणनीति पर काम करेगा कनाडा**- वहीं, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिका पर देश की निर्भरता कम करने की कोशिशों में तेजी लाने का संकल्प जताया। मार्क कार्नी ने इससे पहले, मंगलवार को कहा था कि कनाडा की रणनीति ज्यादा आत्मनिर्भर बनने की है। उन्होंने कहा, ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि ये सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी देश हमें बंधक न बना सके और हम अपनी जिंदगी अपनी इच्छा के मुताबिक जी सकें।

**यूरोपियन यूनियन के साथ संबंधों की संभावनाएं तलाशेगा कनाडा**-कनाडा के एक अधिकारी ने बताया कि कनाडा यूरोपियन यूनियन के साथ ऐसे संबंधों की संभावनाएं तलाश रहा है, जो सदस्यता से थोड़ा कम स्तर के हो सकते हैं। इन विकल्पों में मौजूदा समझौतों का विस्तार, नई संधि पर बातचीत या सहयोग के अन्य रूप विकसित करना शामिल हो सकता है। अधिकारी ने कहा कि कनाडा पहले से ही प्रांतों, क्षेत्रों और श्रमिक संगठनों से इस बारे में विचार-विमर्श कर रहा है कि यूरोपियन यूनियन के साथ गहरे संबंध किस रूप में हो सकते हैं, लेकिन अभी किसी मॉडल का चयन नहीं किया गया है।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है।
अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक मिश्रा** द्वारा श्रीजी प्रिंटर्स नौदरा ब्रिज जबलपुर से मुद्रित सैमरिया चौक रीवा रोड सतना म.प्र. से प्रकाशित। फोन 0761-4085031, सम्पादक- **मोहन सुरजन,** पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार), मानसेवी सलाहकार सम्पादक-**नियाज खान,** स्थानीय संपादक-**कपिल चौरसिया,** रीवा कार्यालय: चौरसिया बिल्डिंग, अमहिया रोड रीवा म.प्र. फोन-07662-406671 आर.एन.आई पंजी.क्रमांक **38532/85,** डाक पंजीयन-रीवा संभाग/16/2009-2011

# उपमुख्यमंत्री के निवास पर कथित उपद्रव की व्यापारियों ने की निंदा



## साई मंदिर से निकाला मौन जुलूस

**रीवा देशबन्धु।** उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के रीवा स्थित निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कथित उपद्रव और शहर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे सवालों के विरोध में रीवा शहर के व्यापारियों ने मौन जुलूस निकाला।

साई मंदिर से शुरू हुआ मौन जुलूस नगर के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरा। इसमें फुटकर विक्रेताओं, ठेला–घूमटी संचालकों सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया। व्यापारियों ने कांग्रेस की कथित अराजक एवं असंसदीय गतिविधियों की निंदा की।

## कहा–रीवा की चिकित्सा व्यवस्था से पूरे विंध्य को मिलता है लाभ

व्यापारी नेता नरेश काली ने कहा कि रीवा की स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पूरे विंध्य क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है। बाहर से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के कारण होटल, ऑटो, चाय–नाश्ता, फुटकर व्यापार और अन्य स्थानीय व्यवसायों को भी आर्थिक गतिविधियों का लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि यदि स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर नकारात्मक वातावरण बनाया जाता है तो इसका सीधा असर रीवा के स्थानीय व्यापार पर पड़ सकता है। व्यापारी कमलेश सचदेवा ने कहा कि रीवा की चिकित्सा व्यवस्था लगातार आधुनिक और सुविधायुक्त हो रही है। बड़ी संख्या में मरीज सरकारी अस्पतालों में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे रीवा की चिकित्सा व्यवस्था पर लोगों का भरोसा भी दिखाई देता है।

मौन जुलूस में गणेश अग्रवाल, घनश्याम टंकर, सुनील अग्रवाल, बंसी साहू, राजन वर्मा, अतुल जैन, नरेंद्र गुप्ता, मनोज अग्रवाल, जयंत खन्ना, प्रकाश तरणी, नंदलाल तंबाकड़, राजा आहूजा, अनिल बुधनी, धनंजय सोनी, पंकज जैन, अनिल श्रीवास्तव, संजीव गुप्ता, संजय चावला सहित बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल रहे।



# सेमरिया विधायक अभय मिश्रा भोपाल में गिरफ्तार

## कल्पना मामले में मंत्रालय के सामने दिया था धरना...



**रीवा देशबन्धु।** गांधी मेमोरियल अस्पताल में प्रसूता कल्पना मिश्रा उसके नवजात बच्चे की मौत का मामला अब राजधानी भोपाल तक पहुंच गया है। रीवा में लगातार आठ दिनों से चल रहे उग्र प्रदर्शनों के बाद बुधवार को सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा भोपाल में मंत्रालय के सामने मौन धरने पर बैठ गए। हालांकि धरना शुरू होने के कुछ ही देर बाद भोपाल पुलिस ने उन्हें जबरन उठाकर गिरफ्तार कर लिया है। अपनी गिरफ्तारी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए विधायक अभय मिश्रा ने प्रदेश की भाजपा सरकार को दमनकारी सरकार और लोकतंत्र का हत्यारा करार दिया है।

ज्ञात हो कि रीवा में युवाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हुए पुलिसिया बल प्रयोग के बाद विधायक अभय मिश्रा न्याय की मांग को लेकर भोपाल पहुंचे थे। वे आज सुबह 11.00 बजे करीब वल्लभ भवन मंत्रालय के सामने कद्दे तकिए लेकर मौन धरने पर बैठ गए। मंत्रालय के सामने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस वहां पहले से मौजूद थी। विधायक के बैठते ही पुलिस ने उन्हें वहां से हटने को कहा और जैसे ही उन्होंने मना किया तो पुलिस बल ने उन्हें जबरन उठाकर पुलिस वाहन में बैठाया और हिरासत में ले लिया। बता दें कि रीवा से शुरू हुआ यह जच्चा–बच्चा मौत का मामला मध्य प्रदेश की सियासत का सबसे बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है और भोपाल में हुई इस गिरफ्तारी के बाद अब कांग्रेस आंदोलन को और अधिक उग्रित करने की रणनीति बना रही है।

## सार-समाचार

### प्रभारी मंत्री ने किए मां शारदा के दर्शन



**सतना, देशबन्धु।** प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बुधवार को सुबह मैहर पहुंच कर मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना किया। उन्होंने पूजन कर देश एवं प्रदेश की सुख–समृद्धि की कामना की। मंदिर समिति द्वारा नगरीय विकास एवं आवास मंत्री विजयवर्गीय का माई की चुनरी भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान मैहर भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, सतना जिला अध्यक्ष भगवती पांडेय, संतोष सोनी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवकों ने मां मंदाकिनी घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान



**चित्रकूट, देशबन्धु।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने बुधवार को कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में स्फटिक शिला एवं मां मंदाकिनी घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर घाट एवं आसपास के क्षेत्र की साफ–सफाई की तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान में रवि शंकर रैकवार, सिवानी बागरी, साधना सिंह, दुर्गेश मिश्रा, प्राण शूलोधी, सोनाली सिंह सहित अन्य स्वयं सेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इन स्वयंसेवकों ने कहा कि धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना समाज के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी है।

### हरीशकांत त्रिपाठी को मातृ शोक



**रामपुर बाघेलान, देशबन्धु।** जिला पंचायत वन समिति के सभापति हरीशकांत त्रिपाठी की माता सियादुलारी त्रिपाठी का रविवार को 89 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने दी अंतिम संस्कार प्रयागराज में किया गया। समस्त कार्यक्रम मणिमंडप मैरिज हाल के पास गोडहर निवास से किया जायेगा। उनके निधन का समाचार मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गई।

### अवैश शराब बिक्री पर पुलिस ने की कार्रवाई

**रीवा देशबन्धु।** जवा पुलिस ने बुधवार को विशेष अभियान चलाकर अवैश शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई किया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अलग–अलग स्थानों से 71 लीटर हाथ भट्टी की बनी हुई महुआ की शराब जब्त किया है। वहीं मौके से प्राप्त करीब 3 क्विंटल लाहन को नष्ट किया गया। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 14200 रुपये एवं लाहन की कीमत लगभग 15,000/– रुपये का आकी गई है। उपरोक्त कार्यवाही में 9 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए

# कुमकी हाथियों और तकनीकी टीम की मदद से होगा ई–5 हाथी का रेस्क्यू



**सतना, देशबन्धु।** मैहर जिले में आदमखोर ई–5 हांथी को रेस्क्यू करने के लिए वन विभाग ने बुधवार से संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से दो प्रशिक्षित कुमकी हांथी मौके पर पहुंच चुके हैं, जबकि दो और कुमकी हाथियों को बुलाया गया है। कुमकी हाथियों और तकनीकी टीम की मदद से ई–5 को सुरक्षित पकड़ने की रणनीति पर काम किया जा रहा है।

**डैम को पार कर के पहुंचा**

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से निकला हिंसक हाथी %ई–5' बाणसागर डैम का करीब 5 किलोमीटर गहरा पानी तैरकर मैहर वनमंडल की सीमा में पहुंच गया। जीपीएस कॉलर से निगरानी में आ रहा हाथी अमरपाटन के ललुआ बीट, रामनगर के पुरैना गांव होते हुए गोरसरी पहाड़ी क्षेत्र के आसपास विचरण कर रहा है।

**रिहायशी इलाकों में हमले का खतरा**

विशेषज्ञों के मुताबिक ई–5' का व्यवहार आक्रामक रहा है। इसके चलते आसपास के गांवों और बस्तियों में लोगों और मवेशियों पर हमले का खतरा बना हुआ है। स्थिति को देखते हुए मैहर कलेक्टर ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं।

**गांवों में मुनादी, लोगों को जंगल जाने से रोका:** एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, जनपद सीईओ, सीएमओ और अमरपाटन, रामनगर व मैहर थाना प्रभारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने को कहा गया है। संभावित विचरण वाले गांवों में पुलिस और होमगार्ड लाउडस्पीकर से मुनादी कर ग्रामीणों को खेत और जंगल की ओर नहीं जाने की सलाह दे रहे हैं।



### कच्चे मकानों से लोगों को सुरक्षित जगह किया शिफ्ट

कच्चे मकानों और झुग्गियों में रहने वाले ग्रामीणों को सुरक्षित पक्के मकानों, पंचायत भवनों और सामुदायिक भवनों में शिफ्ट किया जा रहा है। पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और कोटवारों को प्रभावित इलाकों में लगातार निगरानी रखने और ग्रामीणों से संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# अज्ञात वाहन के कुचलने से 10 गायों की मौत

## रीवा–सीधी नेशनल हाईवे 39 पर दर्दनाक हादसा



**रीवा देशबन्धु।** नेशनल हाईवे 39 पर कसई पेट्रोल पंप के पास एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां सड़क पर बैठी कई गायों को एक अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे में करीब 10 गायों की मौत हो चुकी है, जबकि 2 अन्य गायें गंभीर रूप से घायल हुईं और उनकी हालत भी बेहद खराब बताई जा रही है। हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर मृत गोवंश के पड़े होने से राहगीरों में भी नाराजगी देखने को मिल रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के बाद काफी समय बीत जाने के बावजूद हाईवे से मृत गायों को हटाने की समुचित व्यवस्था नहीं की गई। घटना ने नेशनल हाईवे पर आवारा गोवंश की सुरक्षा, गौशाला की व्यवस्था और सड़क प्रबंधन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर आए दिन मवेशियों के सड़क पर बैठने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है, लेकिन इसके बावजूद ह॥ और संबंधित टोल प्लाजा प्रबंधन की ओर से गोवंश को हाईवे से हटाने अथवा दुर्घटना की स्थिति में तत्काल कार्रवाई की पर्याप्त व्यवस्था नजर नहीं आ रही है। राहगीरों का कहना है कि सड़क पर पड़े मृत गोवंश से अन्य वाहन चालकों के लिए भी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

# सड़क के अभाव में महिला की मौत

## नहीं ले जा सके परिजन उपचार को



**रीवा देशबन्धु।** जिले में एक बार विकास के दावों की सच्चाई बया करती एक तस्वीर सामने आई है, यह सड़क ना होने से महिला को उपचार के लिए ले जाने में देरी हुई जिसके चलते महिला की मौत हो गई। जिले के ग्राम पाली थाना बैकुंठपुर क्षेत्र की निवासी लक्ष्मी कोल, पति नागेश्वर कोल, पिछले करीब चार–पाँच दिनों से बीमार थीं।

परिजनों के अनुसार, गांव में उचित सड़क एवं आवागमन की सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें अस्पताल ले जाने में काफी परेशानी और देरी का सामना करना पड़ा दुर्भाग्यवश, आज लक्ष्मी कोल की मृत्यु हो गई। परिवार का आरोप है कि गांव की खराब सड़क एवं आवागमन की समस्या के कारण उन्हें समय पर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने में कठिनाई हुई। यह घटना ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क, स्वास्थ्य सुविधाओं और सुगम आवागमन की आवश्यकता को गंभीरता से सामने लाती है। परिजनों ने प्रशासन से मांग कि है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और ग्राम पाली में सड़क एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को तत्काल बेहतर किया जाए, ताकि भविष्य में किसी परिवार को ऐसी पीड़ा का न झेलना पडे।

# ट्रक व बुलट बाइक की टक्कर, दोनों में लगी आग



**रीवा देशबन्धु।** मऊगंज हाइवे में मंगलवार की देर रात सड़क किनारे खड़ी बाइक को ट्रक ने ठोकर मार दिया। टक्कर लगते ही दोनों वाहनों में आग लग गई। इस दौरान बाइक व ट्रक चालक दोनों सुरक्षित बच गये हैं। वाहन हाइवे पर धू–धू कर घंटों जलते रहे। बाद में मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि मऊगंज निवासी सतेन्द्र गुप्ता अपनी बाइक बुलट से घर की ओर जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने बाइक को सड़क किनारे खड़ी कर दिया और लघूशंका करने चले गये। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगते ही दोनों वाहन आग का गोला बन गये। ट्रक चालक किसी तरह

### मऊगंज हाइवे पर देर रात हुई टक्कर से मचा हड़कंप

कूद कर अपनी जान बचाया। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान हाइवे में आवागमन भी बाधित रहा, जो आग बुझने के बाद शुरू हो सका।

# प्रभारी मंत्री ने बांटे चेक व शैक्षणिक सामग्री



**सतना, देशबन्धु।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बुधवार को चित्रकूट पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित 5 परिवारों को 1.20 लाख की सहायता राशि के चेक प्रदान किए। इसके साथ ही बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी–किताबें और अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की । मंत्री ने प्रभावित परिवारों को राशन और कंबल भी बांटे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान जिला कलेक्टर डॉ. सतीष कुमार एस, एसपी हंसराज सिंह, सीईओ शैलेन्द्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 'न्याय सत्याग्रह' या छप्पन भोग का उत्सव ?

## कांग्रेस की 'शाही मेहमाननवाजी' का वीडियो वायरल....



**रीवा देशबन्धु।** स्वास्थ्य व्यवस्था की कथित लापरवाही के कारण अपनी जान गंवाने वाली कल्पना मिश्रा की मौत के बाद जहां पूरा विंध्य क्षेत्र आक्रोशित है, वहीं इस मामले पर राजनीति चमकाने उतरी जिला कांग्रेस कमेटी का एक ऐसा वीडियो वायरल हुआ है जिसने हर संवेदनशील दिल को झकझोर कर रख दिया है। एक तरफ एक बेबस और लाचार पिता अपनी मृत बेटी को न्याय दिलाने के लिए पिछले सात दिनों से बिना अन्न–जल ग्रहण किए आमरण अनशन पर बैठा हुआ है। उसके हलक से पानी की एक बूंद नहीं उतरी है, आंखें पथरा चुकी हैं और शरीर जवाब दे रहा है। वहीं दूसरी तरफ, इसी पीड़ित पिता को %न्याय% दिलाने का ढोंग रचने वाले कांग्रेस के बड़े नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के स्वागत में कांग्रेसियों ने मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ दी हैं। फिलहाल सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि जिस आंदोलन को %न्याय सत्याग्रह% का नाम देकर सरकार को घेरा जा रहा था, वह असल में एक शाही भोज में तब्दील हो चुका है। खाने की टेबल पर किसी शोक या धरने का माहौल नहीं, बल्कि उत्सव जैसा नजारा है, जहां तरह–तरह के पकवान परोसे जा रहे हैं। कांग्रेस की महिला नेत्रियां गंभीर राजनीतिक या सामाजिक मुद्दे पर बात करने के बजाय, खाने की टेबल पर ही वरिष्ठ नेताओं की आवभगत में लच्छेदार लोकगीत गाती नजर आ रही हैं।पीड़ित परिवार के दुख को भुलाकर नेताजी भी इन गीतों और छप्पन भोग का पूरा आनंद लेते और मुस्कुराते दिख रहे हैं। जनता अब यह सवाल उठा रही है कि जो नेता एक पीड़ित पिता के दर्द के समय अपने स्वाद पर नियंत्रण नहीं रख सकते वे उसे न्याय क्या दिलाएंगे?

# 'आप' नेता ने महिला एएसपी से की बदसलूकी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

## निजी 'सिटी हॉस्पिटल' में जांच के नाम पर घुसने का कर रहे थे प्रयास



**रीवा देशबन्धु।** सिरमौर चौराहा स्थित धरना स्थल से साथियों के साथ संजय गांधी अस्पताल के नए अधीक्षक डॉ. प्रियंक शर्मा के निजी संस्थान सिटी हॉस्पिटल पहुंचे आम आदमी पार्टी के नेता प्रमोद शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि अस्पताल परिसर में हंगामे के दौरान समझाइश देने पहुंचीं महिला एडिशनल एसपी के साथ आप नेता ने कथित तौर पर अभद्रता की और उन्हें चुप कराने का प्रयास किया। बाद में उन्हें साथियों सहित बिछिया थाने से छोड दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, प्रमोद शर्मा बिना किसी आधिकारिक अनुमति या अधिकार के सिटी हॉस्पिटल के भीतर जबरन प्रवेश करने और वहां की व्यवस्थाएं देखने की मांग कर रहे थे। निजी परिसर में नेताओं के अचानक दाखिल होने से अस्पताल में अफरा–तफरी और हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई। हंगामे की सूचना मिलते ही मौके पर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी स्थिति को संभालने पहुंचे। जब वहां मौजूद महिला एडिशनल एसपी ने कानून–व्यवस्था का हवाला देते हुए आप नेता को समझाने का प्रयास किया, तो दोनों पक्षों में तीखी बहस शुरू हो गई।

### पुलिस से हुई धक्का मुक्की

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बातचीत के दौरान आप नेता प्रमोद शर्मा ने महिला अधिकारी के साथ कथित तौर पर मर्यादित व्यवहार नहीं किया और उन्हें उंगली दिखाकर चुप कराने की कोशिश की। फिलहाल ऑन–ड्यूटी महिला पुलिस अधिकारी के साथ किए गए इस व्यवहार और अभद्रता से मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी नाराज हो गए।



कानून हाथ में लेने और पुलिस प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने के आरोप में पुलिस बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रमोद शर्मा को मौके पर ही हिरासत में ले लिया। इसके बाद उन्हें पुलिस वाहन में बिठाकर सीधे थाने ले जाया गया। बता दे की इस घटना के बाद अस्पताल परिसर और प्रशासनिक हलकों में तनाव की स्थिति देखी गई। पुलिस प्रशासन का कहना है कि शासकीय कार्य में बाधा डालने और ऑन–ड्यूटी अधिकारी से अभद्रता करने के मामले में नियमानुसार